राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 139
लखनऊ, सोमवार 19 जनवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



बार एसोसिएशन पलिया अध्यक्ष अधिवक्ता समेत अन्य पर मुकदमा दर्ज 12

विश्व में शान से लहरा रही सनातन की पताका : ब्रजेश पाठक 03


### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,34,550/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,31,600/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,77,00/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,92,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर जगदीप धनखड़ के काफिले की कार क्षतिग्रस्त



**नूंह।** हरियाणा के नूंह जिले से गुजर रहे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर रविवार को पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के काफिले की एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। थाना पिंनगवा क्षेत्र के गांव रिठठ के पास चैनल नंबर 41.100 पर यह हादसा तब हुआ, जब काफिला दिल्ली से जयपुर की ओर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, काफिला रिठट गांव के पास पहुंचा तो सामने चल रहे ट्रोला ने अचानक ब्रेक लगा दिया । जिस कारण पीछे चल रही कार ट्रोला से जा टकराई। इस दुर्घटना में वैगनार क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि इस हादसे में पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के काफिले की एक एस्कॉर्ट गाड़ी भी हादसे का शिकार हो गई ।एक्सप्रेसवे पर हुई इस दुर्घटना के कारण यातायात प्रभावित हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। राहत और बचाव कार्य तुरंत शुरू किए गए, जिससे किसी बड़े नुकसान से बचाव हो सका।

### आतंकवादियों से मुठभेड़ में तीन जवान घायल

**किश्तवाड।** रविवार को जम्मू-कश्मीर के किश्तवार जिले के ऊपरी इलाकों में स्थित एक दूरस्थ वन क्षेत्र में आतंकवादियों से हुई मुठभेड़ में तीन जवान घायल हो गए। आतंकवादियों को खदेड़ने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सेना के जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर द्वारा ऑपरेशन त्राशी-। नाम से शुरू किया गया यह अभियान दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुआ। अधिकारियों के अनुसार, तलाशी दल में से एक का सामना दो से तीन विदेशी आतंकवादियों के एक समूह से हुआ, जिनका कथित तौर पर पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से संबंध था। इन आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की और घेराबंदी तोड़ने के प्रयास में कुछ ग्रेनेड भी फेंके। अधिकारियों ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच कुछ देर तक रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। तीन सैनिक छर्रे लगने से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों को पकड़ने और खत्म करने के लिए एक बड़ा तलाशी अभियान जारी है।

### भाजपा सांसद मनोज तिवारी के घर में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता और भाजपा सांसद मनोज तिवारी के मुंबई स्थित घर से 5.40 लाख रुपये चोरी करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया चोर कुछ साल पहले मनोज तिवारी के घर पर नौकर था, जिसे निकाल दिया गया था। इस मामले की गहन छानबीन अंबोली पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि मनोज तिवारी के अंधेरी वेस्ट के शास्त्री नगर इलाके में स्थित सुंदरबन अपार्टमेंट में चोरी की शिकायत मनोज तिवारी के मैनेजर प्रमोद जोगेंद्र पांडे ने दर्ज कराई है। शिकायत में जोगेंद्र पांडे ने बताया कि बेडरूम में रखे कुल 5.40 लाख रुपये कैश चोरी हो गए। इसमें से जून 2025 में अलमारी में रखे 4.40 लाख रुपये पहले ही गायब हो चुके थे, लेकिन उस समय चोर का पता नहीं चला था। पुलिस ने शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपित सुरेंद्र कुमार दीनानाथ शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित सुरेंद्र कुमार को करीब दो साल पहले नौकरी से निकाल दिया गया था। सीसीटीवी के फुटेज में 15 जनवरी 2026 को रात करीब 9 बजे पूर्व कर्मचारी सुरेंद्र कुमार शर्मा घर में घुसते हुए और चोरी करते हुए साफ देखा जा सकता है। इसी वजह से आरोपित को गिरफ्तार किया गया है और आरोपित ने चोरी का गुनाह स्वीकार कर लिया है।

## मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

- चार करोड़ 52 लाख श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।**



माघ मेले के तृतीय स्नान पर्व मौनी अमावस्या से एक दिन पूर्व ही संगम तट पर आस्था और श्रद्धा का अद्वितीय दृश्य देखने को मिला। रविवार को प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं का विशाल जनसैलाब संगम क्षेत्र की ओर उमड़ पड़ा। मेला प्रशासन के अनुसार लगभग 4 करोड़ 52 लाख श्रद्धालुओं ने रविवार की देर शाम तक आस्था की डुबकी लगाई।

मेला प्रशासन के अनुसार सुबह आठ बजे तक एक करोड़ तीन लाख, 12 बजे तक तीन करोड़ 15 लाख, शाम चार बजे तक 3 करोड़ 82 लाख एवं छह बजे तक 4 करोड़ 36 लाख लोगों ने स्नान किया। इस प्रकार मौनी अमावस्या का स्नान पर्व सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुआ।

श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं माघ मेले के सुव्यवस्थित संचालन हेतु प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सभी वरिष्ठ अधिकारी कल रात्रि से ही मेला क्षेत्र में डटे रहे और निरंतर भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। इस दौरान अपर पुलिस महानिदेशक ज्योति नारायण, पुलिस महानिरीक्षक अजय मिश्र, मंडलायुक्त श्रीमती सौम्या अग्रवाल, पुलिस कमिश्नर प्रयागराज जोगेन्द्र कुमार, अपर पुलिस आयुक्त डॉ अजयपाल शर्मा, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मेलाधिकारी ऋषिराज तथा मेला पुलिस अधीक्षक नीरज पांडेय द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाते रहे। मेला प्रशासन की जानकारी के अनुसार प्रशासन द्वारा की गई सतर्क एवं सुनियोजित व्यवस्थाओं के सकारात्मक परिणामस्वरूप श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। बहरहाल, जगह-जगह रास्ता बंद करने से शहर वासियों को जरूर दिक्कतों का सामना करना पड़ा। श्रद्धालुओं की भीड़ पैदल जाते हुए दिखाई दी।

इस बार पंजीकृत रैपिडो बाइक सेवा ने भी श्रद्धालुओं को सुगमता से संगम क्षेत्र तक पहुंचाने हेतु संचालित रैपिडो बाइक सेवा के माध्यम से विभिन्न पिकअप प्वाइंटों से संगम क्षेत्र के निकटतम पार्किंग स्थलों तक हजारों लोगों को पहुंचाया गया।

## दो लाख से अधिक परिवारों को मिली अपने घर की पहली सौगात

- सीएम योगी के एक क्लिक पर 4366 लाभार्थियों के खाते में आए 1-1 लाख रुपये

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में 2,09,421 स्वीकृत लाभार्थियों के खातों में पहली किस्त की धनराशि हस्तांतरित कर दी गई।

रविवार को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डीबीटी के माध्यम से पहली किस्त जारी की और इसे गरीब, मध्यम वर्ग तथा शहरी जरूरतमंद परिवारों के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि प्रत्येक नगर निकाय में नोडल अधिकारी तैनात कर यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी लाभार्थी के साथ किसी भी स्तर पर कोई गड़बड़ी न हो। निर्माण सामग्री समय पर, गुणवत्ता युक्त और उचित दर पर उपलब्ध कराई जाए, वहीं किस्तों का भुगतान भी तय समय-सीमा में किया जाए।

### पश्चिम बंगाल में 830 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ कर बोले पीएम-

## पूर्वी भारत के विकास से ही बनेगा विकसित भारत

- पीएम ने 830 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन, शिलान्यास व शुभारंभ

**एजेंसी, सिंगूर।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूर्वी भारत, विशेषकर पश्चिम बंगाल का तेज और समावेशी विकास अनिवार्य है। बंदरगाह, जलमार्ग, रेलवे और मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के मजबूत ढांचे के बिना न तो औद्योगिक विस्तार संभव है और न ही युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन। केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल को मैन्युफैक्चरिंग, ट्रेड और लॉजिस्टिक्स का वैश्विक हब बनाने के लिए बीते 11 वर्षों से निरंतर निवेश कर रही है।

प्रधानमंत्री ने रविवार को पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के सिंगूर में 830 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और शुभारंभ किया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य राज्य में अंतर्देशीय जलमार्ग, बंदरगाह आधारित अवसंरचना, रेल कनेक्टिविटी और हरित परिवहन को मजबूत करना है। इन परियोजनाओं में हुगली नदी पर बालागढ़ में विकसित किया जा रहा विस्तारित पोर्ट गेट सिस्टम शामिल है। इस परियोजना के तहत इनलैंड वॉटर ट्रांसपोर्ट (आईडब्ल्यूटी) टर्मिनल और रोड ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। यह परियोजना श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि करेगी। इसके माध्यम से माल ढुलाई का एक बड़ा हिस्सा कोलकाता शहर से बालागढ़ की ओर स्थानांतरित होगा, जिससे महानगर में यातायात जाम, प्रदूषण और लॉजिस्टिक दबाव में कमी आएगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने कोलकाता में हाइब्रिड-इलेक्ट्रिक कैटामरैन का शुभारंभ भी किया। विशेष एल्युमीनियम से निर्मित इस आधुनिक नौका में 50 यात्रियों की क्षमता है और इसमें एयर-कंडीशन्ड केबिन की सुविधा उपलब्ध है। जीरो-एमिशन मोड में संचालित यह कैटामरैन हुगली नदी पर शहरी नदी परिवहन, पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन और अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगा।

कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस, केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, पोत परिवहन एवं जलमार्ग राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर, केंद्रीय शिक्षा एवं पूर्वोत्तर विकास राज्यमंत्री सुकांत मजूमदार, पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी, सांसद शमिक भट्टाचार्य सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

### पूर्वी भारत का विकास केंद्र सरकार की प्राथमिकता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए पूर्वी भारत का विकास केंद्र सरकार की प्राथमिकता है और पिछले दो दिनों के कार्यक्रम इसी संकल्प को और मजबूत करते हैं। उन्हें इन दो दिनों में पश्चिम बंगाल से जुड़े सैकड़ों करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करने का अवसर मिला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 24 घंटे पश्चिम बंगाल की रेल कनेक्टिविटी के लिए ऐतिहासिक रहे हैं। देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन राज्य से शुरू हुई है और बंगाल को लगभग आधा दर्जन नई अमृत भारत ट्रेनें मिली हैं। रविवार को तीन और नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का शुभारंभ किया गया है, जिनमें से एक ट्रेन काशी से बंगाल की कनेक्टिविटी को और सशक्त करेगी। इसके अलावा दिल्ली और तमिलनाडु के लिए भी अमृत भारत एक्सप्रेस शुरू की गई हैं। उन्होंने कहा कि शायद पिछले 100 वर्षों में 24 घंटे के भीतर रेलवे क्षेत्र में इतना व्यापक कार्य कभी नहीं हुआ होगा।

## आयातक से निर्यातक बन रहा भारत : राजनाथ

**एजेंसी, नागपुर।**




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भारत अब सैन्य उपकरणों का आयातक नहीं, बल्कि निर्यातक बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

रक्षा मंत्री सिंह आज महाराष्ट्र के नागपुर में सोलर इंडस्ट्रीज के स्थापित मीडियम कैलिबर गोला-बारूद निर्माण सुविधा के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे।

- नागपुर में मीडियम कैलिबर गोला-बारूद फैक्टरी का रक्षा मंत्री ने किया उद्घाटन
- आधुनिक तकनीक और नए इनोवेशन के साथ रक्षा उद्योग को मजबूत करना जरूरी

उन्होंने कहा कि यह देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। रक्षा क्षेत्र में निजी कंपनियों की भूमिका लगातार मजबूत हो रही है और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में सोलर इंडस्ट्रीज जैसी कंपनियां अहम योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि जब वह ऐसे आधुनिक रक्षा संयंत्र देखते हैं, तो उन्हें केवल एक फैक्ट्री नहीं, बल्कि नया संकल्प, नई ऊर्जा और नवाचार दिखाई देता है।

राजनाथ सिंह ने बताया कि एक समय था जब रक्षा उत्पादन लगभग पूरी तरह सार्वजनिक क्षेत्र तक सीमित था, लेकिन बीते वर्षों में इस सोच में बदलाव आया है। आज निजी क्षेत्र रक्षा उत्पादन में बड़ी भूमिका निभा रहा है, जिससे आयात पर निर्भरता कम हो रही है और भारतीय सशस्त्र बलों को समय पर उच्च गुणवत्ता वाला गोला-बारूद उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि युद्ध के स्वरूप बदल रहे हैं और अब उसका प्रभाव आम नागरिकों पर भी पड़ता है। ऐसे में आधुनिक तकनीक और नए इनोवेशन के साथ रक्षा उद्योग को मजबूत करना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि भारत अब रक्षा उत्पादों के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर है। उन्होंने यह भी कहा कि नागपुर तेजी से रक्षा उद्योग के केंद्र के रूप में उभर रहा है। यहां न केवल नए रक्षा उद्योग स्थापित हो रहे हैं, बल्कि पहले से मौजूद उद्योग भी अपने विस्तार की दिशा में काम कर रहे हैं। सोलर इंडस्ट्रीज के चेयरमैन सत्यनारायण नुवाल ने कहा कि नागास्त्र जैसे स्वदेशी हथियारों का निर्माण और उनका सफल उपयोग देश की रक्षा क्षमता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र रक्षा और देशहित के लिए आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सोलर इंडस्ट्रीज लगातार कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले भी उपस्थित रहे।

## यूपी में अगले 24 घंटे में बारिश का अलर्ट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



पश्चिमी यूपी में ठंडी और बर्फीली हवाओं के कारण ठिठुरन और गलन और बढ़ गई है।

इसी बीच मौसम विभाग ने आने वाले दिनों बारिश का भी अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, 19 और 20 जनवरी से पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने के कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी या छिटपुट बारिश हो सकती है। बारिश के कारण ठंड और ज्यादा बढ़ सकती है। विभाग के अनुसार, रविवार से मौसम में बदलाव आने की संभावना है और पश्चिमी यूपी में बारिश हो सकती है। वहीं, 22 जनवरी को भी कई इलाकों में बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बागपत, हापुड़, बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, रामपुर, बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बहराइच, बाराबंकी, अयोध्या, गोंडा, श्रावस्ती, बलरामपुर, कुशीनगर, देवरिया, गोरखपुर, बस्ती और अंबेडकर नगर जिलों में घने से अत्यंत घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन इलाकों में कई जगह दृश्यता शून्य तक जा सकती है।

### आज भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे यूएई के राष्ट्रपति



**एजेंसी, नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान 19 जनवरी को भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। यूएई के राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद यह उनकी भारत की तीसरी आधिकारिक और पिछले एक दशक में भारत की पाँचवीं यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार यह यात्रा दोनों नेताओं को भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी के लिए नए रास्ते तलाशने का अवसर प्रदान करेगी। यह आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों के आदान-प्रदान को भी सक्षम बनाएगा, जहाँ भारत और यूएई के बीच उच्च स्तर की सहमति है।

## प्लेन में बम की सूचना पर इंडिगो फ्लाइट की लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- फ्लाइट में बम होने की सूचना मिलने से मची अफरा-तफरी




दिल्ली से बागडोगरा (पश्चिम बंगाल) जा रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट में रविवार सुबह बम होने की सूचना से एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद विमान को लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान से यात्रियों को सुरक्षित उतार कर बम निरोधक दस्ता और अन्य सुरक्षाकर्मी चेकिंग की।

जानकारी के अनुसार एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को सुबह 08:46 बजे दिल्ली से बागडोगरा (पश्चिम बंगाल) जा रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या (6ई-6650) में बम होने की सूचना मिली। इसके बाद सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए विमान की लखनऊ एयरपोर्ट पर 09:17 बजे सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विमान के बाथरूम में टिशू पेपर पर हाथ से लिखा एक नोट मिला, जिस पर प्लेन में बम है लिखा था। सूचना मिलते ही विमान को लखनऊ डायवर्ट किया गया। फ्लाइट में 222 यात्री, 8 शिशु (इन्फेंट्स), 2 पायलट और 5 क्रू मेंबर सवार थे। मौके पर बम निरोधक दस्ता, फायर ब्रिगेड, मेडिकल टीम, सुरक्षा एजेंसियां और एयरपोर्ट प्रशासन ने संयुक्त रूप से जांच अभियान चलाया। इसके साथ ही एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। थाना सरोजनीनगर प्रभारी ने बताया कि कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य और नियंत्रण में है। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई प्रचलित है।

### पतन | सिर्फ तीन शीर्ष नक्सली चला रहे पूरा संगठन

## नक्सलवाद खात्मे की उल्टी गिनती शुरू

**एजेंसी, जगदलपुर।**



छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सलवाद खात्मे की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। अब सिर्फ तीन शीर्ष नक्सली पूरा संगठन चला रहे हैं। इनके अलावा बस्तर में एक कैडर बचा है। पुलिस के आलाधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है।

इनमें पोलित ब्यूरो सदस्य थिप्परी तिरुपति उर्फदेवजी, मिशिर बेसरा उर्फ भास्कर और मुपल्ला लक्ष्मण राव उर्फ गणपति तीन शीर्ष नक्सली बचे हैं, जो संगठन चला रहे हैं। बस्तर में सक्रिय एक मात्र बचे डीकेएसजेडसीएम कैडर का नक्सली कमांडर पापाराव उर्फ मंगू अपनी जान बचाने के लिए जंगल में इधर से उधर घूम रहा है, जिसकी सरुक्षा बल जोर शोर से तलाश कर रहे हैं। विगत डेढ़ वर्ष में कुल 23 बड़े नक्सली मारे गए हैं, इनमें सबसे खूंखार नक्सली माड़वी हिड़मा, नक्सल संगठन का शीर्ष महासचिव बसवाराजू, गणेश उइके सहित 16 बड़े नक्सली शामिल हैं। भूपति, रूपेश और रामधेर जैसे बड़े नक्सलियों ने अपने सैकड़ों साथियों के साथ हथियार डाल दिए हैं। नक्सल संगठन में बस्तर के अलग-अलग इलाकों में लगभग 100 हथियार बंद नक्सली ही बचे हुए हैं, जो टुकड़ों में यहां-वहां छिपे हुए हैं। नक्सलियों का महाराष्ट्र-मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ (एमएमसी) जोन पूरी तरह से खत्म हो गया है। उत्तर बस्तर और माड़ डिवीजन से भी नक्सलियों का लगभग सफाया हो गया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त बस्तर बनाने की समय सीमा तय की है। अब इस तारीख में सिर्फ 72 दिन बचे हैं। अब सुरक्षाबलों के लिए इनते दिनों में दक्षिण बस्तर डिवीजन को नक्सल मुक्त करना सबसे बड़ी चुनौती है। वर्ष 2025 में नक्सलवाद पर बड़ा अभियान चलाया गया, इस अभियान में पिछले 40 वर्षों से बस्तर में सक्रिय नक्सलियों का प्रभाव अब लगभग समाप्त हो गया है।



# गोण्डा में मतदाता सूची का पठन, पुनरीक्षण अभियान तेज

- आयुक्त ने किया बूथों का निरीक्षण, मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने पर जोर
- दावे-आपत्तियों की प्रक्रिया जारी



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद गोण्डा में व्यापक और व्यवस्थित अभियान संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को पूर्णतः पारदर्शी, अद्यतन, समावेशी एवं त्रुटिरहित बनाना है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रह जाए।

कार्यक्रम के तहत 6 जनवरी 2026 को निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन किया जा चुका है। इसी क्रम में रविवार को प्रातः 10 बजे से सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा अपने-अपने आवंटित मतदान केंद्रों पर आलेख्य निर्वाचक नामावली का सार्वजनिक पठन किया गया।

पठन के दौरान मतदाता सूची में दर्ज नामों को सार्वजनिक रूप से पढ़कर सुनाया गया, जिससे नागरिक अपने नाम, विवरण एवं प्रविष्टियों की स्वयं जांच कर सकें।

इस अवसर पर बीएलओ द्वारा यह भी बताया गया कि किन-किन कारणों से कुछ नामों को आलेख्य मतदाता सूची से विलोपित किया गया है। इनमें मृतक मतदाता, स्थायी रूप से स्थानांतरित व्यक्ति, लंबे समय से अनुपस्थित मतदाता, दोहरी प्रविष्टियां तथा गणना प्रपत्र पर हस्ताक्षर कर बीएलओ को वापस न करने जैसे कारण प्रमुख हैं। इसका उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध एवं विश्वसनीय बनाए रखना है। अभियान के दौरान देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने एसडीएम सदर के साथ जनपद के विभिन्न मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, मारवाड़ इंटर कॉलेज तथा गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज पहुंचकर मतदाता सूची पठन, बीएलओ की कार्यप्रणाली, नागरिकों की उपस्थिति एवं उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

आयुक्त ने बीएलओ से अब तक प्राप्त दावे एवं आपत्तियों से संबंधित फार्मों की स्थिति की जानकारी ली और यह सुनिश्चित किया कि सभी मतदाताओं को आवश्यक फार्म, जानकारी एवं सहयोग समय से उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत ऐसे नागरिक, जिनका नाम किसी कारणवश मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो सका है, जिनका नाम एएसडी सूची में सम्मिलित हो गया है अथवा जिनकी अब तक मैपिंग नहीं हो पाई है, यदि वे पात्र हैं तो उन्हें सूची में सम्मिलित किया जा रहा है।

आयुक्त ने बताया कि 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी नए पात्र मतदाताओं को भी मतदाता सूची में शामिल किया जा रहा है।

सभी बीएलओ के पास फॉर्म-6 (नया नाम जोड़ने हेतु), फॉर्म-7 (नाम विलोपन/आपत्ति हेतु) तथा फॉर्म-8 (संशोधन, स्थानांतरण, ईपीआईसी प्रतिस्थापन, दिव्यांगजन चिन्हांकन हेतु) पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं। यह प्रक्रिया बीएलओ के माध्यम से अथवा ऑनलाइन पोर्टल https://voters. eci.gov.in के जरिए भी पूरी की जा सकती है।

# 21 करोड़ घोटाले का आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



भुवन चन्द्र सती सहायक महाप्रबन्धक मुख्य प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव बैंक लि0 शाखा गोण्डा, पता लाला छोटे लाल का हाता, स्टेशन रोड, महरानीगंज, द्वारा थाना कोतवाली नगर में लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि गोण्डा शाखा में ऋण वितरण के दौरान गंभीर अनियमितता एवं धोखाधड़ी की गयी है।

भारतीय रिजर्व बैंक में इम्पैनल्ड चार्टर्ड एकाउण्टेन्ट द्वारा कराये गये स्पेशल ऑडिट की अन्तरिम रिपोर्ट की गठित कमेटी की संस्तुति के परीक्षण में प्रकाश में आया कि पवन कुमार पाल तत्कालीन शाखा प्रबन्धक द्वारा बैंक के अन्य कार्मिकों व खाताधारकों के साथ मिलकर सुनियोजित ढंग से गिरोह बनाकर बैंक की नीति एवं आरबीआई।नाबार्ड के दिशा-निर्देशों के विरुद्ध ऋण स्वीकृति व वितरण किये गये ।

जांच में यह भी पाया गया कि अभियुक्त द्वारा स्वयं, अपने परिवारजनों एवं गिरोह के सदस्यों को बिना पात्रता एवं आवश्यक अभिलेखों के ऋण वितरित किये गये तथा फर्जी व कूटरचित दस्तावेजों का प्रयोग कर बैंक के 205 खाताधारकों के ऋण व बचत खातों एवं 5 आन्तरिक खातों से कुल रु0 2147.78 लाख की धनराशि का विभिन्न बैंकिंग चैनलों के माध्यम से गबन कर लिया गया । जिसमें पांच आन्तरिक खातों से 46.13 लाख की धनराशि निकाल कर गबन किया गया। प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज कराया था। कोतवाली नगर पुलिस टीम ने पवन कुमार पाल व अन्य की तलाश व गिरफ्तारी हेतु दबिश दी गई। तकनीकी एवं मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर दोषी पाये गये अभियुक्त पवन कुमार पाल (तत्कालीन शाखा प्रबन्धक) उत्तर प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव बैंक लि0 शाखा को मनकापुर बसअड्डा से गिरफ्तार कर लिया गया।

## खबरें एक नजर में

### अकीदत के साथ निकाला जुलूस-ए-अमारी



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** आका न जाइए मेरे मौला न जाइए, कब्र-ए-रसूल छोड़ के तन्हा न जाइए, लिल्लाह कर्बला मेरे मौला न जाइए। इन दर्दभरे अशआरों के साथ अरबी कैलेंडर की 28 रजब की तारीख को हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के मदीना से कर्बला की ऐतिहासिक यात्रा की याद में उतरौला में जुलूस-ए-अमारी की मजलिस अकीदत व एहतराम के साथ आयोजित की गई। यह मजलिस रविवार को इमामबाड़ा स्व. मसूद हुसैन, मोहल्ला रफी नगर में संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में अज़ादारों ने शिरकत की। जुलूस शिया कब्रिस्तान हाटन रोड, कस्बा चौकी, राजमहल के बगल से होते हुए मोहल्ला सुभाष नगर पहुंचा और अंततः इमामबाड़ा स्व. यावर हुसैन में संपन्न हुआ। यहां पर अलविदाई नोहा पढ़ा गया और नवासा-ए-रसूल हज़रत इमाम हुसैन को खिराज-ए-अकीदत पेश की गई। इसके साथ ही जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हुआ। पूरे आयोजन के दौरान पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद रहा। मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती रही, जिससे जुलूस शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सका। यह जुलूस-ए-अमारी न केवल ग़म-ए-हुसैन का इज़हार था, बल्कि कर्बला के उस पैगाम की याद दिलाने वाला भी रहा, जो आज भी इंसानियत को ज़ुल्म के खिलाफ खड़े होने और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

### यूपी वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक फाउंडेशन ने पत्रकारों व प्रबंधकों को किया सम्मानित



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर के ददुआ बाजार बरियारपुरवा स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल गोंडा में उत्तर प्रदेश वित्तविहीन प्रबंधक फाउंडेशन की जिला स्तरीय पत्रकार एवं प्रबंधक/समाजसेवी का सम्मान समारोह का आयोजन विद्यालय प्रबंधक एसपी गुप्ता की अगुवाई में संपन्न हुआ। बैठक बैठक की अध्यक्षता प्रबंधक फाउंडेशन के प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, प्रदेश संरक्षक पुनीत मिश्रा जी के अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी सम्मानित पत्रकारों एवं प्रबंधकों को सम्मानित किया गया तथा प्रबंधक फाउंडेशन द्वारा सम्मान प्रमाण पत्र, डायरी तथा कैलेंडर, साल दिया गया। इसके बाद बैठक में ऐश्वर्य-प्रियदर्शी जिला महामंत्री ने मांग की मदरसा की तरह हमारे बेसिक विद्यालयों / मान्यता प्राप्त विद्यालयों को जिन विद्यालयों की मान्यता एक से कक्षा 5 तक है। उन्हें मद्रास की भांति शान द्वारा शासनादेश जारी करके उन विद्यालयों की प्री- प्राइमरी की मान्यता सरकार दी जानी चाहिए। इसके लिए प्रबंधक संघ को संघर्ष करना चाहिए जिसका सभी लोगों ने एक स्वर में स्वागत किया।

### यूट्यूबर पर लूट व रंगदारी का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

ढजिले के देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के द र्जी कुआं पुलिस चौकी क्षेत्र चिस्तीपुर में स्थित सेल्समैन के पद पर कार्यरत है,29 दिसम्बर को समय लगभग सुबह सात बजे देसी शराब की दुकान पर वाहन संख्या - यूपी. 32 क्यू.डब्लू. 7630 से विशाल गुप्ता व रूबी अवस्थी अपने तीन अन्य साथियों के साथ पहुंचे और कहा कि शराब की दुकान खोलिए,हम आबकारी विभाग से आये हुए हैं, जब सैल्स मैन ने दुकान खोला तो उपरोक्त सभी व्यक्ति दुकान में घुस गये और पांच पेटी शराब लूट लिए और गल्ले में रखा रू पये 74,400 रूपये लूट लिया फिर सेल्समैन ने इसकी जानकारी डायल 112 नम्बर पर कॉल किया तो मौके पर पुलिस आई तब तक उपरो क्त लोग अपनी सफेद रंग की नेक्सान कार ले कर फरार हो गये।सेल्समैन ने घटना की सूचना उसी दिन पुलिस चौकी दर्जीकुआं पर दिया था, परन्तु उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। सेल्स मैन ने रंगदारी मांगने वालो के खिलाफ देहात कोतवाली थाने में शिकायत दी है कि उससे लू ट और रंगदारी मांगी गई है।पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### चोरी से हिला थाना विशेश्वरगंज, नए थानाध्यक्ष संदीप द्विवेदी ने संभाली कमान

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज स्थित श्री बालाजी ज्वेलर्स में हुई चोरी की घटना ने पुलिस महकमे की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है। मामला दर्ज हुए कई दिन बीत जाने के बाद भी न तो चोरी का खुलासा हो सका है और न ही ठोस कार्रवाई सामने आई है, जिससे आमजन में पुलिस की कार्यशैली को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। पीड़ित दुकानदार ओंकार गोस्वामी के अनुसार चोरी के वक्त वह दिल्ली में थे। सूचना मिलने पर विशेश्वरगंज लौटकर उन्होंने थाने में तहरीर दी, जिसके आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद क्षेत्राधिकारी पयागपुर हर्षिता तिवारी द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। अब पूरे प्रकरण की जिम्मेदारी नवागत थानाध्यक्ष संदीप कुमार द्विवेदी के कंधों पर आ गई है। उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती चोरी का शीघ्र और निष्पक्ष खुलासा कर न सिर्फ पीड़ित को न्याय दिलाना है, बल्कि थाना विशेश्वरगंज की गिरती साख को भी बहाल करना है। क्षेत्रीय जनता की निगाहें अब पुलिस की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं—देखना यह होगा कि क्या नया नेतृत्व सवालों के जवाब दे पाएगा या मामला यूं ही फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# पूजा हत्याकाण्ड का खुलासा, प्रेमी गिरफ्तार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



नवाबगंज पुलिस ने पूजा हत्या कांड का खुलासा करते हुए उस के प्रेमी को गिरफ्तार कर के जेल भेज दिया है।अनीता पत्नी शिव जनम ग्राम मैनपुर डड़वा थाना नवाबगंज द्वारा थाना नवाबगंज पर लिखित तहरीर दी गई कि उनकी 21 वर्षीय पुत्री पूजा जिसकी शादी करीब एक माह पूर्व हुई थी। शादी से पूर्व उनकी पुत्री पूजा और अभियुक्त राजकुमार सोनकर पुत्र तिलकराम सोनकर बातचीत करते थे। शादी होने बाद राजकुमार मृतका पूजा को उसके साथ शादी न करने को लेकर लगातार धमकी देता था। ससुराल से आयी थी। घर से खेत जाने के लिए निकली थी। जिसके बाद वापस नहीं आई और अगले दिन सुबह पूजा का शव गन्ने के खेत के पास मिला था। बताया गया कि उनकी पुत्री पूजा को राजकुमार ने ही गला कस कर मार दिया है।राजकुमार सोनकर पुत्र तिलकराम सोनकर निवासी ग्राम टपरा कालोनी मौजा रामापुर भगाही थाना नवाब गंज के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच कर निरीक्षण किया गया। फील्ड यूनिट को घटना स्थल पर बुलाकर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गयी। शव के पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम कराया गया। नवाबगंज पुलिस द्वारा राजकुमार सोनकर पुत्र तिलक राम सोनकर को उमरिया हैड़िल तिराहा मोड़ पर थाना नवाबगंज के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।उसकी निशान देही पर आलाकत्ल प्लास्टिक की रस्सी बरामद की गई।

पुलिस की पूछताछ के दौरान बताया गया कि वह मृतका पूजा से दो साल पहले से प्यार करता था उसने मुझे धोखा दे दिया था। उसने पूजा को उसे गांव के खेत में बुलाकर गन्ने के खेत में प्लास्टिक की रस्सी से उसका गला घोंट कर हत्या कर दिया था। उसके बाद उस प्लास्टिक की रस्सी को गन्ने के खेत से बाहर निकाल कर फेक दिया था।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही मनरेगा योजना



- मनरेगा योजना में फर्जीवाड़ा उजागर

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

गांव के गरीब मजदूरों को रोजगार देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्री य ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना शुरू की थी। सरकार इसे जनहित में ईमानदारी से चलाने के लिए ल गातार प्रयासरत है, लेकिन ज़मीनी हकीकत कु छ और ही कहानी बयां कर रही है। इटियाथोक ब्लॉक क्षेत्र की अधिकतर ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है।

इन दिनों डबल रोल फोटो के ज़रिए श्रमिकों की हाजिरी दर्ज कराने का चलन आम हो गया है। ग्राम पंचायतों में आय दिन ऐसे हथ कंडे अपनाए जा रहे हैं, जिनमें कागज़ पर काम होता है, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं ताजा मा मला इटियाथोक ब्लॉक की ग्राम सभा अयाह, कर्मडीहकला, निसारुपुर, रुदापुर, सिसई बहलोल पुर और विजयगढवा में फर्जी फोटो लेकर कई मस्टररोल अपलोड की जा रही है। अयाह गाँव में एक कार्य के लिए 60 मजदूर, कर्मडीह कला में दो कार्य के लिए 73 मजदूर, निसारुपुर में एक कार्य के लिए 75 मजदूर, सिसई बहलोलपुर में एक कार्य के लिए 58 मजदूर, विजय गढ़वा में दो कार्य के लिए 67 श्रमिकों का डबल रोल में हाजिरी लगाई जा रही है।

### डबल रोल के बावजूद अधिकारी बने अंजान

इटियाथोक ब्लॉक के स्थानीय ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह कोई नई बात नहीं है।यहां तो रोज़ ही कागज़ों पर काम होता है,असल में कुछ नहीं।जब भी शिकायत की जाती है,तो ब्लॉक स्तर से जांच होगी कह कर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि ऊपर से नीचे तक सब सेटिंग गेटिंग का खेल चल रहा है,जिसमें जिम्मे दारों की मिलीभगत से गरीबों के नाम पर पैसा उड़ा या जा रहा है।ब्लॉक के ग्रामपंचायत में भी ऐसी ही तस्वीर सामने आई है। गांव में तालाब खुदाई और सड़क पटाई कार्य के लिए मजदूरों को ल गाया गया है लेकिन धरातल पर एक भी श्रमि क मौजूद नहीं रहते है सिर्फ फोटो में डब ल रोल का खेल जारी करके मनरेगा के साइड पर अप लोड किया जा रहा है। विश्वस्त सूत्रों की माने तो कुछ इसी तरह का खेल मनरेगा में चल रहा हैं। मामले की निष्पक्ष जांच हो जाए तो सब से मनरेगा योजना के जिम्मेदार एपीओ और क ई जिम्मेदार प्रतिनिधि और कर्मचारी कटघरे में होंगे। खैर देखना यह होगा की दूसरे मामलों की तरह जांच ठंडी रहेगी या भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई होगी।

# मिहींपुरवा की गोशालाओं में खुला भ्रष्टाचार

- कागजों में 1805 गोवंश, सड़कों-खेतों में भटक रही गायें

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच मिहींपुरवा ब्लॉक की गौशालाओं में बड़ा फासला सामने आया है। ब्लॉक की 11 गौशालाओं में कागजों पर 1805 गोवंश पंजीकृत हैं, लेकिन अधिकांश गौशालाएं खाली पड़ी हैं। न चारे की व्यवस्था है, न भूसा और न ही ठंड से बचाव का कोई इंतजाम। हालात यह हैं कि गौशालाओं की गायें झुंड बनाकर सड़कों और खेतों में छोड़ी जा रही हैं।

सेमरहना गौशाला में 300 पंजीकृत गायों में से 250 ही मौके पर हैं। मोतीपुर में 150 में से सिर्फ 70, अमृतपुर पुरैना में 100 में से 60, मधवापुर में 140 में से 80, हसुलिया में 190 में से 135, निधिपुरवा में 65 में से 50, अड़गोडवा में 85 में से 62, पौंडा में 190 में से 102, कर्मोहना में 280 में से 210, गूढ़ में 250 में से 195 और कतरनिया राजापुर में 35 में से 32 गोवंश ही मौजूद मिले। शेष गोवंश कहां हैं, इसका जवाब किसी के पास नहीं है। आरोप है कि जांच के नाम पर अधिकारियों को सिर्फ एक चुनिंदा गौशाला दिखाकर पूरे ब्लॉक की रिपोर्ट तैयार करा ली जाती है, जबकि बाकी गौशालाओं की बदहाली पर जानबूझकर पर्दा डाला जाता है। इससे ग्राम पंचायत सचिवों और ग्राम प्रधानों की भूमिका संदिग्ध हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि चारा-भूसा और देखभाल के नाम पर आने वाला सरकारी धन कागजों में ही हजम कर लिया जा रहा है। इस लापरवाही का सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। कड़ाके की ठंड में भी किसान रात-रात भर खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं, क्योंकि गौशालाओं से छोड़ी गई गायें फसलों को तबाह कर रही हैं। वहीं सड़कों पर घूमते गोवंश से आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, जिससे राहगीर भी परेशान हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे ब्लॉक की सभी गौशालाओं की निष्पक्ष और भौतिक जांच कराई जाए और दोषी पंचायत सचिवों व प्रधानों पर सख्त कार्रवाई हो। यदि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया, तो गौशालाओं का यह खेल आने वाले दिनों में और बड़ा रूप ले सकता है।

# एसएसबी का 30 दिवसीय कंप्यूटर कोर्स संपन्न

- 40 युवाओं को मिला प्रशिक्षण
- डीएम-एसपी व सीडीओ ने उत्तीर्ण प्रतिभागियों को बांटे प्रमाण पत्र

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



नेपाल सीमा से सटे बलईगांव में 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की ओर से नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत आयोजित 30 दिवसीय बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण का समापन हो गया। कार्यक्रम में सीमावर्ती क्षेत्र के 40 युवाओं ने भाग लिया और कंप्यूटर की मूलभूत जानकारी हासिल की। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 59वीं वाहिनी के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के निर्देशन में किया गया। समापन समारोह में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी महसी आनंद प्रसाद तथा अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को कंप्यूटर प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि सशस्त्र सीमा बल की यह पहल सीमावर्ती क्षेत्रों के युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने युवाओं से अर्जित ज्ञान का सकारात्मक उपयोग करने का आह्वान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के अंत में द्वितीय कमान अधिकारी एवं कार्यवाहक कमांडेंट पंकज कुमार ठाकुर ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर एसएसबी के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# संघ एक शताब्दी से राष्ट्र सेवा में समर्पित है : कृष्ण कुमार

- अपने धर्म के लिए बलिदान होना सहर्ष स्वीकार : विष्णु देवाचार्य

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज माधवपुरी मे सकल हिंदू समाज के तत्वधान में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार ने संघ की गौरवशाली यात्रा का वर्णन करते हुए बताया कि संघ एक शताब्दी से राष्ट्र की सेवा में समर्पित है। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक समाज के सभी सभी क्षेत्रों में निरंतर सक्रिय रहकर मां भारती का यशोगान कर रहे हैं। उन्होंने वर्तमान समय की आवश्यकता को देखते हुए समाज से पंच परिवर्तन के संकल्पों को आत्मसात करने का आवाहन किया। उन्होंने कहा सामाजिक समरसता से संपूर्ण हिंदू समाज को जातिगत भेदभाव से मुक्त होकर एक सूत्र में बंधना होगा। कुटुंब प्रबोधन को अपनाकर परिवार ही संस्कार की पहली पाठशाला है, इसे पुनः जागृत करना होगा।

पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से जल, पृथ्वी और वृक्षों की रक्षा करना हमारा आध्यात्मिक उत्तरदायित्व है। स्वदेशी व नागरिक कर्तव्य का पालन कर आत्मनिर्भरता हेतु स्वदेशी का उपयोग करें और राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्वों को सर्वोपरि रखें। अनंत श्री विभूषित ब्रह्मर्षि स्वामी श्री विष्णुदेवाचार्य जी महाराज ने सनातन संस्कृति की अपौरुषेय शक्ति का उल्लेख करते हुए समाज में नई चेतना का संचार किया। उन्होंने अत्यंत गंभीर विषयों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें अपने धर्म के लिए बलिदान होना सहर्ष स्वीकार है किंतु किसी भी परिस्थिति में परधर्म का अवलंबन स्वीकार नहीं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर हमारा स्वाभिमान है इस स्वाभिमान को प्राप्त करने के लिए लाखों लोगों ने अपने जीवन को बाली विधि पर अर्पित कर दिया है। उन्होंने कहा कि हिन्दू परिवारों को गौ पालन करना चाहिए क्योंकि गौ संरक्षण के बिना हिंदू राष्ट्र की परिकल्पना साकार नही होगी। ब्रह्माकुमारी बहराइच की प्रमुख साधना दीदी ने संघ के महान कार्यों को ईश्वरीय काय की संज्ञा देते हुए कहा कि जिस प्रकार ईश्वर मानवता के कल्याण की योजना बनाता है, संघ के स्वयंसेवक उसी सेवा को धरातल पर क्रियान्वित कर रहे हैं। मेजर डॉ. एस.पी. सिंह ने बल दिया कि जब तक हिंदू समाज संगठित और स्वाभिमानी है, तब तक भारत की सीमाएं और संस्कृति सुरक्षित हैं। सम्मेलन के पश्चात आयोजित समरसता सहभोज में अद्भुत दृश्य देखने को मिला, कार्यक्रम में आए बंधुओं और भगिनियों ने एकसाथ सहभोज किया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्र रक्षा के सामूहिक संकल्प और भारत माता की जय के गगनभेदी जयघोष के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में नगर संघचालक डॉ गोविंद शेखर, जिला कार्यवाह भूपेंद्र , जिला प्रचारक अजय, विभाग संपर्क धर्मेंद्र, विभाग प्रचारक प्रमुख अतुल गौड़, जिला सह संपर्क प्रमुख अमर सिंह,विजय बहादुर,ओम प्रकाश, राजेन्द्र प्रसाद, यमुना प्रकाश, मनीष,अभिषेक,उत्तम, विपिन, इंद्रेश सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने किया मतदेय स्थलों का भ्रमण

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**



अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत आयोग द्वारा घोषित विशेष अभियान तिथि के अवसर पर जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर आयोजित शिविर के दौरान बूथ लेबिल अधिकारियों द्वारा 06 जनवरी, 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची तथा गणना अवधि के दौरान अप्राप्य श्रेणी में मार्क किये गये निर्वाचकों की सूची यथा अनुपस्थित /शिफ्टेड/ मृतक/ डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची को पढ़कर सुनाया गया। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह व उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार के साथ महिला पीजी कालेज, महाराज सिंह इण्टर कालेज, उच्च प्राथमिक विद्यालय टिकोरा मोड़ तथा संविलियन विद्यालय यादवपुर में स्थापित बूथों का निरीक्षण कर बूथ लेबिल अधिकारियों व अन्य सम्बन्धित स्टाफ तथा मौके पर मौजूद नागरिकों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। बूथों के निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी महसी आलोक प्रसाद आईएएस व उप जिलाधिकारी सदर पूजा चौधरी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# सादुल्लानगर पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**




थाना सादुल्लाह नगर जनपद बलरामपुर द्वारा मिशन शक्ति अभियान के पंचम चरण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में एंटीरोमियो टीम एवं मिशन शक्ति टीम ने ग्राम नथईपुर कानूनगो में बेटी-बहू सम्मेलन का आयोजन कर महिलाओं को जागरूक किया।

कार्यक्रम में अविवाहित एवं तलाकशुदा लड़कियों, आशा बहुओं, ग्राम प्रधान, संभ्रांत महिलाओं सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों एवं अन्य महिलाओं को लड़कियों के भागने की समस्या, उससे जुड़ी चुनौतियों तथा सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। टीम द्वारा महिलाओं को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि के बारे में बताया गया। साथ ही महिला सुरक्षा से संबंधित प्रमुख हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1930, 1098, 181, 102 एवं 108 की जानकारी देते हुए आवश्यकता पड़ने पर इनके उपयोग के लिए जागरूक किया गया। थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित एवं जागरूक बनाना है, ताकि वे बिना किसी भय के अपने अधिकारों का उपयोग कर सकें। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने अभियान की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए उपयोगी बताया।इस अवसर पर महिला उपनिरीक्षक तेजल पटेल,महिला आरक्षी पूजा चौधरी, महिला आरक्षी शिवांगी भार्गव आदि उपस्थित रही।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 : 1805 बूथों पर हुआ मतदाता सूची वाचन

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने धर्मपुर व भगवती आदर्श इंटर कॉलेज के बूथों का किया निरीक्षण
- नागरिकों से नाम जांचने व दावा-आपत्ति दर्ज कराने की अपील



विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक नामावलियों के आलेख्य प्रकाशन के उपरांत दिनांक 06 जनवरी से 06 फरवरी, 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जानी हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के दिशानिर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त 1805 मतदेय स्थलों पर संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची का वाचन कराया गया।

इसी क्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विपिन कुमार जैन द्वारा विधानसभा बलरामपुर क्षेत्र में बूथ संख्या 88, 89, 90 एवं 91 (प्राथमिक विद्यालय धर्मपुर) तथा बूथ संख्या 92, 93, 94 एवं 95 (भगवती आदर्श इंटर कॉलेज) में आयोजित आलेख्य मतदाता सूची वाचन का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित बीएलओ एवं उपस्थित नागरिकों से संवाद कर मतदाता सूची वाचन की प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा आवश्यक निर्देश दिए।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने नागरिकों से मतदाता सूची में अपना नाम/विवरण अवश्य जांचने तथा किसी प्रकार की त्रुटि होने पर अथवा नाम जुड़वाने/हटाने/संशोधन हेतु दावा-आपत्ति दर्ज कराने की अपील की।

निरीक्षण के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि मतदेय स्थलों पर बीएलओ के पास फॉर्म-06 (नाम जोड़ने हेतु), फॉर्म-07 (नाम हटाने हेतु) एवं फॉर्म-08 (संशोधन हेतु) पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें, जिन्हें आवश्यकता के अनुसार नागरिकों को प्रदान करते हुए फॉर्म भरने में सहयोग भी किया गया।

डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी ने पुनः अपील की है कि सभी पात्र नागरिक निर्धारित अवधि में दावा-आपत्ति की प्रक्रिया पूर्ण कराकर मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने में सहभागिता करें।

# 35 करोड़ लोगों की सेहत की जिम्मेदारी उठाता है यूपी : योगी



- मुख्यमंत्री ने किया यूपी हैल्थटेक कॉन्क्लेव 1.0 का उद्घाटन
- यूपी बनेगा देश का सबसे बड़ा हैल्थकेयर व मेडिकल टेक्नोलॉजी हब : मुख्यमंत्री

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में यूपी हेल्थटेक कॉन्क्लेव 1.0 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सिर्फ 25 करोड़ की आबादी वाला राज्य ही नहीं बल्कि देश व पड़ोसी राज्यों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं की पूर्ति का सबसे बड़ा केंद्र है। प्रदेश को मेडिकल टेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर इनोवेशन और फार्मा मैन्युफैक्चरिंग का राष्ट्रीय तथा वैश्विक हब बनाने की दिशा में सरकार प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले पौने नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन किया है, परिणाम अब जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश देश के सबसे बड़े हेल्थकेयर कंज्यूमर मार्केट के रूप में 35 करोड़ से अधिक लोगों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं का भार वहन करता है। पिछले पौने नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने स्वास्थ्य क्षेत्र में वह परिवर्तन किया है, जिसकी कल्पना पहले संभव नहीं थी।

2017 से पहले उत्तर प्रदेश में सरकारी और निजी क्षेत्र को मिलाकर 40 मेडिकल कॉलेज थे। आज प्रदेश में 81 मेडिकल कॉलेज पूरी तरह क्रियाशील हैं। दो एम्स, 100 से अधिक जिला अस्पताल, सैकड़ों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स की एक मजबूत श्रृंखला खड़ी की गई है, जिससे दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच रही हैं। सरकार का उद्देश्य केवल भवन खड़े करना नहीं था बल्कि ऐसी व्यवस्था तैयार करना था, जिसमें अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को भी सम्मानजनक व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लागू होने से पहले किसी गरीब परिवार में यदि कोई गंभीर रूप से बीमार हो जाता था, तो पूरा परिवार भय और आर्थिक संकट में घिर जाता था। इलाज अधूरा छूट जाता था, क्योंकि न सरकार का सहयोग होता था और न ही संसाधन। आज उत्तर प्रदेश में 5.5 करोड़ परिवारों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से प्रति परिवार 5 लाख तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जो पात्र परिवार किसी कारणवश आयुष्मान योजना में शामिल नहीं हो सके, उन्हें मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से कवर किया गया है। आयुष्मान कार्ड एक अतिरिक्त सुरक्षा कवच है। मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों, सीएचसी, पीएचसी तथा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स में सभी नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए सुधारों के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश ने मातृ एवं शिशु मृत्युदर को नियंत्रित करने में सफलता प्राप्त की है। संस्थागत प्रसव अब राष्ट्रीय औसत के समकक्ष पहुंच चुका है।

कई जनपद ऐसे हैं, जहां ट्यूबरकुलोसिस टीबी को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया गया है। एक समय उत्तर प्रदेश वेक्टर जनित रोगों की चपेट में रहता था। मानसून आते ही इंसेफेलाइटिस, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया व कालाजार जैसी बीमारियां विकराल रूप ले लेती थीं। इंसेफेलाइटिस के कारण पिछले 40 वर्षों में उत्तर प्रदेश में 50 हजार मासूम बच्चों की मृत्यु हुई थी। वर्ष 2017 में सरकार ने इसके खिलाफ निर्णायक अभियान शुरू किया। समय पर पहचान, स्थानीय स्तर पर इलाज और जवाबदेही तय करने की व्यवस्था लागू की गई। मात्र दो वर्षों के भीतर इस बीमारी को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया गया और आज उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस से जीरो डेथ दर्ज की जा रही है। डेंगू, मलेरिया, कालाजार और चिकनगुनिया पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया है।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर सिंह, सचिव भारत सरकार मनोज जोशी, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अमित घोष, औषधि महानियंत्रक भारत सरकार राजीव रघुवंशी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### अगला लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'ईज ऑफ लिविंग' विजन को साकार करना है

सीएम ने कहा कि अब अगला लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'ईज ऑफलिविंग' विजन को साकार करना है। इसके लिए टेक्नोलॉजी का अधिकतम उपयोग आवश्यक है। स्क्रीनिंग की प्रक्रिया गांव स्तर से शुरू होनी चाहिए, ताकि मरीज को अनावश्यक रूप से 40-50 किलोमीटर दूर न जाना पड़े। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर ही यह तय हो जाए कि मरीज को किस स्तर की चिकित्सा की आवश्यकता है। टेलीकंसल्टेशन, टेलीमेडिसिन और एआई आधारित स्क्रीनिंग से यह संभव है। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क और ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क का विकास युद्धस्तर पर किया जा रहा है। इसका उद्देश्य केवल आत्मनिर्भर भारत नहीं, बल्कि मेक इन इंडिया से मेक फॉर द वर्ल्ड की दिशा में आगे बढ़ना है। कोविड काल ने यह सिखाया कि संकट के समय दुनिया अपनी मोनोपॉली दिखाती है। ऐसे में देश व प्रदेश को स्वास्थ्य और मेडिकल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना ही होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश-विदेश के निवेशकों और उद्योग जगत को उत्तर प्रदेश आने का आमंत्रण देते हुए कहा कि प्रदेश में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, सुरक्षित वातावरण और सिंगल विंडो सिस्टम उपलब्ध है। सरकार समयबद्ध स्वीकृति और हर स्तर पर सहयोग सुनिश्चित करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उत्तर प्रदेश मेडिकल टेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर और फार्मा के क्षेत्र में देश ही नहीं, दुनिया का प्रमुख केंद्र बन सकता है।

## विश्व में शान से लहरा रही सनातन की पताका : ब्रजेश पाठक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100वें वर्ष की यात्रा के अंतर्गत आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा आज पूरे विश्व में सनातन धर्म की पताका शान और गौरव के साथ लहरा रही है। उन्होंने समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सद्भाव और शक्ति का मूल मंत्र संगठन ही शक्ति है, जिसे आत्मसात करने की आवश्यकता है। आलमबाग स्थित सेंट्रल पार्क, समर विहार कॉलोनी में डिप्टी सीएम ने कहा यह उनका सौभाग्य है कि देश के विभिन्न हिस्सों से आए संतजनों के दर्शन और आशीर्वाद का अवसर प्राप्त हो रहा है।

उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए इसे समाज को जोड़ने वाला पावन आयोजन बताया। ब्रजेश पाठक ने कहा कि आज सनातन धर्म की पहचान केवल भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि पूरी दुनिया में इसकी पताका लहरा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी सद्भाव, भाईचारे और सांस्कृतिक चेतना को मजबूती मिलती है। अपने संबोधन में डिप्टी सीएम ने सिख समुदाय का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि सिख समाज के शूरवीरों के अद्वितीय बलिदानों के कारण ही आज सनातन की ध्वजा गर्व के साथ लहरा रही है। उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता में सभी समुदायों का योगदान अविस्मरणीय है। डिप्टी सीएम ने कहा कि आज सोमवती अमावस्या का पावन दिन भी है और ऐसे शुभ अवसर पर संतजनों का आशीर्वाद मिलना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने समारोह में उपस्थित सभी संतों, अतिथियों और महानुभावों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, अवध प्रांत के सह प्रांत प्रचारक संजय, पूज्य महंत राजीव लोचन शरण, अयोध्या धाम से पधारे पूज्य महंत मनी दास जी, असूदराम आश्रम लखनऊ से संत शिरोमणि साई हरीश लाल, आर्य समाज मंदिर से रूपचंद दीपक सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### बी.एल.ओ. हुए सम्मानित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंदिरानगर आवासीय महासमिति लखनऊ के बैनर तले दूसरे चक्र में सेन्ट्रल एकेडमी स्कूल, सेक्टर-9, इंदिरानगर में एस.आई. आर. का काम कर रहे बी.एल.ओ. के सदस्यों को माला पहनाकर सम्मान बढ़ाया गया।महासमिति के महासचिव सुशील कुमार बच्चा ने बताया है कि, बी. एल. ओ. ड्यूटी में तैनात कर्मचारी, अधिकारी बड़ी मेहनत से काम कर रहे है, इसलिए महासमिति द्वारा चलाये जा रहे अभियान में सम्मानित करने का काम किया जा रहा है, इस पुण्य कार्य में मुहल्ला सुधार समितियों का भी अपार सहयोग दिया जा रहा है। महासमिति ने देश के नागरिकों से अपील की है कि, लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता अवश्य बनें, जिससे अच्छे प्रतिनिधियों को आप सब चुनाव कर सकें और मजबूत राष्ट्र का निर्माण हो सके। महासचिव बच्चा ने जानकारी देते हुए बताया कि, सम्मानित होने वालों में बी. एल. ओ. राजेश कुमार, किशोर कुमार, प्रदीप वर्मा, आबिदा शाद, सुधा सिंह, अमित कुमार श्रीवास्तव, अनिकेत कुमार, दीपक चौधरी, रोहित, वैभव चौहान, नेपेन्द्र सिंह सदस्य शामिल रहे।सम्मानित करने वालों में देवीशरण त्रिपाठी, सुभाष शर्मा, पी.के. जैन, कैलाश जैन, सुशीला गुप्ता, कीर्ति चौधरी, पूर्व पार्षद बी.एन. सिंह आदि समाजसेवी शामिल रहे।

### लक्ष्य जनकल्याण समिति का सेक्टर-6, जानकीपुरम विस्तार में वार्षिक उत्सव 25 को

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** श्री सिधेश्वर मंदिर पार्क, सेक्टर-6 में लक्ष्य जनकल्याण समिति का वार्षिक उत्सव आयोजित होगा वार्षिक उत्सव में बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे उपरोक्त निर्णय लक्ष्य जनकल्याण समिति की कार्यसमिति की बैठक में लिया गया। वार्षिक उत्सव की जानकारी प्रदान करते हुये समिति के अध्यक्ष एस के बाजपेई ने बताया की समिति का वार्षिक उत्सव दिनाँक 25 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से दीप प्रज्वलित कर शुरू होगा, उसके पश्चात बच्चे विभिन्न एक्टिविटी में भाग लेंगे जिसमे नृत्य, संगीत, गायन, ड्राइंग इत्यादि विषय होंगे साथ ही साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन एवं खेल होंगे। बैठक में समिति के महामंत्री पंकज कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष डी सी गुप्ता, प्रचारमंत्री राहुल पालीवाल, सांस्कृतिक मंत्री महेश चंद्र गुप्ता सहित ए के श्रीवास्तव, एस के दुबे, प. महेन्द्र कुमार मिश्रा, डी एन मिश्रा, अशोक कुमार सिंह, ओम प्रकाश मिश्रा, विनय कुमार श्रीवास्तव, डॉ अमित सक्सेना, डॉ अनिल कुमार मिश्रा, रामजीत यादव, मणि गुप्ता सहित कई अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

### लाखों के जेवरात व नगदी चोरी

**लखनऊ।** लखनऊ के पड़ोसी जनपद बाराबंकी की तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्रान्तर्गत स्थानीय थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर भूडेहरी में बीती रात चोरों ने लाखों का माल पार कर दिया।बताया गया है कि नारायणपुर भूडेहरी के ग्राम प्रधान सीमा सिंह चौहान के यहां बीती रात चोरों ने दरवाजे का पल्ला तोड़कर घर में रखे हुए लाखों के जेवरात व कीमती सामान चोरी कर लिये गये। काफी खोजबीन के बाद खाली संदूक थोड़ी दूर खेतों में पाई गई।प्रधान द्वारा बताया गया है कि उसी संदूक में लगभग डेढ़ लाख रुपए की नगदी, कीमती जेवर तथा कपड़े रखे थे। बहुमूल्य चीजों पर चोरों ने हाथ साफकर दिया। अभी तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। गांव में चोरी की इतनी बड़ी बारदात होने के बाद ग्राम प्रधान और गांव वाले बहुत सदमे में है।

### दबंगों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग, इलाके में दहशत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के दुबग्गा इलाके में देर शाम उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब चरक इंस्टीट्यूट क्षेत्र में ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना सामने आई। अचानक चली गोलियों की आवाज से पूरा इलाका गूंज उठा और स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि 10 से 15 की संख्या में आए दबंगों ने बेखौफहोकर गोलियों की बौछार की और इसके बाद जमकर पथराव भी किया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दबंग हथियारों से लैस होकर इलाके में पहुंचे और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। गोलियों की आवाज सुनते ही लोग अपने-अपने घरों में दुबक गए, वहीं सड़कों पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। फायरिंग के साथ-साथ पथराव किए जाने से कई वाहनों और आसपास की संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही दुबग्गा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेराबंदी कर शांत कराया। पुलिस ने मौके से खोखे बरामद किए हैं और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश या पुरानी दुश्मनी को घटना की वजह माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हालात अब नियंत्रण में हैं और दोषियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, ताकि किसी भी तरह की दोबारा घटना को रोका जा सके। इस ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना ने एक बार फिर राजधानी की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है और वे दबंगों के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

## घने कोहरे से विमान संचालन प्रभावित, लखनऊ से आने-जाने वाली ज्यादातर उड़ानें डिले

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को विमान संचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ।

लखनऊ आने और जाने वाली अधिकांश उड़ानें निर्धारित समय से काफी विलंब से संचालित हुईं, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। देर रात और सुबह की कई आगमन उड़ानें घंटों देरी से पहुंचीं। मुंबई से रात 12. 35 बजे लखनऊ पहुंचने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 5264) तड़के 2.40 बजे पहुंची। इसी तरह, दम्माम से सुबह 5.15 बजे आने वाली फ्लाईनेस की उड़ान (एक्सवाई 896) दोपहर 12.20 बजे पहुंचने की उम्मीद है, जबकि मुंबई से सुबह 8.35 बजे की एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (आईएक्स 1026) भी दोपहर 11 बजे तक ही पहुंच सकी। प्रस्थान करने वाली उड़ानों पर भी कोहरे का असर दिखा। लखनऊ से सुबह 4.30 बजे मस्कट के लिए सलाम एयर की उड़ान (ओवी 706) सुबह 5.40 बजे रवाना हुई। दम्माम जाने वाली फ्लाईनेस की उड़ान (एक्सवाई 897) जो सुबह 6.15 बजे निर्धारित थी, दोपहर 1.25 बजे जाएगी। अहमदाबाद (6ई 142), हैदराबाद (6ई 523), कोलकाता (6ई 505), दिल्ली (6ई 2026, एआई 2500) और गुवाहाटी (6ई 146) सहित कई अन्य घरेलू उड़ानें भी अपने निर्धारित समय से 2 से 3 घंटे की देरी से रवाना हुईं। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में भी विलंब देखा गया, जैसे सुबह 8 बजे रियाद जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (आईएक्स 189) दोपहर 1 बजे रवाना हुई।

## मिनरल वॉटर की 160 इकाइयों का लाइसेंस निलंबित

**मानकों पर खरी नहीं, मिली गड़बड़ी**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में मिनरल वाटर तैयार करने वाली 522 इकाईयों में 160 इकाईयों के लाइसेंस निलंबित कर दिये गए और उन्हें बंद करवा दिया गया है। वहीं 106 को 14 दिन में सुधार खातिर वार्निंग मिली है।आयुक्त खाद्य सुरक्षा एंव औषधि प्रशासन आयुक्त रोशन जैकब के निर्देश पर विभाग ने 12 से 14 जनवरी तक अभियान चलाकर राज्य की 522 मिनरल वाटर तैयार करने वाली इकाईयों की जांच की थी। जांच में 387 नमूने एकत्र किए गए थे। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत निर्धारित किए गए मानकों को पूरा करने पर इनके भी लाइसेंस निलंबित किए जाएंगे। इन इकाइयों में पैकेजिंग व लेबलिंग में गड़बड़ी पाई गई थी। जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की जांच में 160 इकाईयों में खाद्य सुरक्षा के मानकों के अनुसार पानी न तैयार किए जाने का मामला सामने आया है। इनमें बाराबंकी, गोरखपुर व प्रयागराज की 11-11, कानपुर नगर की 10, लखनऊ की नौ, गाजियाबाद की आठ, गौतम बुद्ध नगर की सात, हापुड़, शाहजहांपुर, वाराणसी व संत कबीर नगर की पांच-पांच इकाईयां शामिल हैं। 106 इकाईयों में गड़बड़ी पाए जाने पर उन्हें दो सप्ताह में सुधार की चेतावनी दी गई है। इनमें लखनऊ में सर्वाधिक सात, गौतमबुद्ध नगर व प्रयागराज की छह-छह, मऊ, कानपुर नगर, आगरा व वाराणसी की पांच-पांच, बाराबंकी व देवरिया की चार-चार इकाईयां शामिल हैं।

## शिक्षक समाज के निर्माता : अजय राय

- शिक्षक प्रकोष्ठ के पूर्व पदाधिकारियों व शिक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय लखनऊ पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षक प्रकोष्ठ के नवनियुक्त चेयरमैन डॉ.अमित कुमार राय की अध्यक्षता में शिक्षक प्रकोष्ठ के पूर्व पदाधिकारियों एवं शिक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश में चल रहे संगठन सृजन अभियान को गति देने तथा प्रदेश में नई कार्यकारिणी के गठन के उद्देश्य से संपन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री उपस्थित रहे। शिक्षक प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ.अमित कुमार राय ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री को पुष्प कुछ भेंट कर बैठक की औपचारिक शुरुआत की।

बैठक में सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने शिक्षक समाज के निर्माता हैं। शिक्षक अपने विचारों से राजनीति के पथ को प्रदर्शित करता है, देश एवं समाज की दिशा और दशा निधारित करते हैं। मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि प्रदेश कांग्रेस का शिक्षक प्रकोष्ठ आने वाले समय में शिक्षकों की समस्याओं एवं मुद्दों न केवल प्रमुखता से उठाएगा बल्कि आवश्यकता पड़ने पर सड़कों पर उतरकर व्यापक संघर्ष भी करेगा। अपने अध्यक्षीय सम्बोधित कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ के नव नियुक्त चेयरमैन डॉ.अमित कुमार राय ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने जो मुझ पर विश्वास जताया है मैं पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से उस पर खरा उतरते हुए पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को अधिक से अधिक शिक्षकों के बीच पहुंचाने के कार्य के साथ-साथ वर्तमान समय में शिक्षकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनके निदान हेतु आप सभी के सहयोग से व्यापक आंदोलन किया जाएगा। डॉ.अमित राय ने कहा कि आने वाले 100 दिनों में प्रत्येक स्कूलों में शिक्षकों को अपने संगठन से जोड़ते हुए संगठन में वित्त पोषित, वित्त विहीन, मदरसा, संस्कृत विद्यालय एवं अन्य सभी शिक्षकों को शामिल कर प्रदेश में एक सशक्त संगठन का निर्माण किया जाएगा।

बैठक में मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी, डॉ.निर्मल कुमार श्रीवास्तव, डीएम रिजवी, डॉ.मो.इसरार, डॉ.आदित्य मिश्रा, डॉ. राहुल प्रताप सिंह, राजेश कुमार गुप्ता, महेन्द्र कुमार, मयंक शेखर, महेन्द्र मिश्र, बिट्टू कुमार राठी, तनवीर आलम, प्रेमचन्द्र यादव, अनंतराम सिंह, सुनील कुमार चौबे, नंदलाल यादव, अंकित पाल, दयाराम वर्मा आदि शिक्षक शामिल हुए।

## संसदीय परंपराओं, विधायी विषयों पर विचार विमर्श करेंगे पीठासीन अधिकारी : महाना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** 86वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन एवं भारत की विधानसभाओं विधान परिषदों के सचिवों का 62वां सम्मेलन 18 से 21 जनवरी तक लखनऊ में हो रहा है। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा, इस राष्ट्रीय आयोजन की मेजबानी उत्तर प्रदेश विधानमंडल द्वारा जा रही है। सम्मेलन अंतर्गत देशभर से आए पीठासीन अधिकारी, सचिव एवं प्रतिनिधि विधायी प्रक्रियाओं, संसदीय परंपराओं, सदन संचालन, सुशासन तथा समसामयिक विधायी विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श करेंगे। सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपसभापति राज्यसभा



हरिवंश नारायण सिंह, सभापति विधान परिषद कुंवर मानवेंद्र सिंह, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश विधानसभा सतीश महाना सहित देश के विभिन्न राज्यों एवं विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी,सभापति, अध्यक्ष एवं सचिव सहभागिता कर रहे हैं। 19 जनवरी को सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन विधान भवन, लखनऊ में होगा। उद्घाटन सत्र में संवैधानिक पदों पर आसीन महानुभावों की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदर्शनी का उद्घाटन, समूह चित्र एवं विभिन्न समितियों की बैठकें होंगी।20 जनवरी को पूर्ण सत्र के दौरान एजेंडा बिंदुओं पर गहन चर्चा की जाएगी। उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन भी होगा। 21 जनवरी को समापन सत्र में संवैधानिक पदाधिकारियों के प्रेरक संबोधन होंगे।

सम्मेलन में विधायी परंपराओं, संसदीय नवाचारों तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने से जुड़े विषयों पर संवाद स्थापित किया जाएगा। सम्मेलन के उपरांत 22 जनवरी को प्रतिभागियों के लिए अयोध्या धाम भ्रमण का कार्यक्रम निर्धारित है, जबकि 23 जनवरी को प्रतिनिधियों का प्रस्थान होगा।

## आज की महिला हर क्षेत्र में पहचान बना रहीं : पद्मिनी कोल्हापुरे

- मिस एवं मिसेज़ उत्तर प्रदेश क्वीन ऑफ़ एक्सीलेंस 2026 का ग्रैंड फ़िनाले आयोजित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मिस एवं मिसेज़ उत्तर प्रदेश क्वीन ऑफ़ एक्सीलेंस 2026 का ग्रैंड फ़िनाले 18 जनवरी की शाम को आयोजित किया गया। यह भव्य आयोजन होटल रेज़नेंट, निराला नगर, लखनऊ में संपन्न हुआ ।

इस अवसर पर प्रसिद्ध अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि सेलिब्रिटी होस्ट सिमरन आहूजा ने



कार्यक्रम का संचालन किया। इसका आयोजन प्रतिवर्ष डॉ. आकांक्षा गोगना क्रिएटिव आई फ़ाउंडेशन द्वारा किया जाता है। जो एक डॉक्टर होने के साथ-साथ मिसेज़ इंडिया क्वीन ऑफ़ सब्सटांस और मिसेज़ एलिगेंट 2021 का खिताब भी जीत चुकी हैं।

इस अवसर पर अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे ने अपने विचार रखते हुए कहा कि मिस एवं मिसेज़ उत्तर प्रदेश क्वीन ऑफ़ एक्सीलेंस केवल एक ब्यूटी पेजेंट नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के आत्मविश्वास, प्रतिभा और सशक्तिकरण का एक सशक्त मंच है। आज की महिला हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है, और ऐसे मंच उन्हें अपने सपनों को पूरा करने का साहस और अवसर प्रदान करते हैं। यह मंच केवल सौंदर्य प्रतियोगिता नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास, प्रतिभा और आत्मनिर्भरता का सशक्त उत्सव है। आज की महिला हर भूमिका में उत्कृष्ट है—चाहे वह घर हो, करियर हो या समाज—और ऐसे मंच उसे अपनी पहचान बनाने का अवसर देते हैं। पेजेंट की जूरी में कई प्रतिष्ठित नाम शामिल हैं, जिनमें डॉ. सुकेशिनी अग्रवाल (एमबीबीएस, डिजिओ), मिसेज़ इंडिया वर्ल्डवाइड - बियॉन्ड गिविंग 2019, कीर्ति मिश्रा, मिसेज़ इंडिया वर्ल्डवाइड 2018, अल्पा शाह, मिसेज़ यूनिवर्स एलोक्रेंस 2022 तथा रिंकी वर्मा, मिसेज़ इंडिया बॉडी ब्यूटीफुल 2021 शामिल हैं।

**तैयारी** | सेंट्रल रिसर्च सेंटर से एमओयू की चल रही कवायद, अति गंभीर बीमारियों पर होगी रिसर्च

# योगी सरकार के आयुष अस्पताल बनेंगे रिसर्च सेंटर हब

- रिसर्च के आधार पर तैयार होगा स्टैंडर्ड ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आयुष चिकित्सा पद्धतियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं। आयुष अस्पताल अब केवल इलाज तक सीमित नहीं रहेंगे बल्कि उन्हें रिसर्च सेंटर हब के रूप में विकसित करने पर विचार किया जा रहा है। इसके लिए सेंट्रल रिसर्च सेंटर के साथ एमओयू किया जाएगा। कैंसर, डायबिटीज, हृदय रोग समेत कई अति गंभीर और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों पर आयुष चिकित्सा पद्धतियों से शोध किया जाएगा।प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आयुर्वेद, योग, यूनानी व होम्योपैथी को स्वास्थ्य व्यवस्था की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए लगातार ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

योगी सरकार का मानना है कि आधुनिक चिकित्सा के साथ आयुष पद्धतियों का समन्वय न केवल इलाज को अधिक प्रभावी बनाएगा, बल्कि रोगों की रोकथाम और दीर्घकालिक स्वास्थ्य सुनिश्चित करने में भी मददगार होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इच्छा के अनुरूप प्रदेश के चयनित आयुष अस्पतालों




को रिसर्च-ओरिएंटेड सेंटर के रूप में विकसित करने पर मंथन चल रहा है। यहां उपचार के साथ रोगों के कारण, प्रभाव, जीवनशैली, खानपान और आयुष आधारित उपचार पद्धतियों पर डाटा आधारित शोध किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य आयुष आधारित उपचारों की प्रभावशीलता को वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ स्थापित करना है। सेंट्रल रिसर्च सेंटर से एमओयू के बाद आयुष चिकित्सकों को रिसर्च ट्रेनिंग, आधुनिक लैब सुविधाएं और तकनीकी सहयोग मिलेगा। इस रिसर्च का फोकस उन बीमारियों पर होगा, जिनका बोझ तेजी से बढ़ रहा है। कैंसर और डायबिटीज के अलावा उच्च रक्तचाप, मोटापा, थायरॉइड, हृदय रोग, जोड़ों के रोग और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं भी रिसर्च के दायरे में रहेंगी। प्रमुख सचिव ने बताया कि सेंट्रल रिसर्च सेंटर से होने वाले एमओयू के बाद उत्तर प्रदेश आयुष रिसर्च के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी राज्य बनने की ओर बढ़ेगा। योगी सरकार का उद्देश्य है कि रिसर्च के निष्कर्षों के आधार पर स्टैंडर्ड ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल तैयार किए जाएं, जिन्हें देश-विदेश में अपनाया जा सके। इससे आयुष चिकित्सा की विश्वसनीयता और प्रभाव दोनों बढ़ेंगे।

## प्लीज ग्रोअप फिजिटल सड़क सुरक्षा कैंपेन शुरू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भारत में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली अधिकांश मौतों का मुख्य कारण मानवीय भूल है। इसे देखते हुए उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने प्लीज़ग्रोअप नाम से एक फिजिटल (डिजिटल + फिजिकल) सड़क सुरक्षा जागरूकता कैंपेन शुरू किया है। इस कैंपेन का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं के सबसे अनदेखे कारणों में से एक- सड़क पर अपरिपक्व और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार पर ध्यान केंद्रित करना है।

अक्सर सड़क दुर्घटनाओं का दोष बुनियादी ढाँचे या यांत्रिक विफलता पर मढ़ दिया जाता है, जबकि हकीकत में अधिकांश मौतें टाले जा सकने वाले मानवीय व्यवहार जैसे कि तेज रफ्तार, सिग्नल तोड़ना, गाड़ी चलाते समय ध्यान भटकना, नशे में गाड़ी चलाना और बुनियादी सुरक्षा नियमों की



अनदेखी के कारण होती हैं। इस कैंपेन का इरादा रोजमर्रा की ड्राइविंग आदतों को आईना दिखाकर आत्म-चिंतन और जवाबदेही को प्रोत्साहित करना है।

प्लीज़ ग्रोअप के माध्यम से, उज्जीवन बैंक सड़क की लापरवाही को उसके वास्तविक स्वरूप में पेश करता है, जो न तो बहादुरी है, न ही कूल है और न ही वयस्कों वाला व्यवहार है, बल्कि पूरी तरह से बचकाना है। यह कैंपेन व्यंग्य और दृश्यात्मक विषमता का उपयोग करता है, जिसमें गैर-जिम्मेदाराना ड्राइविंग व्यवहार को बेबी टॉक (बच्चों जैसी भाषा) और बच्चों वाली कल्पनाओं के जरिए दिखाया गया है। यह रचनात्मक दृष्टिकोण इस तरह से तैयार किया गया है कि लापरवाही भरा व्यवहार सार्वजनिक सड़कों पर उतना ही अनुचित और अजीब लगे जितना कि वह वास्तव में है। शॉर्ट-फॉर्म वीडियो, डिजिटल सामग्री और सोशल मीडिया कहानियों के माध्यम से फैला यह कैंपेन दिखाता है कि कैसे एक लापरवाह निर्णय निर्दोष लोगों के लिए जीवन बदलने वाले गंभीर परिणाम ला सकता है। कैंपेन का हर हिस्सा एक ही सरल सत्य पर जोर देता है, जब आप सड़क के नियम तोड़ते हैं, तो आप एक बच्चे की तरह व्यवहार कर रहे होते हैं और अब सुधरने का समय आ गया है।

## खबरें एक नजर में

### 65 वर्षीय बुजुर्ग ने लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर की आत्महत्या

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के इंद्रानगर कॉलोनी में रविवार सुबह एक 65 वर्षीय बुजुर्ग ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान नरेश चंद्र शुक्ला के रूप में हुई है। रविवार सुबह करीब नौ बजे नरेश चंद्र शुक्ला के छोटे भाई उमेश शुक्ला पास के मंदिर में जल चढ़ाने गए थे। इसी दौरान घर के अंदर से गोली चलने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनते ही आसपास के लोग और उमेश शुक्ला दौड़कर कमरे में पहुंचे, जहां नरेश चंद्र शुक्ला का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही सदर बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या के कारणों को जानने के लिए परिजनों से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। परिजनों के अनुसार नरेश चंद्र शुक्ला अपने छोटे भाई उमेश शुक्ला और बीमार बेटे प्रिंस शुक्ला के साथ रहते थे। उनकी पत्नी विजय शुक्ला का करीब पांच वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। उनकी दो बेटियां शुभ्रा और गीता हैं, जिनकी शादी हो चुकी है।

### निगोही नाइट राइडर्स की शानदार जीत



**निगोही, शाहजहांपुर।** निगोही प्रीमियर लीग (NPL-10) के लीग मुकाबले में निगोही नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स निगोही को 34 रनों से हराकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। रविवार को एनपीएल ग्राउंड पर खेले गए इस रोमांचक मैच में बाबू हरी के तूफानी अर्धशतक और बेहतरीन गेंदबाजी ने मैच का रुख मोड़ दिया। **बाबू हरी का तूफान-** 10 छक्के और 86 रन रॉयल चैलेंजर्स निगोही ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। निगोही नाइट राइडर्स की शुरुआत बेहद खराब रही और केवल 11 रन पर उनके 5 विकेट गिर गए थे। इसके बाद बाबू हरी ने मोर्चा संभाला और मात्र 43 गेंदों पर 86 रनों की आक्रामक पारी खेली, जिसमें 10 गगनचुंबी छक्के और 5 चौके शामिल थे। उन्हें अमन ठाकुर (44 रन) और मोहित (40 रन) का अच्छा साथ मिला, जिसकी बदौलत टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 190 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। विपक्षी टीम की ओर से असद अंसारी, कैफ और नसीम खान ने विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ढेर हुई रॉयल चैलेंजर्स 191 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स निगोही की टीम नियमित अंतराल पर विकेट खोती रही। उवांश चौहान ने 29 रन और कैफ ने 20 रनों का योगदान दिया, लेकिन नाइट राइडर्स के गेंदबाजों के सामने कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं सका। पूरी टीम 19.2 ओवरों में 156 रनों पर सिमट गई।

### 40 दिवसीय समूह साधना का दीपयज्ञ के साथ समापन

**शाहजहांपुर।** गायत्री शक्तिपीठ गौहरपुरा में जन्मशताब्दी 2026 समारोह के अंतर्गत आयोजित 40 दिवसीय समूह साधना का समापन रविवार को दीपयज्ञ एवं पूर्णाहुति के साथ श्रद्धा व आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। यह साधना 9 दिसंबर 2025 से प्रारंभ होकर 17 जनवरी 2026 तक चली। समापन दिवस पर शक्तिपीठ ट्रस्टी जयसिंह यादव एवं गायत्री परिजन अनुपम जी ने सपत्नीक पूजन कर जप-साधना का शुभारंभ किया। इसके पश्चात सभी साधकों ने सामूहिक रूप से जप में सहभागिता की। गुरुदेव के ओमकार गुंजन एवं मंत्रोच्चार के माध्यम से प्रतिदिन सायं 6 से 7 बजे तक एक घंटे का सामूहिक आध्यात्मिक प्रयोग किया गया। 40 दिवसीय साधना अवधि में कुल 16,45,900 जप पूर्ण किए गए। साधना के अंतिम दिन साधकों ने दीपयज्ञ कर पूर्णाहुति अर्पित की। इस अवसर पर जिला समन्वयक सूरज वर्मा ने बताया कि शताब्दी वर्ष के अंतर्गत अखंड दीप एवं मां भगवती जन्मशताब्दी कार्यक्रम बैरागी द्वीप, हरिद्वार में 18 जनवरी 2026 को ध्वज वंदन समारोह से प्रारंभ होकर 24 जनवरी 2026 को समापन समारोह के साथ संपन्न होगा। इसमें जनपद शाहजहांपुर से 50 से अधिक गायत्री परिजनों की सहभागिता रहेगी। समापन अवसर पर सभी साधकों को प्रसाद स्वरूप गायत्री मंत्र लेखन एवं जप माला भेंट की गई। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी राजाराम मौर्य एवं जिला समन्वयक सूरज वर्मा ने 40 दिवसीय समूह साधना में सहभागिता करने वाले सभी साधकों को साधुवाद व शुभकामनाएं दीं।

### एआरटीओ ने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगाए रिफ्लेक्टर, ओवरलोडिंग पर की कार्रवाई

**शाहजहांपुर।** सड़क सुरक्षा माह के तहत रविवार को जनपद में परिवहन विभाग के द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। उप संभागीय प्रवर्तन हरिओम कुमार ने निगोही रोड स्थित डालमिया चीनी मिल परिसर में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए। अभियान के दौरान कुल 65 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप चस्पा किए गए। इस अवसर पर किसानों और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। घने कोहरे के मौसम में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टिव टेप अनिवार्य रूप से लगाने के लिए प्रेरित किया गया। एआरटीओ हरिओम ने बताया कि रेट्रो रिफ्लेक्टर से रात्रि के समय दुर्घटनाओं की आशंका कम होती है। वहींजनपद में क्षमता से अधिक सवारी ढोने के विरुद्ध भी सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान दो ऑटो सीज किए गए, जबकि दो अन्य ऑटो का चालान किया गया। एआरटीओ प्रवर्तन हरिओम ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

### मस्जिद खुरमा में कारी दादा का 9वां तीन दिवसीय उर्स श्रद्धा और अकीदत के साथ सम्पन्न





**शाहजहांपुर।** मोहल्ला मुल्ला खेल स्थित मस्जिद खुरमा में कारी दादा का 9वां सलाना तीन दिवसीय उर्स पूरे शान-ओ-शौकत और अकीदत के साथ सम्पन्न हुआ। उर्स की शुरुआत शुक्रवार 16 जनवरी को सुबह कुरआन ख्वानी से हुई। शाम को चादरपोशी की रस्म अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में जायरीन शामिल हुए। शनिवार 17 जनवरी को रात 8 बजे हाफिज फ़राज़ बरकाती के आवास पर मिलाद शरीफ का आयोजन किया गया। इस मौके पर नातख्वानों ने नात-ए-सरकार पढ़ीं, जिन्हें सुनकर जायरीन भावविभोर हो गए। इसके बाद मौलाना रियाज़ ने तकरीर करते हुए कारी दादा की सीरत पर रोशनी डाली। फैजान मिस्बाही ने तालीम पर ज़ोर देते हुए कहा कि इस्लाम में इल्म हासिल करने का विशेष महत्व है। कार्यक्रम के अंत में सलाम पेश किया गया और देश की तरक्की व अमन-चैन के लिए दुआ की गई। रविवार सुबह 9 बजे कुल शरीफ के साथ उर्स का समापन हुआ। इस अवसर पर मस्जिद खुरमा के इमाम असलम बरकाती, ताहिर खान, मो. राजिक खां, एडवोकेट कलीम, तौकीर खां, मो. सलीम खां, डॉ. अब्दुल रशीद उर्फ गुड्डू, कामिल बरकाती, फ़राज़ बरकाती, अरसलान चिश्ती, वजाहत खां, शोएब खां, नवाज खां, आतिफ खां, अमान खां, अक़दस खां, आलम सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

# डीईओ ने मिश्रीपुर, हथौड़ा बुजुर्ग के बूथों का किया निरीक्षण

▸ निरीक्षण के दौरान एसडीएम भी साथ में रहे मौजूद

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने उप जिलाधिकारी सदर संजय कुमार पाण्डेय के साथ मिश्रीपुर, हथौड़ा बुजुर्ग के बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षक दौरान जिलाधिकारी ने बीएलओ द्वारा फार्म-06 प्राप्त की जानकारी ली। उन्होंने प्राप्त फार्मो का अवलोकन करते हुए बीएलओ को निर्देश दिए कि पूरे फॉर्म को अच्छे से भरवाएं और अच्छे क्वालिटी की फोटो ली जाए।

खंड विकास अधिकारी भावल खेड़ा द्वारा अवगत कराया गया कि सभी बीएलओ ड्यूटी पर नहीं आए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अनुपस्थित बीएलओ की सूची उपलब्ध कराएं, उन पर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्यों के अन्तर्गत 6 जनवरी, 2026 को आलेख्य प्रकाशित मतदाता सूची को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेविल अधिकारियों द्वारा पढ़कर सुनाया गया। सभी ईआरओ/एईआरओ, बीएलओ सुपरवाइजर तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भ्रमण कर कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 के अन्तर्गत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि में आयोग द्वारा विशेष अभियान की अब शनिवार और रविवार) को सम्बन्धितों द्वारा कार्यवाहियां सुनिश्चित कराई जाएगी। निर्वाचक नामावली में यदि कोई त्रुटि परिलक्षित हो रही है तो उस त्रुटि को दूर करने हेतु आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही की जायेगी तथा 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी अर्ह मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किये जाने की कार्यवाही की जायेगी तथा फार्म-6 प्राप्त किये जायेंगे। विशेष अभियान की तिथियों में निर्वाचक नामावली सभी मतदान केन्द्रों पर निःशुल्क नाम देखने हेतु उपलब्ध रहेगी। अर्ह व्यक्तियों द्वारा मतदाता सूची में नाम शामिल कराये जाने के लिए फार्म-6, सूची से नाम अपमार्जित कराये जाने के लिए फार्म-7 पर तथा सूची में विद्यमान प्रविष्टि में संशोधन / प्रविष्टि को स्थानान्तरित कराये जाने के लिए फार्म-8 पर आवेदन बूथ लेविल अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है। इस अवसर पर संबधित अधिकारी एवं नागरिकगण व जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहें।

## वोटर बनाने के लिए अभियान शुरू



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

▸ पार्षद रामबरन सिंह चंदेल ने बूथ अध्यक्षों के साथ की बैठक, नए मतदाताओं को जोड़ने का किया संकल्प

पार्षद रामबरन सिंह चंदेल ने अपने ऑफिस में भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री सौरभ सोमवंशी सिंह और बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने नए वोट बनाने और वोट न छूटने देने के लिए विशेष प्रयास करने पर जोर दिया। पार्षद रामबरन सिंह चंदेल ने कहा कि जिन लोगों के वोट नहीं बने हैं, वे कार्यालय पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि बूथ अध्यक्ष अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर वोट बनाने का कार्य कर रहे हैं। जिला मंत्री सौरभ सोमवंशी सिंह ने बूथ अध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र में वोट बनाने के लिए विशेष प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सभी मतदाताओं को चाहिए कि वह अपने फॉर्म को तत्काल भरकर जरूरी प्रपत्रों के साथ जमा करें। बैठक में अनूप मिश्रा, बूथ अध्यक्ष संजय वर्मा, मनीष शर्मा, मनोज यादव, राजीव कुमार, सरवन दीक्षित आदि मौजूद रहे। पार्षद रामबरन सिंह चंदेल ने कहा कि नए वोटरों को नहीं छूटने देंगे एक भी वोट, हम सब मिलकर वोट बनाने का कार्य करेंगे।

# अधिकारियों ने मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के कार्यक्रम के अन्तर्गत आज जनपद की समस्त 06 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के सभी मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया गया तथा अर्ह व्यक्तियों से मतदाता सूची में नाम शामिल कराये जाने के लिए फार्म 6. सूची से नाम अपमार्जित कराये जाने के लिए फार्म-7 तथा सूची में विद्यमान प्रविष्टियों में संशोधन अथवा प्रविष्टि को स्थानान्तरित कराये जाने के लिए फार्म 8 पर आवेदन प्राप्त किये जाने का कार्य किया गया। उक्त कार्य के पर्यवेक्षण के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों/अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा बीएलओ सुपरवाइजर्स द्वारा मतदेय स्थलों का भ्रमण किया गया।

### धान खरीद घोटाले की जांच को लेकर शासन सख्त, शाहजहांपुर में बनी उच्चस्तरीय समिति

**शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव विजय सिंह ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान जनपद शाहजहांपुर में धान खरीद में गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की शिकायतों को उत्तर प्रदेश शासन ने गंभीरता से लिया है। सांसद, नेता प्रतिपक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजे गए शिकायती पत्रों के बाद खाद्य एवं रसद विभाग ने मामले की जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। शाहजहांपुर लोकसभा सांसद अरुण कुमार सागर, विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय सहित कई जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने पीसीएफ के जिला प्रबंधक यशवीर चौधरी पर धान खरीद में व्यापक भ्रष्टाचार, फर्जी खरीद, अवैध वसूली और किसानों के शोषण के गंभीर आरोप लगाए थे। शिकायतों के अनुसार धान क्रय केंद्रों पर वास्तविक किसानों से खरीद न कर फर्जी काश्तकारों के नाम पर खरीद दर्शाई गई। इसके लिए आधार कार्ड, भूमि अभिलेख और किसान पंजीकरण में बड़े पैमाने पर हेराफेरी की गई। आरोप है कि दलालों और राइस मिल मालिकों से मिलीभगत कर प्रति कुंतल अवैध वसूली की गई तथा पीडीएस के चावल की आपूर्ति एफसीआई को दर्शाई गई। मामले की जांच के लिए गठित समिति में खाद्य एवं रसद विभाग के विशेष सचिव अतुल सिंह को अध्यक्ष बनाया गया है। समिति में संयुक्त आयुक्त, लखनऊ मंडल पार्थ अच्युत को सदस्य तथा जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी सौरभ यादव को सदस्य सचिव नामित किया गया है। समिति को एक सप्ताह के भीतर सभी शिकायतों की गहन जांच कर रिपोर्ट शासन को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। जांच समिति के गठन से जिले के किसानों में न्याय की उम्मीद जगी है। वहीं विपक्षी दलों ने दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई और किसानों को हुए नुकसान की भरपाई की मांग की है।

# असंतुलित ट्रक ने जीजा-साले को रौंदा, दोनों की मौत

▸ घने कोहरे में अचानक ट्रक के सामने आ गया आवारा जानवरों का झुंड, जीजा बाइक से साले को हाईवे पर आया था छोड़ने

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



रविवार की सुबह सीतापुर बरेली हाईवे पर चकभिटारा के पास बड़ा हादसा हो गया। घने कोहरे चलते ट्रक असंतुलित होकर सड़क के किनारे खड़े ऑटो रिक्शा व बाइक पर चढ़ गया। जिससे ऑटो चालक सहित जीजा साला गंभीर रूप में घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही रोजा पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से उपचार के लिये जिला अस्पताल भेज दिया, जहां डॉक्टर ने उपचार के दौरान जीजा साले को मृत्यु घोषित कर दिया। जबकि ऑटो चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही मृतको के परिवार के लोग भी राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

बताया जाता है कि रविवार की सुबह घना कोहरा होने के कारण सीतापुर बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीतापुर की ओर से आ रहे ट्रक के सामने अचानक आवारा जानवरों का झुंड आ जाने से चालक ट्रक का असंतुलन खो बैठा और ट्रक डिवाइडर तोड़ता हुआ दूसरी लेन में आ गया। तभी शाहजहांपुर की ओर से सीतापुर की ओर जा रहे ट्रक ने ट्रक को रोकने का प्रयास किया तो ट्रक खसीटता हुआ सड़क के किनारे आटो को टक्कर मारते हुए बाइक पर बैठे गांव चकभिटारा निवासी महावीर (40) व उनके साले हेमनाथ (30)निवासी पालचक थाना मोहम्मदी जिला लखीमपुर खीरी के ऊपर चढ़ गया। इस हादसे में आटो चालक विनीत पुत्र संतोष निवासी रतमपुर थाना उचौलिया जिला लखीमपुर सहित गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना रोजा प्रभारी राजीव कुमार मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने सभी तीनों घायलों को एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जहां डॉक्टर ने उपचार के दौरान महावीर व हेमनाथ को मृत्यु घोषित कर दिया, जबकि ऑटो चालक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने घटना की जानकारी उनके परिजनों को दी घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजन भी राष्ट्रीय मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने सब कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बीएसए कार्यालय पर संयुक्त शिक्षक संघर्ष समिति का धरना-प्रदर्शन आज

**शाहजहांपुर।** संयुक्त शिक्षक संघर्ष समिति द्वारा जनपद के 271 शिक्षक/शिक्षिकाओं के विरुद्ध शासनादेशों एवं विभागीय आदेशों की अवहेलना करते हुए किए गए उत्पीड़नात्मक समायोजन आदेशों के विरोध में कल 19 जनवरी (सोमवार) को प्रातः 11 बजे से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन एवं धरना दिया जाएगा। संयुक्त शिक्षक संघर्ष समिति ने जनपद के समस्त शिक्षकों से शिक्षक एकता व एकजुटता का परिचय देते हुए शत-प्रतिशत सहभागिता की अपील की है। संयुक्त शिक्षक संघर्ष समिति की आज सम्पन्न बैठक में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मुनीश मिश्र ने कहा कि समायोजन प्रक्रिया में दिव्यांग शिक्षकों, महिला शिक्षकों तथा गम्भीर बीमारियों से ग्रस्त शिक्षकों को 60-70 किलोमीटर दूर समायोजित किया गया, जो स्पष्ट रूप से शासनादेश में दिए गए निर्देशों का उल्लंघन है। शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि समायोजन के नाम पर दर्जनों विद्यालयों को खोलने के बजाय बंद कर दिया गया है तथा 150 से अधिक छात्र संख्या वाले विद्यालयों के प्रधान अध्यापकों का भी दूरस्थ विकास खंडों में समायोजन कर दिया गया, जिससे शैक्षिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। यूटा के जिला महामंत्री हरिशंकर ने आरोप लगाया कि समायोजन में ऐसे शिक्षकों के नाम भी दर्शाए गए हैं जो न तो संबंधित विद्यालय में कार्यरत हैं और न ही पूरे विकास खंड में उनकी तैनाती रही है, जो गंभीर अनियमितता का प्रमाण है। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के अनीस अहमद ने कहा कि समायोजन प्रक्रिया निष्पक्ष एवं स्वच्छ मानसिकता से न होकर उत्पीड़न की दृष्टि से की गई है, जिसका प्रमाण यह है कि लगभग 95 प्रतिशत समायोजित शिक्षक/शिक्षिकाओं ने आपत्तियाँ प्रस्तुत की हैं। बैठक में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री देवेश बाजपेई, जिला कोषाध्यक्ष रविन्द्र पाल प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी, शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री अंकुर त्रिपाठी, शैलेश सक्सेना, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला महामंत्री संदीप मिश्रा, बीटीसी शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राजकमल आर्य, प्रदीप सिंह, वारिस अली सहित अनेक शिक्षक नेता उपस्थित रहे। संयुक्त शिक्षक संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि यदि उत्पीड़नात्मक समायोजन आदेशों को तत्काल निरस्त नहीं किया गया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 कार्यक्रम का सजीव प्रसारण अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमतीनगर, लखनऊ से प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत 02 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे 2,000 रूपये करोड़ की अनुदान राशि के अंतरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, नगर आयुक्त डॉ विपिन कुमार मिश्र, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के चयरमैन तथा लाभार्थियों की उपस्थित रहे। जनपद के प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत नगर निगम सहित सभी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के कुल 3650 लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे 01 लाख रुपये की प्रथम किस्त की अनुदान राशि के अंतरण की गई तथा प्रधानमंत्री आवास शहरी के स्वीकृत पत्र वितरित किए गए। जिलाधिकारी ने लाभार्थियों को पक्का आवास मिलने की बधाई दी। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना केंद्र और प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका लक्ष्य शहरी क्षेत्रों के प्रत्येक पात्र गरीब परिवार को सुरक्षित, स्थायी और सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराना है। इस योजनान्तर्गत हर गरीब पात्र व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास शहरी का लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत पात्र लाभार्थियों का चयन शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया गया है। केंद्र सरकार ने गरीबों को अपनी छत मुहैया कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी संचालित की है। उन्होंने बताया कि शेष पात्र परिवारों को भी योजना का लाभ दिलाने के लिए लगातार कार्य जारी है। जिलाधिकारी ने लाभार्थियों से अपील की कि वे आवास निर्माण कार्य को समय पर मानक के अनुसार और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करें।

# पत्नी हन्ता गिरफ्तार, हत्यारा बेटा फरार

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



घरेलू विवाद के चलते पति व बेटे द्वारा लाठी डंडों से पीट पीट कर की गई हत्या मामले में पुलिस ने पत्नी हन्ता पति महाराज सिंह को हत्या में प्रयुक्त लाठी समेत गिरफ्तार कर लिया। जबकि आरोपी बेटा हरि सुमिरन अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है । बता दें कि शुक्रवार दे शाम करीब छह बजे गांव जोधपुर नवदिया में घरेलू विवाद के चलते महाराज सिंह अपनी पत्नी माया देवी को लाठी से पीटकर हत्या कर दी। इस मामले में महाहार सिंह का बड़े बेटे हरि सुमिरन ने भी साथ दिया था। मृतका माया देवी के लखीमपुर क्षेत्र निवासी बड़े भाई माहताव सिंह ने भांजे व बहनोई के खिलाफ हत्या की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी । रविवार को अपरान्ह डेढ़ बजे इंस्पेक्टर क्राइम ने टीम के साथ तिलहर - जैतीपुर तिराहे से वांछित महाराज सिंह गिरफ्तार कर लिया और उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लाठी भी बरामद कर ली। वहीं पुलिस आरोपी बेटे हरि सुमिरन की तलाश में संभावित ठिकानों पर दविश दे रही है। लेकिन वाह गिरफ्त से बाहर है।

# मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई ढाई घाट पर श्रद्धा की डुबकी

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



रविवार को मौनी अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने कड़ाके की ठंड के बावजूद पवित्र गंगा नदी में मौन रहकर आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने स्नान ध्यान करने के बाद पंडे पुजारियों को दान दक्षिणा देकर साथ ही कन्या भोज करवा कर पुण्य अर्जित किया।श्रद्धालुओं की भारी भीड़ शाम तक गंगा घाटों पर उमड़ती रही। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मेले मे चल रहे धार्मिक कार्यक्रम और अनुष्ठानों मे भाग लिया और जरूरत के सामान की खरीदारी की। श्रृंगी ऋषि की तपोस्थली ढाई घाट गंगा पर चल रहे माघ मेला रामनगरिया मे मौनी अमावस्या के पर्व पर श्रद्धालुओं का रेला उमङ पड़ा। माघ माह के स्नान पर्व पर पवित्र गंगा में डुबकी लगाने के लिए पड़ोसी जिलों के श्रद्धालुओं की भीड़ शनिवार की शाम से ही गंगातट पर पहुंचने लगी थी। सर्द हवाओं व गलन के बीच गंगा तट पर कल्प वास कर रहे सन्तो के अखाड़े में श्रद्धालुओं ने पूरी रात भजन कीर्तन करने के बाद ब्रम्ह मुहुर्त में सर्दी को मात देते हुए गंगा में पुण्य की डुबकी लगाई।स्नान पर्व पर सबसे पहले कल्प वास कर रहे रहे संतो ने हरि हर बोलो मौनी खोलो और शंख ध्वनि के साथ ब्रह्म मुहुर्त मे स्नान किया । उसके बाद स्नान का सिलसिला शाम तक चलता रहा।दिन चढ़ने के साथ धूप निकलने से गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती गई।गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पुरोहितों, भिखारियों को तिल, वस्त्र, उड़द आदि अन्न का दान किया।गौरतलब हो ढाई घाट गंगा तट पर स्नान, दान का अपना अलग ही महात्म्य है।मौनी अमावस्या पर मौन रह पुण्यकाल में मोक्ष दायिनी गंगा में डुबकी लगाने से मान्यता है जन्म जन्मांतर के पापों से मुक्ति मिलती है। श्रद्धालुओं ने संतों के अखाड़ो मे चल रहे धार्मिक अनुष्ठानों मे भाग लिया। मेले मे लगी मीना बाजार व अन्य बाजारों से श्रद्धालुओं ने जरूरत का सामान खरीदा, तो वही मेला स्थल पर ब्रहम कुमारी आश्रम द्वारा लगाए गए पंडाल में बारह ज्योर्तिलिंगों की झांकिया देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो रहे है। साथ ही बच्चो ने मेले मे लगे झूलो का जमकर आनन्द उठाया, तो वही मेलार्थियों की सुरक्षा में भरी पुलिस बल मुस्तैद दिखाई दिया।

# डीएम ने श्रीगणेश सर्वमंगलम् हाट का किया शुभारंभ

- जिलाधिकारी ने कहा- ऐसे आयोजन हमारी आस्था और आत्मनिर्भरता का संगम जैसे

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।



जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने खत्री धर्मशाला, घूरनतलैया में गणेश सर्वमंगलम् हाट भक्ति, संस्कृति और स्वरोजगार का सुंदर संगम बनकर उभरी कार्यक्रम का भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। जिलाधिकारी के आगमन पर गुरुनानक पाठशाला के बच्चों ने बैंड की मधुर धुन के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम की आयोजक पूनम मेहरोत्रा ने बताया कि यह हाट स्थानीय कारीगरों, महिला उद्यमियों और सामाजिक संस्थाओं को मंच देने का प्रयास है। हाट परिसर में हस्तशिल्प, मिट्टी के बर्तन, पारंपरिक परिधान, घर की सजावट, जैविक उत्पाद, पूजा सामग्री, और स्थानीय व्यंजनों सहित अनेक आकर्षक स्टॉल लगाए गए। छोटे व्यापारी और जरूरतमंद कारीगर बिना किसी आर्थिक बोझ के अपनी कला प्रदर्शित कर सकें। जिलाधिकारी ने सभी स्टॉलों का अवलोकन किया और महिला स्वयं सहायता समूहों, शिल्पकारों व विद्यार्थियों से संवाद भी किया। उन्होंने गुरुनानक कन्या पाठशाला के बच्चों तथा प्रधानाचार्य हरमीत कौर तथा शिक्षिका ललिता यादव को प्रतीक स्वरूप गाय की मूर्ति भेंट कर उनके योगदान की सराहना की। जिलाधिकारी ने कहा ऐसे आयोजनों से हमारी सांस्कृतिक विरासत को सशक्त करते हैं और स्थानीय प्रतिभाओं को पहचान दिलाते हैं। जब परंपरा और आत्मनिर्भरता साथ चलते हैं, तभी समाज का वास्तविक विकास होता है। मेरा प्रयास रहेगा कि शाहजहांपुर में ऐसे रचनात्मक मंच निरंतर बढ़ें, ताकि हर बेटी, हर कारीगर और हर युवा को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिले।

# कृपाल आश्रम में सत्संग और नेत्र शिविर का आयोजन

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।



सावन कृपाल रूहानी मिशन की स्थानीय शाखा कृपाल आश्रम में 18 जनवरी को प्रातः 9:30 बजे से 12:00 बजे तक सत्संग का कार्यक्रम हुआ। इसी दिन 34 वें निशुल्क मोतियाबिंद नेत्र शिविर का भी आयोजन किया गया। शंकरा आई हॉस्पिटल कानपुर की एक टीम डॉक्टर राधिका के सानिध्य में विकास पटेल, हेमा, संगप्रीत वर्मा, तथा शैलेंद्र सिंह के साथ कृपाल आश्रम पहुंची। टीम का स्वागत आश्रम के अध्यक्ष श्री गिरीश चंद्र गुप्ता उपाध्यक्ष हरपाल अग्रवाल सेक्रेटरी डॉक्टर कैलाश चंद्र रस्तोगी, रामकुमार मौर्य ,अनिल अग्रवाल ,नरेंद्र कौर तथा प्रदीप गुप्ता जी ने किया। इस अवसर पर बोलते हुए डॉक्टर कैलाश चंद्र रस्तोगी ने कहा कि नेत्र ईश्वर के द्वारा प्रदत्त बहुत बड़ी नेमत है। नेत्रों के बिना जीवन अधूरा तथा अंधकारमय होता है। इसी दिन 22 वें रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। डॉ रस्तोगी जी ने बताया कि रक्तदान सर्वश्रेष्ठ निष्काम सेवा है। इस अवसर पर 80 लोगों की आंखों का चेकअप हुआ तथा 30 लोगों को ऑपरेशन के लिए कानपुर बस से भेजा गया। परम संत राजेंद्र सिंह महाराज के आशीर्वाद से कृपाल आश्रम शाहजहांपुर में प्रत्येक माह के तृतीय रविवार को मोतियाबिंद निशुल्क कैंप तथा प्रत्येक तीसरे माह रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। रक्तदान कर्ताओं में पियूष धवन, ऋषभ धवन, राजेंद्र मेहता तथा अमन सिंह चौहान रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने में आदर्श तिवारी, ओम प्रकाश मौर्य, पवन धवन, सोनू मेहता, राज, संगीत तिवारी, मोहिनी रेनू, राजवती, हरनंदी तथा गीता गुप्ता का विशेष सहयोग रहा।

## खबरें एक नजर में

### ससुराल में बेटी को कुल्हाड़ी से पीटने पर पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**पुवायां शाहजहांपुर।** पुवायां के रायपुर गांव का शनिवार सुबह 8 बजे का मामला है। पीलीभीत के थाना बिलसंडा के गांव इरादतपुर पगार निवासी हरिद्वार ने बताया कि उनकी बेटी सुमन देवी पत्नी शिवकुमार निवासी रायपुर अपने घर में खाना बना रही थी तभी अनिल पुत्र रामसहाय कुल्हाड़ी लेकर आए और मारने पीटने लगे, जिससे सुमन को काफी चोट लग गई। पुलिस ने आरोपी अनिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

### मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां शाहजहांपुर।** गंगसरा के बच्चू लाल की पत्नी मीना देवी ने गांव के गुड्डू पुत्र शमशेर हनीपुत्र शमशेर आसिफ पुत्र गुड्डू और गुड्डू की पत्नी के खिलाफ मारपीट करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई। मीना देवी ने बताया कि 21 दिसंबर को वह गुड्डू के मकान के पास से निकल रहे थे सड़क पर पानी भरा था तभी वह मकान के पास से होकर निकले इस बात पर चारों आरोपियों ने मिलकर लाठी डंडो से मारा पीटा।

### घने कोहरे में रोडवेज बस समेत तीन वाहन भिड़े, तीन घायल



**तिलहर - शाहजहांपुर।** घने कोहरे के चलते हाइवे पर रोडवेज बस सहित तीन वाहन आपस में पीछे से टकरा गए। सड़क हादसे में रोडवेज बस कंडक्टर सहित तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाकर सड़क से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया। रविवार की सुबह लगभग 7-30 बजे बरेली डिपो की रोडवेज बस शाहजहांपुर से बरेली की ओर जा रही थी। घने कोहरे के कारण रास्ते में हाईवे पर रोडवेज बस अचानक आगे चल रहा है ट्रक में पीछे से टकरा गई। इसके बाद रोडवेज बस के पीछे चल रही वैगनआर कार भी बस से टकरा गई। सड़क हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से चला गया। हादसे में रोडवेज बस कंडक्टर बरेली के चौबारी निवासी राहुल पुत्र राजेंद्र, वैगनआर कार चालक लखनऊ के गोमती नगर निवासी रवि दीक्षित एवं बस यात्री बरेली के बारादरी की हिमांशी राठौर घायल हो गए। यात्री हिमांशी राठौर एवं कंडक्टर संजय पाठक को गंभीर हालत में बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि कार चालक रवि दीक्षित को शाहजहांपुर जिला अस्पताल भेजा गया। कोतवाल जुगल किशोर पाल ने बताया कि मामले की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### सरोज तिवारी बने गौ सेवा संगठन के जिला अध्यक्ष



**पुवायां, शाहजहांपुर।** धर्म जागृत मानव सेवा वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से संचालित को सेवा संगठन में शाहजहांपुर जनपद के पुवायां के गांव फत्तेपुर निवासी सरोज कुमार तिवारी को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इनके मनोनयन पर संगठन के सभी कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया। सरोज कुमार तिवारी गौ सेवा के प्राकृतिक खेती करते है।

### जगतपुर में मौनी अमावस्या पर लगा विशाल भंडारा

**पीलीभीत।** जनपद के थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के जगतपुर गांव में मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर ब्रह्मादेव बाबा स्थान पर विशाल भंडारा आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर ब्रह्मादेव बाबा के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए गए थे, जिन्हें श्रद्धालुओं ने बड़े चाव से खाया।इस अवसर पर ब्रह्मादेव बाबा की पूजा-अर्चना भी की गई। भंडारे का आयोजन स्थानीय लोगों ने मिलकर किया था। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे।जिन्होंने ब्रह्मादेव बाबा की कृपा पाने के लिए दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया।भंडारे में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं ने बताया कि ब्रह्मादेव बाबा की कृपा से उनके जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आई है। उन्होंने ब्रह्मादेव बाबा के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी उनकी कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की। भंडारे का आयोजन सभी ग्रामीणों के सहयोग से किया गया। रामजी भारती, नत्थू लाल राठौर, किशनलाल,मानस भारती, राजकमल सिंह समेत बहुत से लोगों ने पूरे दिन भंडारे में बने प्रसाद वितरण में अपना सहयोग दिया।

### नगर पंचायत कर्मी की मौत के मामले में अज्ञात के विरुद्ध हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज

**पुवायां, शाहजहांपुर।** भम्भापुर गांव के अरवेश कुमार का शव 16 जनवरी को नाहिल के आगे संजय नगर के पास झाड़ियां में पड़ा मिला था जिसके बाद आज रविवार को पास के ही गन्ने के खेत में अरवेश की बाइक भी पड़ी मिली। मृतक के भाई सुनील की ओर से पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुवायां में भम्भापुर के अरवेश कुमार बंडा नगर पंचायत में आउटसोर्सिंग कंपनी की ओर से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर तैनात था। अरवेश 13 जनवरी को सुबह लगभग 10 बजे घर से ड्यूटी पर जाने के लिए कहकर बाइक से निकला था जिसके बाद घर नहीं पहुंचा। काफी तलाश करने के बाद अरवेश के भाई सुनील ने 15 जनवरी को कोतवाली में तहरीर देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पुलिस ने तलाश शुरू की तो 16 जनवरी को अरवेश का शव नाहिल के आगे संजय नगर में झाड़ियां में पड़ा मिला। अरवेश का शव मिलने के बाद पुलिस संदिग्ध मौत बताती रही जबकि परिजन हत्या का आरोप लगाकर कार्रवाई करने की बात कहते रहे। पुलिस ने परिजनों की एक नहीं सुनी जब परिजनों ने बाइक एवं जेब में रखी नगदी आदि की बात की तो पुलिस चुप हो गई। मामले में परिजनों ने उच्चाधिकारियों से शिकायत करते हुए बाइक की बरामद करने को कहा। मामले में उच्चअधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद रविवार दोपहर पुलिस ने मृतक अरवेश की बाइक पर बरामद कर ली। बाइक मिलने के बाद पुलिस ने मृतक अरवेश के भाई ओर से अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### घुंघचाई पुलिस ने आनलाइन के जरिए ठगी करने वाले को गिरफ्तार कर किया कोर्ट में पेश, गए जेल

**घुंघचिहाई, पीलीभीत।** पुलिस ने सिम चोरी कर साइबर ठगी करने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तीन मोबाइल फोन, एक टैबलेट, चार एटीएम कार्ड, एक ग्रीन रेमिट कार्ड, तीन आधार कार्ड, एक पासबुक, दो चेकबुक और 10,500 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एनसीआरपी पोर्टल से प्राप्त शिकायतों और साइबर अपराधों से जुड़े बैंक खातों की जांच की जा रही थी। इसी जांच के दौरान 19 दिसंबर 2025 को थाना घुंघचिहाई क्षेत्र के इको चालक दिनेश कुमार के साथ हुई ठगी का मामला सामने आया। अज्ञात व्यक्ति ने उनका सिम चोरी कर यूपीआई और क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 27 हजार रुपये निकाल लिए थे। मुखबिर की सूचना और सर्विलांस की मदद से पुलिस ने आरोपी आफाक पुत्र फुरकान खान (25 वर्ष) को पुन्नापुर टांडाङ्ककढैया मार्ग से गिरफ्तार किया। आफाक खीरी जिले के तिकुनिया थाना क्षेत्र के खमरिया कोइलार का निवासी है। पूछताछ में अभियुक्त आफाक ने बताया कि वह फर्जी फोन-पे और गूगल-पे ऐप डाउनलोड कर सवारी गाड़ियों में चालकों को झांसे में लेता था। स्कैनर लेने के बहाने वह चालकों का पिन देख लेता था और मौका पाकर उनका सिम चोरी कर लेता था। इसके बाद वह यूपीआई के जरिए जनसेवा केंद्र, पेट्रोल पंप आदि स्थानों से रकम निकाल लेता था। आरोपी ने लखनऊ, खीरी, पीलीभीत, बरेली, दिल्ली, नोएडा और जोधपुर सहित विभिन्न जिलों में कुल 47 साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। उसके खिलाफ खीरी जिले के थाना फरधान में भी एक मामला दर्ज है। घुंघचिहाई थानाध्यक्ष जयशंकर सिंह ने रविवार दोपहर दो बजे इस घटना का खुलासा किया और आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस अभियुक्त से जुड़े बैंक खातों और अन्य ठगी की घटनाओं की विस्तृत जांच कर रही है।

# राज्य कर विभाग तथा जिला प्रशासन द्वारा व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।



शनिवार को राज्य कर विभाग तथा जिला प्रशासन द्वारा व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन आर्डिनेन्स क्लब, ओसीएफ में किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम से नगर आयुक्त डा.विपिन कुमार मिश्रा मुख्यातिथि के रुप में उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी उपायुक्त प्रवेश तोमर, श्यामा कांत यादव, आनंद कुमार, सहायक आयुक्त प्रशांत सिंह, योगेन्द्र कुमार, मोहित भारद्वाज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनपद के सभी व्यापारिक संगठनों द्वारा प्रतिभाग किया गया। नोडल अधिकारी उपायुक्त राज्य कर प्रवेश तोमर द्वारा बताया कि जीएसटी 2.0 सुधारों से अर्थव्यवस्था को बल मिला है। सभी व्यापारी व उपभोक्ता लाभांवित हुए है। सहायक आयुक्त प्रशांत सिंह द्वारा ईंट भट्टा पर कर संबंधी बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया। सहायक आयुक्त मोहित भारद्वाज द्वारा पंजीयन व रिटर्न फाइलिंग पर चर्चा की। मुख्य अतिथि नगर आयुक्त द्वारा राजस्व बढ़ाने में सहयोग देने के लिए व्यापारियों की सराहना की गई। राज्य कर विभाग के अधिकारियों को व्यापारियों की समस्याओं के प्रति और संवेदनशील होने का मशविरा दिया गया। इस मौके पर व्यापारी संगठनों की ओर से उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा अपने विचार रखे । व्यापार मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के जल्दी निस्तारण, आदेश से पूर्व ही समस्या का निराकरण किया जाने की बात कही ताकि अपील या अधिकरण न्यायालय में वाद दायर करने की स्थिति न आए। वेद प्रकाश गुप्ता ने कार्यक्रम के आयोजन को अच्छी पहल बताते हुए प्रवर्तन के अधिकारियों द्वारा बिना उचित आधार के वाहनों की जांच व वाहन के अभिग्रहण की कार्यवाई की समस्या को हल करने की मांग रखी।ईंट भट्ठा एसोसिएशन के अध्यक्ष ने की। देश की अर्थव्यवस्था में कर आपवंचन करने वाले व्यापारियों को चिन्हित कर कार्यवाई की मांग की। जीएसटी की भूमिका को सराहा गया में खामियों को दूर करने की बात कही। इस दौरान सीए संजीव बंसल, निलय शुक्ला, सलमान, अधिवक्ताओं में एसपी गुप्ता, अंबरीश सक्सेना आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर महिला उद्यमी रचना मोहन को सम्मानित भी किया गया।

# नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ की घटना से क्षेत्र में आक्रोश

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत स्थित हनुमत धाम में दर्शन के लिए आई एक नाबालिग बालिका से कथित रूप से छेड़छाड़ किए जाने की घटना सामने आने के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। पीड़िता के परिजनों द्वारा कोतवाली थाने में तहरीर दी गई, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय नागरिकों व सामाजिक संगठनों में नाराजगी देखी गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन को और अधिक सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। समाज के विभिन्न वर्गों ने मांग की है कि आरोपी के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। घटना के बाद सामाजिक संगठनों ने परिवारों से भी अपील की है कि वे अपने बच्चों को जागरूक करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें। वहीं पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है और दोषी पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से शांति बनाए रखने और कानून व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की है।

### मिशन शक्ति अभियानः महिलाओं को किया जागरूक

**पीलीभीत।** डीआईजी के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण हेतु थाना माधोटांडा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी अपराधों/साइबर आपराधों की जानकारी दी गई।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा,सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना था। टीम ने उपस्थित महिलाओं को बताया कि प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए विभिन्न योजनाएं और हेल्पलाइन सेवाएं चला रही है। महिलाओं के लिए बहुत से हेल्पलाइन नंबर है। जिनमें 1090 वीमेन पावर लाइन, 181महिला हेल्पलाइन,112 पुलिस आपातकालीन सेवा,102 स्वास्थ्य सेवा,108 एम्बुलेंस सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन,1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर शामिल हैं। पुलिस ने महिलाओं से अपील की कि वे अपने खिलाफ होने वाले किसी भी अपराध के विरुद्ध आवाज उठाएं और इन हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें।

# मां रेणुका हिन्दू समिति के तत्वावधान में विराट हिन्दू सम्मेलन

जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।



मां रेणुका हिन्दू समिति के तत्वावधान में केके स्कूल के समीप विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य सनातन संस्कृति, हिन्दू एकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित से जुड़े विषयों पर जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोग, संत-महात्मा, धर्माचार्य, समाजसेवी एवं युवा वर्ग उपस्थित रहा। सम्मेलन का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार, दीप प्रज्वलन एवं भारत माता की प्रतिमा/चित्र के समक्ष पुष्प अर्पण कर दीप प्रचलित कर साथ किया गया। इसके पश्चात समिति के अध्यक्ष संतनपाल मिश्रा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आज के समय में हिन्दू समाज को संगठित रहने की आवश्यकता है, ताकि हमारी धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान सुरक्षित रह सके। वक्ताओं ने सनातन धर्म की परंपराओं, भारतीय संस्कृति की गौरवशाली विरासत तथा राष्ट्र निर्माण में हिन्दू समाज की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। सम्मेलन को संबोधित करते हुए परशुराम मन्दिर कर महंत सत्यदेव पाण्डेय ने कहा कि हिन्दू समाज की शक्ति उसकी एकता में निहित है। समाज को जाति, वर्ग और क्षेत्रीय भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्र और धर्म के हित में कार्य करना चाहिए। वहीं समाजसेवियों ने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशा, कुरीतियों और पाश्चात्य अंधानुकरण से दूर रहकर संस्कारों को अपनाएं तथा राष्ट्र सेवा में आगे आएं। शिखा सिंह बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक चेतना का संचार करते हैं। समिति भविष्य में भी धर्म, संस्कृति और सामाजिक सेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। सम्मेलन के दौरान हिन्दू समाज की एकता, गौ रक्षा, नारी सम्मान, शिक्षा एवं सेवा कार्यों को लेकर भी प्रस्ताव रखे गए, जिन्हें सर्वसम्मति से समर्थन मिला कार्यक्रम के अंत में समिति द्वारा अतिथियोंद्व का सम्मान किया गया तथा उपस्थित जनसमूह ने हिन्दू एकता जिंदाबाद और सनातन धर्म की जय जैसे नारों के साथ सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया आयोजन शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण में संपन्न के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया इस दौरान रवि कुमार आरेंद्र कुमार अनिल सिंह डॉ राम शंकर अनिल शर्मा प्रदीप मिश्रा मोहित अग्निहोत्री पंकज गुर्जर आलोक पाठक सत्यप्रकाश दुबे योगेश शुक्ला कुसुम शर्मा सुधीर गुप्ता आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### गायत्री साधना से विमुख होने पर ब्राह्मण समाज कमजोर हुआः प्रखर महाराज

**शाहजहांपुर।** परशुरामधाम में आयोजित विचार गोष्ठी में संत प्रखर महाराज ने ब्राह्मण समाज को उसके सामाजिक, धार्मिक और चारित्रिक दायित्वों का स्मरण कराते हुए कहा कि गायत्री जाप और संध्या वंदन से दूरी ही समाज के पतन का मुख्य कारण बन रही है। उन्होंने आगामी 8 मार्च से 20 अप्रैल तक पुष्कर धर्मस्थल पर आयोजित होने वाले शत कुंड पुनश्चरण गायत्री यज्ञ के निमित्त विप्र बंधुओं को संबोधित किया। संत प्रखर जी महाराज ने कहा कि इतिहास इस बात का साक्षी है कि बड़े-बड़े बलशाली और पराक्रमी ब्राह्मण अपने शस्त्रबल से नहीं, बल्कि तपोबल और मंत्र साधना से महान बने। उन्होंने रावण का उदाहरण देते हुए कहा कि मंत्रों और पूजा-अर्चना के बल पर ही रावण ने तीनों लोकों पर प्रभुत्व स्थापित किया था, यहां तक कि यमराज भी उसके आगे नतमस्तक थे। यह उस समय के ब्राह्मण कुल की आध्यात्मिक शक्ति का प्रमाण है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज का ब्राह्मण समाज अपनी उसी साधना, मर्यादा और अनुशासन से विमुख होता जा रहा है, जिसके कारण उसका सामाजिक प्रभाव क्षीण हुआ है। यदि समाज को पुनः सम्मान और दिशा चाहिए तो गायत्री उपासना, संध्या वंदन और वैदिक आचरण को जीवन में पुनः स्थापित करना होगा। महाराज जी ने शत कुंड पुनश्चरण गायत्री यज्ञ को आत्मशुद्धि, समाज जागरण और आध्यात्मिक उत्थान का माध्यम बताते हुए अधिक से अधिक विप्र बंधुओं से सहभागिता की अपील की। उन्होंने कहा कि यही साधना ब्राह्मण समाज को फिर से तेजस्वी और मार्गदर्शक बना सकती है। इस दौरान डा. विजय पाठक, डा. सत्यप्रकाश मिश्रा, पूर्व एमएलसी संजय मिश्रा, हरि शरण वाजपेई, केके शुक्ला, डा. राकेश दीक्षित, ज्ञानेश वाजपेई, ब्लाक प्रमुख श्री दत्त शुक्ला, ब्रजेश शुक्ला ब्रजवासी, दीपक शर्मा, सचिन शर्मा आदि सैकड़ों ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।

# भाजपा बूथ अध्यक्ष व कोटेदार पर समुदाय विशेष के लोगों ने किया जानलेवा हमला

तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

- कोटेदार समेत चार गम्भीर रूप से घायल, एक की हालत नाजुक, मेडिकल कॉलेज रेफर, कोटे पर आया बाजरा न लेने पर हुआ जमकर बबाल



कोटेदार द्वारा खाद्यान्न वितरण में बाजार के बदले गेहूं न देने पर समुदाय विशेष के लोगों ने लामबंद हो कोटेदार के घर पर चढ़ाई कर दी । यही नहीं ने धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। जिसमें भाजपा बूथ अध्यक्ष कोटेदार समेत चार लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां से एक युवक को गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव घनेला भाजपा बूथ अध्यक्ष व कोटेदार हरिश्चंद्र शर्मा ने बताया कि रविवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे वह सरकारी खाद्यान्न बांट रहे थे । इसी दौरान गांव का रेहान गल्ला लेने आया तो मशीन में नेटवर्क नहीं आ रहे थे। इस पर उसने बाद में गल्ला लेजाने की बात कही। इस बार खाद्यान्न में बाजरा आया होने पर जब रेहान से बाजरा को कहा तो उसने बाजरा लेने से साफ इंकार कर दिया। और गेहूं व चावल ही देने का दबाव बनाया। मन करने पर रेहान गाली गलौज करता हुआ चला गया। आरोप है कि करीब आधा घंटे बाद रेहान अपने साथ साकिर एवं उसका भाई नासिर, राशिद, फिरोज, रुदान, आबिद, फैजल एवं अन्य करीब दर्जन भर लोगों के साथ हाथों में लाठी डंडे और धारदार हथियार लेकर आ गया। वह कुछ समझ पाता तब तक सभी लोग उसके घर में घुस आए और उनके ऊपर हमला कर राशन वितरण करने वाली मशीन तोड़ डाली । आरोप है कि विरोध करने पर साकिर ने बांका मार कर उसका हाथ काट दिया तथा जान से मारने की नीयत से भाई राजेंद्र उर्फ कल्लू एवं भतीजा संजीत तथा भाई की पत्नी गुड्डी को लहूलुहान कर दिया। घटना के बाद गांव का सांप्रदायिक माहौल बिगड़ गया । जिसको देखते हुए आरोपी गांव से भाग गए। उधर डॉक्टर ने गंभीर हालत में संजीत को जिला अस्पताल रेफर कर दिया । पीड़ित हरीश शर्मा ने आठ लोगों को नामजद करते हुए करीब 20 लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। उधर नगर के मोहल्ला नजर पुर में तिलहर मामूली विवाद को दो पक्षों में जमकर पथराव हुआ और लाठी डंडे चले पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज कर लिया है। शनिवार की रात मामूली विवाद को लेकर ईशान अली एवं सालिगराम कहासुनी हो गई थी। सालिगराम ने आरोप लगाया कि कुछ देर बाद ईशान अली, रशीद एवं जाहिद ने उनके घर पर पथराव कर दिया । और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडों से हमला कर दिया । जिसमें उनका भाई मिथुन घायल हो गया। उधर ईशान अली ने आरोप लगाया कि सालिगराम व उनके भाइयों ने उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने ईशान अली, रशीद, जाहिद एवं दूसरे पक्ष के सालिगराम, हीरालाल, मिथुन का शांति भंग में चालान कर दिया।

# एसडीएम ने मतदान बूथों का किया निरीक्षण

- आम नागरिकों से भी की अपील, एसआईआर अभियान में करें सहयोग: एसडीएम

जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।



जलालाबाद क्षेत्र में उप जिलाधिकारी प्रभात राय ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण मतदाता सूचियों के प्रकाशन और नाम जोड़ने की प्रक्रिया की जांच के लिए किया गया था। यह प्रक्रिया सुबह 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा संचालित की जा रही है। एसडीएम प्रभात राय ने बीएलओ को निर्देशित किया कि घर-घर जाकर सत्यापन की प्रक्रिया पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ की जाए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे और अपात्र नामों को समय रहते हटाया जा सके। उन्होंने नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों के संशोधन और मृतक अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने के कार्य में तेजी लाने पर जोर दिया व मतदाता सूचियों, आवश्यक प्रपत्रों, शिकायत पंजिका और अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। कुछ बूथों पर पाई गई कमियों को तत्काल सुधारने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि शुद्ध और अद्यतन मतदाता सूची लोकतंत्र की मजबूती की आधारशिला है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।निरीक्षण के दौरान, उप जिलाधिकारी ने कई मतदान केंद्रों का दौरा किया और वहां किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने मतदाता सूचियों में पाई गई गड़बड़ियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। जलालाबाद के काकोरी शहीद इंटर कॉलेज स्थित मतदान केंद्र पर पहुंचकर उन्होंने मतदान अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उप जिलाधिकारी जलालाबाद ने बताया कि सभी बीएलओ को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहना अनिवार्य है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि योग्य व्यक्ति फॉर्म-6 के माध्यम से नाम शामिल कराने, फॉर्म-7 से नाम हटाने और फॉर्म-8 से प्रविष्टि में संशोधन या स्थानांतरण के लिए बीएलओ के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।निरीक्षण के दौरान, उप जिलाधिकारी ने पाया कि कई मतदान केंद्रों पर बीएलओ अनुपस्थित थे, जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में ऐसी लापरवाही न दोहराई जाए। एसडीएम प्रभात राय ने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे एसआईआर अभियान में सहयोग करें और यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो तो समय रहते संबंधित बीएलओ या कार्यालय में जानकारी दें, ताकि समय सीमा के भीतर सुधार किया जा सके।

### एडीएम ने एसआईआर के तहत बूथों का किया औचक निरीक्षण

**तिलहर-शाहजहांपुर।** एसआईआर अभियान के तहत एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा ने बीएलओ बूथ पर पहुंच कर कार्यों का अवलोकन किया। और एसडीएम सदानंद सरोज को दिशा निर्देश भी दिए। रविवार को पूर्वाह्न करीब साढ़े ग्यारह बजे एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा ने एसडीएम सदानंद सरोज व ईओ सतेंद्र प्रकाश के साथ लाल बुलाकी दास महिला इंटर कॉलेज एवं नगर पालिका कार्यालय बीएलओ कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने फार्म 6, 7 व 8 की जानकारी ली। उन्होंने नोटिस जारी होने के बाद सुनवाई के लिए कार्यालय निश्चित करने की जगह का भी अवलोकन किया। इसी के साथ एसडीएम सदानंद सरोज ने बताया कि किसी भी मतदाता का फोटो खराब है या फिर बचपन का लगा है वह अपना नया फोटो बिना फॉर्म भरे बीएलओ से मिलकर अपडेट करा सकता है। इसी के साथ किसी का नाम मतदाता सूची में गलत हो गया हो तो वह 2003 की मतदाता सूची के अनुसार अपना नाम भी संशोधित करा सकता है।

## सैलानियों की सहूलियत

पर्यटन विकास निगम ने सैलानियों की सहूलियत को छह इलेक्ट्रिक कार्ट खरीद कर यह संकेत दिया है कि अब वातावरण बदलने के लिए मेहनत होगी। न पर्यटन विकास निगम सिर्फ होटलों की श्रृंखला सरीखी रहेगा और न ही इमारतों के बीच पर्यटकों को सिर्फ छत उपलब्ध कराएगा। द चायल पैलेस, टी बड पालमपुर, देवदार खजियार तथा कसौली के न्यू रोज कॉमन जैसी पर्यटक इकाइयों के साथ इलेक्ट्रिक वाहन अब होटल से सैरगाह तक घुमाएंगे तो मनोरंजन के अनुभव स्टे की सार्थकता बढ़ाएंगे। अमूमन होटलों को अरामगाह बनाते हमने प्रकृति के सान्निध्य में सैरगाहें उजाड़ दी हैं। टी बड होटल के कॉन्सेप्ट में ही अगर चाय नगरी का अंदाज सीधे सैलानी से जुड़ जाए, तो पालमपुर में आने की वजह बढ़ जाएगी। ऐसे में इलेक्ट्रिक वाहन के जरिए अब टी बड आने वाले सैलानी टूअर के जरिए चाय बागानों के बीच खुद को जोडऩे के अलावा फैक्टरी तक पहुंचकर इसके उपभोक्ता बन जाएंगे। स्थानीय उत्पादों, खान-पान के स्वादों और स्थानीय हलचल के बीच खुद को सम्मिलित करते हुए पर्यटक के लिए इलेक्ट्रिक वाहन का रूट अनौपचारिक सा संबंध कायम कर लेगा। कसौली, चायल और खजियार को दिल तक महसूस करने के लिए अगर पर्यटन निगम के होटल ऐसे कार्ट के जरिए बाहें फैलाते हैं, तो कई डेस्टिनेशन भविष्य के यादगार पलों की अगुवाई कर पाएंगे। दूसरी ओर इलेक्ट्रिक कार्ट बनाम टैक्सी के बीच एक व्यापक अंतर आएगा। होटल या परिवहन के औपचारिक, कठोर और नपे तुले संबंधों को अनौपचारिकता से आगे बढ़ाने के लिए निगम का यह फैसला कारगर साबित होगा। यह महज इलेक्ट्रिक वाहन चलाने की पहल नहीं, बल्कि सैलानियों के आतिथ्य में सब कुछ भरने की कोशिश है। दिव्य हिमाचल के इस बार के डिजिटल सर्वेक्षण में अस्सी प्रतिशत प्रतिभागियों ने ओला-उबर जैसी बुकिंग के आधार पर टैक्सी सेवाएं शुरू करने पर जोर दिया है। हिमाचल के लिए सड़क परिवहन, रेल सेवा तथा हवाई उड़ानें अगर सुधर जाएं, तो आने वालों के अनुभव बेहतर हो जाएंगे। कुछ ऊंचे स्थानों को छोड़ दें, तो हिमाचल में पर्यटक को खान-पान तथा शापिंग में उचित दरें ही मिलती हैं, लेकिन स्थानीय परिवहन के नाम पर टैक्सी सेवाएं निराश करती हैं। अगर टूरिज्म के होटल अपने पैकेज और स्टे के साथ घूमने, सैरसपाटा करवाने तथा साइट सीइंग की मेजबानी कर पाएं, तो पर्यटन का परिवार स्थापित होगा। कायदे से हर सरकारी होटल को सैलानियों के अनुभव व स्टे का विस्तार करने के लिए विभिन्न परियोजनाओं पर काम करना चाहिए। प्रत्येक सरकारी होटल अपने परिवेश के बीस-पच्चीस किलोमीटर क्षेत्रफल को सर्विस एरिया के तरह पर्यटन योजना क्षेत्र मानें, तो सैलानियों के टूअर सीधे होटल की जवाबदेही बढ़ाएंगे। इस संदर्भ में पर्यटन निगम की मार्केटिंग में आधारभूत सुविधाएं, गतिविधियां व इवेंट भागीदारी के कई द्वार खुलने चाहिएं। पर्यटन विभाग, निगम, स्थानीय प्रशासन व कई विभागों के साथ मिलकर सैलानियों की गतिविधियों की रूपरेखा को नए सिरे से अंगीकार करना होगा। उदाहरण के लिए 'नमस्ते धर्मशाला' के तहत कुछ समय पहले एक खंड विकास अधिकारी ने पर्यटकों के साथ पूरे-पूरे दिन की यात्राएं जोडक़र स्वयं सहायता समूहों, लोक कलाकारों व स्थानीय खान-पान, संस्कृति व उत्पादों को प्रोमोट किया था। ऐसे में स्थानीय बाजारों, व्यापार मंडलों व पारंपरिक हथकरघा उद्योगों को भी पर्यटन मार्केट के साथ जोडऩे की सुविधाएं व समाधान तराशने होंगे। पर्यटक केवल साइट सीइंग करके ही न लौटें, इनके लिए प्रमुख बाजारों को वाहन रहित बनाने के लिए प्वाइंट टू प्वाइंट इलेक्ट्रिक कार्ट चलाने चाहिएं। यहां एचआरटीसी को भी ऐसे कार्ट व इलेक्ट्रिक टैक्सी सेवाओं की नियमित सेवाएं प्वाइंट टू प्वाइंट शुरू करनी होंगी।

# मनरेगा और विकसित भारत जी राम जी

*हृदयनारायण दीक्षित*




> **भारत में शिक्षित बेरोजगारों की संख्या लगातार बढ़ी है। ग्रामीण क्षेत्रों का बड़ा हिस्सा मजदूरी के लिए महानगरों की ओर रुख करता है। सड़क के किनारे सोता है। सुबह प्रतीक्षा करता है कि कोई मकान बनाने वाला, दुकान चलाने वाला उसको दिनभर का काम दे दे। गांव में रोजगार के अवसर नहीं हैं। खेत मजदूर की मोलभाव करने की क्षमता नहीं होती है। बड़े-बड़े महानगरों में मजदूरों के मार्केट लगते हैं। वहां से लोग कम पैसे में तय करके मजदूर लाते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों की व्यथा सिर्फ आंकड़ों से नहीं जानी जा सकती। ताजा वी बी राम जी योजना ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगारों के लिए सुखद आश्वासन है। भारत कृषि प्रधान देश है। कृषि अभी भी घाटे का सौदा है। पीछे लगभग 28 वर्षों से किसानों को किसान क्रेडिट योजना के माध्यम से कृषि कार्य के लिए ऋण दिया जाता है। योजना अच्छी है। ऋण लेकर बुवाई आदि के सीजन में खाद-पानी देने के लिए पूँजी उपलब्ध कराने की योजना अच्छी है। तमाम योजनाएं अच्छी तो हैं लेकिन किसानों को उनकी जानकारी नहीं है। गांव में रोजगार के अवसर नहीं हैं। पढ़े-लिखे युवा भी शहर भागते हैं। रोजगार योजनाओं का इतिहास दिलचस्प है। यह योजना सबसे पहले स्थानीय कठिनाइयों के चलते साल 1970 में महाराष्ट्र में लागू हुई थी। तब इसे महाराष्ट्र रोजगार गारंटी योजना कहा गया। साल 1980 में भारत की पहली केन्द्रीयकृत योजना लागू हुई। भ्रष्टाचार के कारण योजना का लाभ नहीं मिला। योजनाओं का धन बिचैलिए मार देते थे। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ आई जवाहर रोजगार योजना। यह भी अपने उद्देश्यों में असफल रही। इसका फिर नाम बदला और इसे नरेगा नाम से जाना गया। फिर साल 2008 में यह मनरेगा हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की योजनाएं इसी तरह असफल होती गईं।**

कांग्रेस मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान चला रही है। कांग्रेस बीते 11 वर्षों से सत्ताहीन है। अच्छी बात है कि कांग्रेस ने केन्द्र का विरोध करने के लिए सड़क पर आने का निर्णय लिया है। रोजगार योजनाएं गरीबों की आय बढ़ाने की दृष्टि से चलाई गई हैं। कोई भी व्यवस्था जड़ नहीं होती। देशकाल की गति में जीर्ण-शीर्ण और पुराना विस्थापित होता है। नया उसकी जगह लेता रहता है। भाजपा ने कांग्रेस को विस्थापित किया। वह पुरानी होने के साथ-साथ ध्येयनिष्ठ भी नहीं रही। जन समर्थन घटा। भाजपा ने कांग्रेस को विस्थापित कर दिया। कांग्रेस मनरेगा को लेकर अपना रोना रो रही है। मनरेगा में कानूनी तौर पर रोजगार पाने की गारंटी थी लेकिन प्रमुख विपक्षी दल होने के बावजूद वह नए वी.बी.जी राम जी एक्ट का विरोध कर रही है। देखना यह चाहिए कि राजग सरकार द्वारा लाए गए नए अधिनियम की अच्छाइयां बुराइयां क्या हैं? आइए नए अधिनियम वी.बी.जी राम जी की खास विशेषताएं जान लें।

इस अधिनियम द्वारा ग्रामीण परिवारों के लिए कानूनी रूप से गारंटीकृत कार्य दिवसों को 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन प्रतिवर्ष कर दिया गया है। अभी तक लागू कानून में मजदूरी देने की कोई सुनिश्चित अवधि नहीं थी। लेकिन नए अधिनियम में 15 दिन के भीतर मजदूरी का भुगतान जरूरी बताया गया है। ऐसा न किए जाने पर मजदूरों को पांच प्रतिशत की दर से प्रतिदिन ब्याज मिलेगा। रोजगार प्राप्त करने के 15 दिनों के भीतर काम न मिलने पर भी बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान किया गया है।

भारत में शिक्षित बेरोजगारों की संख्या लगातार बढ़ी है। ग्रामीण क्षेत्रों का बड़ा हिस्सा मजदूरी के लिए महानगरों की ओर रुख करता है। सड़क के किनारे सोता है। सुबह प्रतीक्षा करता है कि कोई मकान बनाने वाला, दुकान चलाने वाला उसको दिनभर का काम दे दे। गांव में रोजगार के अवसर नहीं हैं। खेत मजदूर की मोलभाव करने की क्षमता नहीं होती है। बड़े-बड़े महानगरों में मजदूरों के मार्केट लगते हैं। वहां से लोग कम पैसे में तय करके मजदूर लाते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों की व्यथा सिर्फ आंकड़ों से नहीं जानी जा सकती। ताजा वी बी राम जी योजना ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगारों के लिए सुखद आश्वासन है।

भारत कृषि प्रधान देश है। कृषि अभी भी घाटे का सौदा है। पीछे लगभग 28 वर्षों से किसानों को किसान क्रेडिट योजना के माध्यम से कृषि कार्य के लिए ऋण दिया जाता है। योजना अच्छी है। ऋण लेकर बुवाई आदि के सीजन में खाद-पानी देने के लिए पूँजी उपलब्ध कराने की योजना अच्छी है। तमाम योजनाएं अच्छी तो हैं लेकिन किसानों को उनकी जानकारी नहीं है। गांव में रोजगार के अवसर नहीं हैं। पढ़े-लिखे युवा भी शहर भागते हैं।

रोजगार योजनाओं का इतिहास दिलचस्प है। यह योजना सबसे पहले स्थानीय कठिनाइयों के चलते साल 1970 में महाराष्ट्र में लागू हुई थी। तब इसे महाराष्ट्र रोजगार गारंटी योजना कहा गया। साल 1980 में भारत की पहली केन्द्रीयकृत योजना लागू हुई। भ्रष्टाचार के कारण योजना का लाभ नहीं मिला। योजनाओं का धन बिचैलिए मार देते थे। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ आई जवाहर रोजगार योजना। यह भी अपने उद्देश्यों में असफल रही। इसका फिर नाम बदला और इसे नरेगा नाम से जाना गया। फिर साल 2008 में यह मनरेगा हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की योजनाएं इसी तरह असफल होती गईं।

भारत की मिट्टी में उपजाऊ शक्ति ज्यादा है। कृषि कार्य में गरीब परिवार जुटे रहते हैं। सभी सदस्य काम करते हैं। तब किसी प्रकार गरीब परिवार चलता है। बुवाई और फसल कटाई के समय के दौरान 60 दिनों का अवकाश रखा गया है। इससे लाभ यह होगा कि कृषि कार्यों के लिए भी श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित रहेगी।

ग्राम सभाएं बुनियादी लोकतांत्रिक संस्थाएं हैं। ग्राम स्वराज गांधीजी का स्वप्न था। भारत की संविधान सभा में ग्राम पंचायत के गठन पर लंबी बहस हुई थी। ज्यादातर सदस्यों ने ग्राम पंचायत को स्वायत्तशासी और आत्मनिर्भर बनाने का आग्रह किया था। डॉ. आम्बेडकर ने कहा था कि, ग्राम पंचायतें मेरे विचार से स्थानीय कलह का अड्डा होंगी। पीछे 10-12 साल में सरकारी स्तर पर ग्राम पंचायतों को विकसित और समृद्ध बनाने की मद पर भारी व्यय हुआ है। निःसंदेह कहीं-कहीं कुछ ग्राम पंचायतों ने बहुत अच्छा काम किया है लेकिन तमाम ग्राम सभाओं द्वारा विकास कार्यों की धनराशि को हड़पने का भी काम किया है।

विकसित ग्राम पंचायत योजना का विकास स्थानीय संस्थाओं द्वारा किया जाना है। ये सब करने के लिए समय-समय पर प्रशासनिक खर्च भी आता है। योजनाओं के ठीक से कार्यान्वयन में व्यय होने वाले धन को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दिया गया है।

वैसे तो इस योजना का उद्देश्य लोगों को रोजगार देना है। गांव में सरकारी स्तर पर सेवा देने वाले कोई कार्यालय नहीं हैं। उत्तर प्रदेश जैसे कुछ राज्यों में पंचायत भवन बनाए गए हैं। इसके लिए अलग बजट का प्रावधान करना होता है। ऐसी संपत्ति का निर्माण इसी रोजगार अधिनियम के अंतर्गत चार मुख्य क्षेत्र में केन्द्रित किया गया है।

रोजगार योजना के धन से ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा। खेत मजदूर पलायन नहीं करेंगे और श्रमिकों को रोजगार मिलेगा और इसी धन से जल संरक्षण जैसे कार्य किए जा सकेंगे। जल आपूर्ति को लेकर अक्सर शिकायतें रहती हैं। उत्तर प्रदेश में अनेक जिले प्रदूषित जल के कारण पेयजल संकट में हैं। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जनपद में बलाई, निबई, टिकरी गणेश, आटा, सुपासी, रामचरामऊ, लखापुर, बंथर, अनूपपुर, खटुहा नौगवा, रिठानई, बण्ड हमीरपुर, सलेथू, गढ़ाकोला, कतहर आदि गांवों में सरकार ने स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की है। लेकिन काम अभी बाकी है। जल की आवश्यकता को लेकर ही इंदौर में काफी बवाल हुआ है। कांग्रेस ने इंदौर में आंदोलन किया। इन पंक्तियों के प्रेस में जाने तक राहुल गाँधी कुछ लोगों के साथ इंदौर में प्रदर्शन कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर घर नल नामक महत्वाकांक्षी योजना और उसका क्रियान्वयन किया। जल निकासी की योजना भी इसी धन से बनाई जा सकेगी। जरूरत इस बात की है कि वीबी जी राम जी के ठीक से अनुपालन के लिए विकासखण्ड स्तर पर सक्षम अधिकारियों की टीम गठित की जानी चाहिए। इस टीम को कार्यदायी संस्थाओं का मार्गदर्शन करना चाहिए। साथ में गलती होने पर चेतावनी और दुरुपयोग पर कार्यवाही भी करना चाहिए। वीबी जी राम जी योजना में जल संरक्षण और जल सम्बन्धी अन्य कार्य होंगे। गांव में स्थानीय स्तर पर बुनियादी ढांचा, गांव की सड़क और संपर्क के साधन विकसित करना भी इस योजना का अंग है।

पंचायती राज संस्थाएं अपना काम ठीक से नहीं कर पा रही हैं। कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसर कम हैं। कृषकों के पास कृषि कार्य के लिए जरूरी पूंजी का अभाव रहा। सरकारों ने इस समस्या को चिन्हित कर लिया। त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव, वोट के बदले नोट योजना में फंसे हैं। क्षेत्र पंचायत प्रमुख, जिला पंचायत अध्यक्षों के चुनाव में करोड़ों रुपए का लेनदेन होता है। बहुत समय से मांग की जा रही है कि पंचायती राज के चुनाव आम मतदाता से कराए जाएं लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा है। जो लाखों करोड़ों रुपए देकर पद पाए हैं या चुनाव जीते हैं, वह उस धनराशि की वसूली भी करते हैं। केन्द्र में योजनाओं के क्रियान्वयन की इच्छाशक्ति है। विश्वास है कि योजना सफल होगी।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

### विचार

# अपने ही फैसलों से बार-बार पलट क्यों जाती है अदालत

*आरती जेरथ*

जब सुप्रीम कोर्ट अपने ही फैसलों को बार-बार बदलता है तो यह सार्वजनिक चिंता का विषय बन जाता है। वर्ष 2025 में शीर्ष अदालत ने अपने आठ फैसलों को पलट दिया। कई आदेश तो पारित होने के कुछ ही सप्ताह में बदले गए। ऐसा नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट ने अतीत में अपने फैसलों में बदलाव या संशोधन न किए हों, लेकिन ऐसा अकसर तब हुआ था, जब किसी पक्ष ने किसी मामले की समीक्षा के लिए बड़ी पीठ में अपील की हो। लेकिन हालिया घटनाक्रम इसलिए अलग हैं, क्योंकि ये फैसले कोर्ट के भीतर ही पलट दिए गए।

दूसरे शब्दों में, सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर मामलों को अन्य पीठ के पास भेजा, जिसने पहली बेंच के निर्णय को बदल दिया। विधि विशेषज्ञों का कहना है कि सर्वोच्च अदालत में ऐसा पहली बार हुआ है। यदि यह चलन जारी रहता है तो ये न्यायशास्त्र के भविष्य के लिए चिंताजनक है, क्योंकि इससे सुप्रीम कोर्ट के फैसलों की वैधता कमजोर होगी। जिन विषयों पर फैसले वापस लिए गए, उनमें न्यायिक अनुशासन से लेकर पर्यावरण मामले, कॉर्पोरेट मुद्दे और आवारा कुत्तों तक के प्रकरण शामिल हैं। गौर करने वाली बात यह है कि बदले गए आठ फैसलों में से तीन जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने पारित किए थे, जो भविष्य में भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बनने जा रहे हैं।

यह भी दिलचस्प है कि इन फैसलों को बदलने की शुरुआत हाल ही में सीजेआई पद से सेवानिवृत्त हुए जस्टिस बीआर गवई के कार्यकाल में हुई। मौजूदा सीजेआई सूर्यकांत के कार्यकाल में भी यह सिलसिला जारी है। सबसे चौंकाने वाला उलटफेर अरावली खनन से जुड़े फैसले का था। तत्कालीन सीजेआई गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने 20 नवंबर को खनन नियमन के लिए एक सरकारी समिति द्वारा सुझाई गई ऊंचाई पर आधारित परिभाषा को मंजूर कर लिया था। पर्यावरणविदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के विरोध के बाद सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने उस फैसले पर रोक लगा दी और इस मुद्दे के पुनर्मूल्यांकन के लिए विषय विशेषज्ञों की एक नई समिति गठित कर दी।



नए आदेश में कहा गया कि 'जनभावना' को देखते हुए पूर्व के फैसले की समीक्षा की जा रही है। हालांकि सार्वजनिक विरोध की प्रतिक्रिया में न्यायिक पुनर्विचार का कदम तो स्वागत योग्य है, लेकिन यह सवाल भी खड़े करता है कि पहले वाला फैसला किस तरह किया गया था। क्या पिछली पीठ ने दिल्ली और हरियाणा के 'ग्रीन लंग्स' मानी जाने वाली अरावली पहाड़ियों के लिए सरकारी समिति की ऊंचाई-आधारित परिभाषा को स्वीकारने से पहले पर्याप्त मंथन नहीं किया? या फिर यह स्टे लोकप्रियता बटोरने का प्रयास है? पूर्व के फैसलों को पलटने की टाइमिंग से तो यह रहस्य और गहरा जाता है। अरावली में खनन को हरी झंडी देने वाला पहला फैसला तत्कालीन सीजेआई गवई के सेवानिवृत्त होने से महज तीन दिन पहले, 20 नवंबर को आया। इसके पांच सप्ताह बाद 29 दिसंबर को इस फैसले को पलट दिया गया। शीतकालीन अवकाश के बीच सीजेआई सूर्यकांत ने इसके लिए एक विशेष पीठ गठित की।

अदालतों से, खासकर सुप्रीम कोर्ट से अपेक्षा की जाती है कि वे कोई आदेश पारित करने से पहले सभी कानूनी पहलुओं पर सावधानी से विचार करें। एक बार पारित होने पर आदेश सर्वमान्य होना चाहिए। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने फैसलों को वापस लेने के इस नए चलन के खतरों को लेकर चेतावनी दी थी। और यह चेतावनी अरावली में खनन से जुड़े फैसले को बदलने के ठीक पहले आई थी। स्पष्ट है कि उनकी सावधानी भरी बातों को अनसुना कर दिया गया। दोनों न्यायाधीशों ने कहा था कि 'किसी विधिक मसले पर किसी पीठ द्वारा दिए गए फैसले से विवाद समाप्त हो जाना चाहिए, क्योंकि वह अंतिम होता है3 लेकिन किसी फैसले को केवल इस आधार पर री-ओपन किया जाए, क्योंकि बाद में कोई दूसरा दृष्टिकोण अधिक बेहतर प्रतीत होता है, इससे तो अनुच्छेद 141 को लागू करने का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा3। इससे न्यायालय की अथॉरिटी और निर्णयों के मूल्य कमजोर होंगे।' सुप्रीम कोर्ट अभी सरकारी दबाव, जनहित और संविधान के बीच एक संतुलित लाइन पर चल रहा है। वर्ष 2025 ने इन तीनों के बीच संतुलन बनाने की कठिनाइयों को उजागर किया है। अब देखना यह है कि नए सीजेआई के साथ 2026 क्या लेकर आता है। शासन में संवैधानिकता क्या है, इसे तय करने के लिए न्यायपालिका ही अंतिम अथॉरिटी है। अदालतों से, खासकर सुप्रीम कोर्ट से अपेक्षा की जाती है कि वे कोई आदेश पारित करने से पहले सभी कानूनी पहलुओं पर सावधानी से विचार करें। एक बार पारित होने पर आदेश सर्वमान्य होना चाहिए।

**(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**

### साहित्य



## जनाधार करिए अमल...!

**संजय एम तराणेकर**

महाराष्ट्र के 'निकाय' में खिला कमल,
विपक्ष बढ़ाए जनाधार करिए अमल।
तीन दशकों के बाद से ठाकरे परिवार,
अब मुम्बई की सत्ता से हुआ हैं बाहर।

जब दो दशकों बाद एक हुए दो भाई,
मिलन का समय गलत सत्ता हैं पराई।
अजीत दादा-पवार का पॉवर सुप्रिया,
दोनों एक होकर कुछ भी नहीं किया।

भई कमाल तो कर गए हैं अन्नामलाई,
उन्हें रसमलाई कह क्यों? हंसी उड़ाई।
विपक्षी अलग होकर क्यों चुनाव लड़े,
ओवेसी विजयी होकर हैं सामने खड़े।





## राशिफल

**मेषः-** अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। घर में खुशहाली रहेगी।

**वृषभः-** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा।

**मिथुनः-** संबंधों में व्यवहार कुशल बने। सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में अपनी अच्छी छवि बनाएं।

**कर्कः-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

**सिंहः-** जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कन्याः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन नकारात्मक चिंताओं से बोझिल होगा।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुविधाओं का त्याग कर लक्ष्य पर केंद्रित हों।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा।

**धनुः-** कठिन एवं विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में बढ़ेगी। घरेलू दायित्वों की पूर्ति होगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**मकरः-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। गैर सांस्कारिक कार्य की आकर्षित मन पर अंकुश लगायें।

**कुंभः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**मीनः-** नकारात्मक चिंताओ को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियो के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

# चीन, पाकिस्तान व बांग्लादेश की त्रिकोणीय जुगलबंदी

*संजीव ठाकुर*

भारत की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा के सामने इस समय में अनेक जटिल चुनौतियाँ खड़ी हैं, इनमें सबसे गंभीर चुनौती पड़ोसी देशों के साथ बिगड़ते समीकरण और क्षेत्रीय अस्थिरता से जुड़ी है। भारत देश का पुराना अनुभव रहा है कि परंपरागत रूप से चीन और पाकिस्तान भारत विरोध की धुरी रहे हैं, और अब जिस प्रकार बांग्लादेश के कुछ घटनाक्रम इस धुरी से जुड़ते प्रतीत हो रहे हैं उसने भारत की सामरिक, कूटनीतिक और मानवीय चिंताओं को और गहरा कर दिया है। यह स्थिति केवल सीमा विवाद या कूटनीतिक तनाव तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध क्षेत्रीय शांति, अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और भारत की दीर्घकालिक रणनीतिक स्थिरता से भी गहरे जुड़ा है।

चीन की विस्तारवादी नीति के कारण भारत की सीमा पर हमेशा दबाव महसूस किया जाता रहा है। चीन के साथ भारत के संबंध पिछले कुछ वर्षो से लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीनी सेना की गतिविधियाँ, बुनियादी ढांचे का आक्रामक विस्तार और बार-बार होने वाले सैन्य आमने-सामने के घटनाक्रम इस बात के संकेत हैं कि चीन भारत के प्रति पारंपरिक शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के सिद्धांत से हटकर व्यवहार कर रहा है। पूर्वी लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक, चीन की रणनीति धीरे-धीरे यथास्थिति बदलने की रही है।

चीन की यह नीति केवल भूभाग तक सीमित नहीं है, बल्कि वह भारत को सामरिक रूप से घेरने की कोशिश भी कर रहा है। नेपाल, श्रीलंका, मालदीव और म्यांमार जैसे देशों में चीनी प्रभाव का बढ़ना इसी रणनीति का हिस्सा माना जाता है। ऐसे में चीन पर आवश्यकता से अधिक भरोसा करना भारत के लिए दीर्घकालिक रूप से नुकसानदेह हो सकता है। पाकिस्तान में भारी अस्थिरता के बीच भी भारत का विरोध बदस्तूर जारी है। पाकिस्तान की आंतरिक स्थिति चाहे जितनी भी कमजोर क्यों न हो, भारत विरोध उसकी विदेश नीति का स्थायी स्तम्भ बना हुआ है।

आर्थिक संकट, राजनीतिक अस्थिरता और अंतरराष्ट्रीय दबावों के बावजूद पाकिस्तान का सैन्य प्रतिष्ठान भारत के खिलाफछद्म युद्ध और आतंकवाद को रणनीतिक औजार के रूप में इस्तेमाल करता रहा है। हाल के वर्षो में पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं और सिखों के खिलाफ हिंसा, जबरन धर्मातरण और हत्याओं की घटनाएँ भारत के लिए गंभीर मानवीय चिंता का विषय हैं। यह केवल मानवाधिकार का प्रश्न नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय अस्थिरता का भी संकेत है, जिसका प्रभाव अंततः भारत पर ही पड़ता है,चाहे वह शरणार्थी संकट हो या सीमा पार तनाव। बांग्लादेश के बदलते संकेत ने भारत के लिए नई आशंकाएँ बाधा दी हैं। भारत और बांग्लादेश के संबंध लंबे समय तक सौहार्दपूर्ण और सहयोगपूर्ण रहे हैं। 1971 के मुक्ति संग्राम से लेकर आर्थिक और सांस्कृतिक सहयोग तक, दोनों देशों के बीच एक मजबूत आधार रहा है। किंतु हाल के समय में बांग्लादेश के भीतर कुछ घटनाक्रम विशेषकर हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा, मंदिरों पर हमले और सामाजिक असुरक्षा भारत के लिए चिंता का कारण बने हैं। इन घटनाओं के पीछे कट्टरपंथी ताकतों का उभार और बाहरी प्रभावों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। यदि बांग्लादेश में भारत विरोधी या कट्टरपंथी शक्तियाँ मजबूत होती हैं और उन्हें चीन या पाकिस्तान का अप्रत्यक्ष समर्थन मिलता है, तो यह भारत के पूर्वी सीमांत के लिए एक नई चुनौती खड़ी कर सकता है।

चीन,पाकिस्तान की मित्रता कोई नई बात नहीं है। चीन,पाकिस्तान आर्थिक गलियारा इस गठजोड़ का ठोस उदाहरण है, जो भारत की संप्रभुता से जुड़े क्षेत्रों से होकर गुजरता है। यदि इस समीकरण में बांग्लादेश का किसी भी रूप में सामरिक या वैचारिक झुकाव जुड़ता है, तो भारत के लिए यह स्थिति और जटिल हो सकती है। यह त्रिकोणीय दबाव केवल सैन्य नहीं, बल्कि कूटनीतिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक भी हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को घेरने की कोशिश, क्षेत्रीय संगठनों में संतुलन बदलने का प्रयास और आंतरिक अस्थिरता को हवा देना, भारत के लिए ये सभी संभावित रणनीतियों के खिलाफ एक नया समीकरण तैयार करने की आवश्यकता होगी। इन परिस्थितियों में भारत को अत्यंत सतर्क, संतुलित और दीर्घदर्शी नीति अपनाने की आवश्यकता है।

एक ओर जहां सीमाओं की सुरक्षा और सैन्य तैयारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, वहीं दूसरी ओर कूटनीतिक संवाद के रास्ते खुले रखना भी आवश्यक है। भारत को बांग्लादेश के साथ अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करना चाहिए, ताकि कट्टरपंथी ताकतों के लिए जगह न बचे।

पाकिस्तान के संदर्भ में सख्ती और स्पष्टता आवश्यक है, जबकि चीन के मामले में रणनीतिक धैर्य के साथ राष्ट्रीय हितों की दृढ़ रक्षा करनी होगी। चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के बदलते समीकरण भारत के लिए केवल एक तात्कालिक चुनौती नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक रणनीतिक परीक्षा भी हैं। इतिहास साक्षी है कि भारत ने हर कठिन परिस्थिति में संयम, साहस और विवेक का परिचय दिया है।

वर्तमान समय में भी आवश्यकता इसी बात की है कि भारत अपनी आंतरिक एकता, कूटनीतिक समझदारी और सामरिक क्षमता के बल पर इन चुनौतियों का सामना करे। यदि समय रहते सही निर्णय लिए गए, तो यह त्रिकोणीय दबाव भारत को कमजोर करने के बजाय और अधिक मजबूत, सतर्क और आत्मनिर्भर बना सकता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### इंगोहटा के पंचायत सचिव को किया निलंबित

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** शनिवार को देर शाम जिला पंचायत राज अधिकारी ने इंगोहटा के पंचायत सचिव को गौआश्रय के रखरखाव में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया है। शनिवार को इंगोहटा निवासी आशीष सिंह, दिवाकर सिंह परिहार आदि ने तहसील दिवस में शिकायत करके आरोप लगाया था कि इंगोहटा की गौशाला में दो दर्जन से ज्यादा गोवंश मरे हैं जिनको प्रधान पुत्र गुरु प्रताप सिंह ने ट्रैक्टर ट्राली में भरकर नाले किनारे फेंक दिया है। जिलाधिकारी ने जांच टीम बनाकर गांव भेजी थी। जहां टीम को गौशाला के अभिलेखों में 134 गोवंश संरक्षित होने का रिकॉर्ड मिला था। मौके पर 128 गोवंश बंद पाया गया था। 6 गोवंश की स्वाभाविक मौत का ब्योरा रिकॉर्ड में दर्ज था। इसके बाद देर शाम जिला पंचायत राज अधिकारी सुरेश कुमार धुरिया ने पंचायत सचिव अमित कुमार को गौशाला प्रबंधन में लापरवाही, उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना, अपने पद एवं दायित्व का निर्वाहन नहीं करने के आरोप में निलंबित करके जिला पंचायत राज कार्यालय से सम्बद्ध करके एडियो पंचायत सरीला को जांच सौपकर 45 दिनों में रिपोर्ट मांगी है।


### सहकार भारती का 48वां स्थापना दिवस मनाया गया

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** क्षेत्र के टेढ़ा गांव में सहकार भारती का 48वां स्थापना दिवस राष्ट्रहित, किसानहित एवं सहकारिता सशक्तिकरण के संकल्प के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण उत्थान और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य वक्ता एफपीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ.मनोज कुमार ने किसान उत्पादक संगठनों की भूमिका, किसानों को बाजार से जोड़ने और सहकारिता को मजबूत बनाने पर प्रेरक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि सहकार भारती बिना राजनीति के सहकारिता को जनआंदोलन का स्वरूप दे रही है कार्यक्रम में सहकार भारती के कार्यों, किसान सशक्तिकरण, महिला स्वावलंबन, प्राकृतिक खेती और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं और मातृशक्ति ने संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया इस मौके पर सहप्रमुख सुनील, जिला उपाध्यक्ष राजनरायन गुप्ता, प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह गौतम,महिला प्रमुख तनूजा सिंह, सह महिला प्रमुख उर्मिला सिंह, समाजसेवी सौरभ सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### कतर में रह रहे युवक की टिप्पणी से उपजा असंतोष

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कतर में रह रहा है एक युवक कस्बे की घटना पर आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया में करके मामले को तूल पकड़ाने की कोशिश कर रहा है। इस टिप्पणी पर लोगों ने तरह-तरह कमेंट करके कड़े शब्दों में निंदा की है। कस्बा का निवासी एक युवक कतर में रहता है विगत दिनों कस्बे में हुए प्रकरण में इसने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। इस युवक की आपत्तिजनक टिप्पणी से कस्बे के लोगों में आक्रोश पनप गया है। लोगों ने इसकी कड़े शब्दों में निंदा की है। युवक ने एक जाति विशेष को निशाना बनाकर अपने सोशल अकाउंट्स से फेसबुक में कमेंट किए हैं। युवक की यह हरकत कस्बे में दिनभर चर्चा के विषय बनी रही।

### मार्ग दुर्घटना में घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** गत 12 जनवरी को देर शाम खेत में पानी लगाकर वापस घर लौट रहे किसान को मुंडेरा मार्ग में पचखुरा खुर्द की गौशाला के पास तेज रफ्तार लोडर ने जोरदार टक्कर मार दी थी। इस घटना में किसान गंभीर रूप से घायल हुआ था। उसका कानपुर में उपचार चल रहा था। शनिवार को देर शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। रविवार को शव गांव लाया गया पचखुरा खुर्द निवासी सुरेश कुमार 46 वर्ष गत 12 जनवरी को देर शाम खेत में पानी लगाकर घर वापस लौट रहा था। मुंडेरा मार्ग में गौशाला के समीप तेज रफ्तार लोडर ने जोरदार टक्कर मार दी थी और भाग निकला था। इस घटना में सुरेश कुमार गंभीर रूप से घायल हुआ था। इसको परिजनों ने गंभीर हालत में इलाज के लिए कानपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। शनिवार को देर शाम इसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया गया। इससे परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी मिथलेश कुमारी, पुत्र धीरज, धीरेंद्र, पुत्री रीति को रोता बिलखता छोड़ गया है। मृतक के छोटे भाई पप्पू ने बताया कि उसके हिस्से में करीब दो बीघे खेती योग्य जमीन थी। वह खेती-बाड़ी करने के साथ मनरेगा योजना में मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था।

### विराट हिंदू सम्मेलन आज, बाइक रैली निकाल किया आमंत्रित



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन सोमवार को कस्बे के रामलीला मैदान में किया गया है। इस सम्मेलन को अयोध्या हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास महाराज सहित अन्य साधु संत संबोधित करेंगे। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आरएसएस, विहिप, बजरंग दल, विद्यार्थी परिषद, गौ रक्षा दल आदि हिंदूवादी संगठनों ने पूरी ताकत झोंक दी है। रामलीला मैदान में विशाल मंच तैयार करके कस्बे में जगह-जगह स्वागत के लिए तोरण द्वार बनाए गए हैं। सम्मेलन में लोगों को आमंत्रित करने के लिए रविवार को कस्बे में विशाल बाइक रैली निकाली गई।कस्बे के रामलीला मैदान में आरएसएस, विहिप, बजरंग दल, विद्यार्थी परिषद, गौ रक्षा दल, हिंदू युवा वाहिनी आदि संगठनों ने विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन सोमवार को किया है। इस सम्मेलन के मुख्य वक्ता अयोध्या हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास महाराज हैं। सम्मेलन में लोगों को आमंत्रित करने के लिए रविवार को श्रीराम शाखा से विशाल बाइक रैली निकाली गई। बाइक रैली में भगवा ध्वज लहराते हुए जय श्री राम के गगन भेदी नारे लगाए गए विहिप के जिला अध्यक्ष रामदत्त दुबे, आरएसएस के नगर कार्यवाह कैलाश दुबे ने बताया कि सम्मेलन की सभी तैयारियां पूर्ण हो गई है। सम्मेलन सोमवार को दोपहर एक बजे से शुरू होगा।

### रुतबे एवं रसूख के चलते मोड़ दिया नाली का रुख



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे की मैथिलीशरण गुप्त मार्ग में बड़ी पुलिया के समीप आयशा मस्जिद के पास बनाया गया आरोपियों का पुश्तैनी मकान अन्य मकानों से भिन्न है। इन्होंने अपने रुतबे एवं रसूख के चलते नगर पंचायत की नाली को मकान की नींव में दफन करके जल निकासी रोक दी। नगर पंचायत को जल निकासी के लिए नाली का रुख मोड़ना पड़ा तब कहीं जाकर अन्य मकानों के पानी निकालने का इंतजाम हो सका लव जिहाद, धर्मांतरण, गैंगरेप के आरोपियों का रुतबा और रसूख इस कदर रहा है कि उन्होंने पग पग पर नियम कानून को ठेंगा दिखाया है। इसका एक नमूना बड़ी पुलिया के समीप बना पुश्तैनी मकान है। निर्माण के दौरान नगर पंचायत की नाली को रोककर मकान की नींव रख दी। इससे कस्बे की जल निकासी ठप हो गई नगर पंचायत को जल निकासी के लिए नाली का रुख मोड़ने को मजबूर होना पड़ा। इस वजह से यह मकान इस मार्ग में अलग ही नजर आता है अब नगर पंचायत ने रविवार को इस मकान में नोटिस चस्पा किया है। नगर पंचायत इस मकान पर क्या कार्यवाही करेगी फिलहाल अभी स्पष्ट नहीं है।

# अपर जिलाधिकारी ने बीएलओ बूथों का किया निरीक्षण

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



रहमानिया इंटर कॉलेज, मौदहा स्थित मतदान केन्द्र पर अपर जिलाधिकारी हमीरपुर एवं उपजिलाधिकारी मौदहा करन वीर सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भाग संख्या 410 से 424 के सुपरवाइजर मोहम्मद अख्तर भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के समय समस्त बूथ लेवल अधिकारी (BLO) अपने-अपने बूथों पर उपस्थित पाए गए। मतदान केन्द्र पर मतदाता सूची के पठन-पाठन एवं सत्यापन का कार्य सुचारु रूप से किया जा रहा है इस अवसर पर उन नागरिकों के लिए फॉर्म-6 भरने की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, ताकि नया नाम जोड़ा जा सके। वहीं जिन मतदाताओं के नाम अथवा अन्य विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि पाई गई, उनके लिए फॉर्म-8 के माध्यम से संशोधन की व्यवस्था भी की गई। प्रशासन द्वारा मतदाताओं से अपील की गई कि वे निर्धारित समय पर मतदान केन्द्र पर पहुंचकर अपने नाम व विवरण की जांच अवश्य कर लें तथा आवश्यकतानुसार फॉर्म भरकर सुधार सुनिश्चित करें।

**प्रधानमंत्री आवास योजना**

# डुडा ने पहली किस्त 2087 लोगों को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में वितरित की



**हमीरपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 20 कार्यक्रम के अन्तर्गत योगी आदित्यनाथ गुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा 2 लाख लाभार्थियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रथम किस्त के रूप में रू. एक लाख की धनराशि के अतंरण की गई एवं लाभार्थियों से वर्क्युल संवाद किया गया। जनपद हमीरपुर की समस्त नगर निकायो में कुल 2087 लाभार्थियों को प्रथम किस्त हस्तांतरित की गई। उक्त कार्यक्रम में शकुन्तला निषाद, जिला अध्यक्ष (भाजपा), कुलदीप निषाद अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद हमीरपुर, एवं पार्टी के कार्यकर्ता इत्यादि उपस्थित रहे जिला अध्यक्ष द्वारा लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र वितरण किये गये। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/ परियोजना निदेशक रिजवाना शाहिद/ उप जिलाधिकारी/परियोजना अधिकारी पैगाम हैदर, कार्यक्रम के संचालन कर्ता जलीस खाँ एवं डूडा के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खबर का असरः वन विभाग पूरे दिन सहेजता रहा लकड़ी



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** आरोपियों के परिजनों द्वारा रातों-रात लकड़ी गायब करने की खबर प्रकाशित होते ही। रविवार को दिनभर वन विभाग की टीम ने मौके पर मिली लकड़ी को सहेजकर कब्जे में लिया है। इस लकड़ी को वन विभाग ने नापजोख के बाद संरक्षित किया है शुक्रवार की रात लवजिहाद के आरोपियों के परिजनों रातों-रात लकड़ी लादकर गायब हो गए थे। इस खबर को प्रमुखता के साथ रविवार के अंक में प्रकाशित किया गया था। खबर छपते ही वन विभाग की टीम मौके पर पचखुरा खुर्द पहुंची और डम्प में मौजूद लकड़ी को नापजोख करके कब्जे में लिया। वन क्षेत्राधिकारी अजय कुमार वर्मा ने बताया कि टीम को मौके पर भेज कर लकड़ी कब्जे में लेकर वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय लाई जा रही है।

# खुफिया एजेंसियां सिमी से जुड़े होने के सबूत खंगालने में जुटीं

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

खुफिया एजेंसिया लव-जिहाद, धर्मांतरण के मुख्य आरोपी के पिता का इस्लामिक मूवमेंट (सिमी) से जुड़े होने के सबूत खंगालने लगा है। खुफिया एजेंसियों को आशंका है मौलाना खान सिमी का सदस्य है तभी इसके यहां वर्ष पर्यंत कट्टरपंथी मौलानाओं का आना जाना रहता है कस्बे के हिंदू समुदाय की नाबालिग युवती को प्रेमजाल में फंसाकर गैंगरेप कर अश्लील वीडियो बनाने तथा बाद में धर्मांतरण का दबाव बनाने पर युवती के मुकर जाने से नाराज होकर अश्लील वीडियो वायरल करने के मामले में मुख्य आरोपी अफान खान के पिता मौलाना खान पर प्रशासन का शिकंजा कसता जा रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन का खुफिया तंत्र मौलाना खान को इस्लामिक मूवमेंट (सिमी) का सक्रिय सदस्य मान रहा है और सिमी से इसके जुड़े होने के सबूत एकत्र कर रहा है। रविवार को कस्बे में आए खुफिया एजेंसी के अधिकारी चुपचाप सबूत एकत्र करने में जुटे रहे। सूत्रों के मुताबिक खुफिया एजेंसी को मौलाना खान के खिलाफ अहम सबूत हाथ लगे हैं। खुफिया सूत्रों के अनुसार सिमी से जुड़े होने के कारण इसके यहां वर्ष पर्यंत कट्टरपंथी मौलानाओं का आना-जाना लगा रहता है।

### पीड़िता के परिजनों से मिले भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** रविवार को भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बृज किशोर गुप्ता पीड़िता के घर पहुंचे और परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी ली और न्याय दिलाने का भरोसा दिया कस्बे में हुआ लव-जिहाद का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। रविवार को भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रज किशोर गुप्ता, किशन व्यास के साथ पीडिता के घर पहुंचे और परिजनों से पूरी घटनाक्रम की जानकारी लेकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

### पीड़िता के बयान के बाद आरोपियों की संख्या बढ़ी

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** पीडिता के अदालत में बयान के बाद पुलिस ने मुकदमे में और लोगों के नाम बढ़ाकर गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पीडिता ने अदालत में दिए 164 के बयान में और लोगों पर दुष्कर्म करने तथा धर्मांतरण का दबाव बनाने का बयान दिया है। पीडिता के बयान के बाद पुलिस ने उनका नाम बढ़ाकर गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिया हैं। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया की पीड़िता के बयान के बाद आरोपियों की संख्या में इजाफा हुआ है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें बना दी गई है। छापेमारी की जा रही है जल्दी ही गिरफ्तार करके आरोपियों को जेल भेजा जाएगा

### पूरा परिवार भूमिगत, मकान में लटके ताले

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** लवजिहाद, धर्मांतरण, गैंगरेप के आरोपियों के पूरे परिवार के मकानों में ताले लटक रहे हैं। पूरा परिवार कस्बा छोड़कर भूमिगत हो गया है। सभी कारोबार ठप हो गए हैं कस्बे की नाबालिग हिंदू किशोरी को प्रेमजाल में फंसाकर गैंगरेप के बाद धर्मांतरण का दबाव बनाने वाले आरोपियों का पूरा परिवार कस्बे से भाग निकला है। इनके आधा दर्जन मकानों में ताले लटक रहे हैं। इनका पूरा कारोबार ठप हो गया है।

# एसआईआर में कोई मतदाता न छूटेः एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर

- एमएलसी ने नगर के वूथ संख्या खदिया में लोगों से सम्पर्क कर किया जागरूक

**चरखारी/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर चरखारी नगर मण्डल में भाजपा संगठन द्वारा आवंटित स्थित शक्ति केंद्र रामनगर, बूथ संख्या- 378 खंदिया में विशेष गहन पुनरीक्षण एस आई आर अभियान के अंतर्गत महत्वपूर्ण बैठक कर स्थानीय घरों में संपर्क किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं व नागरिकों को एस आई आर अभियान की प्रक्रिया, उद्देश्य एवं महत्व के साथ-साथ मतदाता सूची के शुद्धिकरण हेतु मृतक मतदाताओं के नाम हटाने, स्थानांतरित मतदाताओं के संशोधन तथा नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6, 7 व 8 की जानकारी दी। इस अवसर पर साथ मे पूर्व ब्लॉक प्रमुख करण सिंह राजपूत, सैनिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक कुलदीप भटनागर, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक मनोज द्विवेदी, शक्ति केंद्र संयोजक अभिषेक चौबे, रविंद्र सिंह चौहान, बूथ अध्यक्ष रमेश चंद्र तिवारी, मोहन लाल द्विवेदी, सभासद हरिहर रैकवार सहित पदाधिकारी, कार्यकर्ता बंधु एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# एसडीएम सदर ने आरोपियों की संपत्ति का खंगाला ब्यौरा

- सोमवार को सिंचाई विभाग बंधी की करेगा नापजोख

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

**इन संपत्तियों में चस्पा हुई नोटिस**

1 – वार्ड 16 बस स्टैंड में स्थित इंडियन लाज मालिक जेबुन्निसा
2 – वार्ड 7 बड़ी पुलिया के पास मकान में मालिक मुईन उद्दीन।
3 – वार्ड 7 कमलेश तिराहा के पास मालिक मुईन उद्दीन उर्फ लल्लू

रविवार को एसडीएम सदर केडी शर्मा नगर पंचायत पहुंच कर ईओ के साथ बैठकर मौलाना खान की संपत्तियों का ब्यौरा खंगाला। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सोमवार को सिंचाई विभाग की टीम बंधी की नापजोख करके रिपोर्ट दाखिल करेगी। इसके बाद ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। धर्मांतरण, लव जिहाद,रेप के आरोपियों की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। शासन के निर्देश पर प्रशासन इनके खिलाफ कार्यवाही की तैयारी करने में जुट गया है। इसके लिए सबूत एकत्र किए जा रहे हैं। रविवार को एसडीएम सदर ने करीब दो घंटे नगर पंचायत कार्यालय में बैठकर अधिशाषी अधिकारी दिनेश आर्य के साथ आरोपियों की संपत्तियों का ब्यौरा खंगाले। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अवैध संपत्तियों को चिन्हित करके ईओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इंडिया उर्फ इंडियन लाज का भवन सिंचाई विभाग की बंधी को ध्वस्त करके बनाए जाने के सवाल पर कहा कि सोमवार को महोबा से सिंचाई विभाग की टीम आकर बंधी के रकबे की जांच पड़ताल करेगी। नापजोख करने के बाद रिपोर्ट प्रशासन को देंगे। रिपोर्ट मिलने के बाद ही ध्वस्तीकरण की कार्यवाही अमल में लाया जाएगा। हाईकोर्ट के ध्वस्तीकरण के आदेश के बारे में उन्होंने कहा कि आदेश की जांच की जा रही है। उच्च अधिकारी ही इस पर निर्णय लेंगे। सिंचाई विभाग महोबा के जिलेदार दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि विभाग के अभिलेखों में सुमेरपुर बस स्टैंड की बंधी का रकबा लगभग 30 से 40 फीट चौड़ा दर्ज है। उसका नक्शा बना हुआ है। नक्शे में चौड़ाई दर्ज है। मौके पर ही तय होगा कि इंडिया उर्फ इंडियन लाज बंधी की कितने फीट भूमि पर बनाया गया है।

# संदिग्ध परिस्तिथियों में हुए ब्लास्ट की चपेट में आकर नाबालिग घायल

- गंभीर अवस्था में हायर सेंटर किया गया रेफर

**चरखारी/महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



कोतवाली अन्तर्गत खेतों में बकरी चराने गया 15 वर्षीय किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में ब्लास्ट हुए विस्फोटक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सुनसान इलाके में हुए बलास्ट की चपेट में आकर किशोर के घायल हो जाने से इलाके में हड़कम्प मच गया। आनन-फानन में परिजनों द्वारा घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। बताया जाता है कि यह मामला कोतवाली क्षेत्र के सालट गांव का है। जहां के रहने वाले पंचा का 15 वर्षीय पुत्र सचिन गाँव के बाहर खेतों में बकरियां चराने गया था इसी दौरान सुनसान इलाके में रखा विस्फोटक संदिग्ध परिस्थितियों के चलते अचानक ब्लास्ट हो गया जिसकी चपेट में आकर सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया। सुनसान इलाके में हुए विस्फोट की आवाज सुन पास में काम कर रहे ग्रामीणों ने नाबालिग को घायल देख उसके परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुँचे परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए महोबा जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घायल किशोर के पिता पंचा ने बताया कि बेटा सचिन गांव के बाहर सुनसान इलाके में बकरी चराने गया था तभी वहीं पर रखे विस्फोटक में अचानक ब्लास्ट हो गया जिसकी चपेट में आकर सचिन घायल हो गया है,मौके पर मौजूद गांव के लोगों द्वारा हमें सूचना दी गई उसके बाद उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घायल का इलाज कर रहे इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉक्टर पंकज राजपूत ने बताया कि 15 वर्षीय घायल किशोर को इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है,परिजनों द्वारा बताया गया कि उसके हाथ में चोट विस्फोटक के ब्लास्ट होने से लगी है,प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार न होने पर हायर सेंटर रेफर किया गया है।

### सड़क में जल भराव व गड्ढों की समस्या से जल्दी मिलेगी निजातः वैभव अरज़रिया

**पीडब्ल्यूडी अधिकारी से वार्ता कर नगरवासियों को दिया भरोसा**



**कुलपहाड़/महोबा।** नगर के लोग ख़राब पड़ी सड़क से काफी दिनों से परेशान हैं राष्ट्रीय राजमार्ग के गोंदी चौराहे से भटेवरा रोड पर बड़े गड्ढे हो जाने से जल भराव की समस्या बनी रहती है। इस समस्या की जानकारी स्थानीय दुकानदारों द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष कुलपहाड़ को दी गई, जिस पर उन्होंने मौके पर जाकर संबन्धित पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से वार्ता कर सड़क ठीक करने को कहा है। नगर के गोंदी चौराहे से भटेवरा रोड पर कुलपहाड़ नगर पंचायत क्षेत्र की सीमा में दुकानें बनी हुई है। इसी सड़क पर पहाड़ से आने वाले ट्रैक्टर बोल्डर गिट्टी लेकर निकलते हैं। जिससे जगह जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। गड्ढों में जल भराव रहने के कारण सड़क के दोनों ओर स्थित दुकानों में पानी के छीटें आ जाते हैं, जिससे दुकानदारों का सामान खराब हो जाता है। दुकानदार दीपक यादव, इम्तियाज, नफीस, राकेश, महेंद्र आदि ने बताया कि इन गड्ढों में भरे पानी से जब वाहन निकलते हैं, तो गंदा पानी उछलकर दुकानों में जाता है। समस्या के निवारण हेतु नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया से शिकायत की थी। मौके पर पहुंचे अध्यक्ष ने निरीक्षण किया और दुकानदारों को आश्वासन दिया कि जल्द ही सड़क की मरम्मत कराई जाएगी।

# ग्राम चौपाल आयोजित कर राज्यसभा सांसद और एमएलसी ने ग्रामीणों को दी जी राम जी योजना की जानकारी

- 100 दिन के स्थान पर अब मिलेगा 125 दिन का काम और भ्रष्टाचार पर लगेगी लगाम

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



विकास खण्ड चरखारी क्षेत्र के ग्राम में विकसित भारत जी राम जी कार्यक्रम के तहत ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। आयोजित चौपाल में राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद और एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर द्वारा मनरेगा का नाम बदलकर विकसित जी राम होने पर ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि अब मजदूरों को 100 दिन की जगह 125 दिन काम मिलेगा। भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के उद्देश्य से इस योजना के तहत ग्रामीणों को काम करने से लेकर भुगतान तक के लिए बायोमैट्रिक का प्रयोग करना अनिवार्य किया गया है। विकास खण्ड चरखारी क्षेत्र के सूपा गांव में जनजागरण अभियान के तहत कृषक-श्रमिक ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद और एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने शिरकत की। इस दौरान बाबूराम निषाद ने कहा कि जी राम जी बिल में बहुत विशेषताएं है जिन्हें आज लोगो को बताया गया। इस योजना में किसान किसानी भी कर सकेगा और मजदूरी भी कर सकेगा क्योकि इस योजना को खेती के समय संचालित नही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा में पहले 100 दिनों का काम मिलता था लेकिन जी राम जी योजना में अब 125 दिन का काम मिलेगा और सभी मजदूरों के लिए अच्छी बात है कि इस योजना में बायोमेट्रिक के द्वारा ही काम होगा। इसकी खास विशेषता है कि मजदूरी का भुगतान एक हफ्ते के अंदर किया जाएगा और यदि किसी कारण वश पेमेंट नही होता है तो व्याज सहित भुगतान खाते में जायेगा। इस योजना से निश्चत ही गांव की तकदीर और तस्वीर बदलेगी।

# एसआईआर शिविरों में जोड़े गये छूटे नये मतदाता

- विधानसभा क्षेत्र के एस आई आर शिविरों में देखने को मिला मतदाताओं का उत्साह
- एसडीएम, तहसीलदार सहित अधिकारियों ने किया शिविरों का निरीक्षण

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



विधानसभा क्षेत्र के एस आई आर शिविरों में अपना नाम जुड़वाने के लिए मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला, काफी संख्या में मतदाता शिविर में दिखायी दिऐ। बता दें कि रविवार को एस आई आर हेतु विधानसभा क्षेत्र के सभी विधालय में शिविर लगाकर छूटे हुए नये मतदाताओं के नाम जोड़ने का कार्य किया गया। नगर के जनतंत्र इण्टर कालेज, मांडल स्कूल, कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय आदि में नाम जुड़वाने वाले मतदाताओं का उत्साह देखने को मिला। काफी संख्या में लोगों ने अपने फार्म 6 भरकर नाम जुड़वाने के लिए वी एल ओ दिए। उपजिलाअधिकारी डॉ प्रदीप कुमार, तहसीलदार प्रमित सचान, नायब तहसीलदार आदि ने भ्रमण कर शिविरों का जायजा लिया। जनतंत्र इंटर कॉलेज कुलपहाड़ के भाग संख्या 314 से 320 मैं विशेषट पुनरीक्षण कार्य में काफी नये मतदाताओं को जोड़ा गया। सुपरवाइजर गया प्रसाद ने बताया इस बार लोगों में उत्साह नजर आया। बीएलओ जितेंद्र रत्नाकर, प्रतीक तिवारी, स्नेह लता, चंद्र प्रकाश ने कार्य करते मिले। छह बूथों लगभग 80 नए नाम बढ़ाए गए।

# महराजगंज नगरवासियों का महाविकास क्योंकि आ रहे हैं 249 आवास

- दो सौ आवासों की चल रही जांच
- हमारा उद्देश्य कोई भी पात्र छूटना नहीं चाहिए, इसलिए युद्धस्तर पर चल रहे है कार्य



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आवास की आवास नगर का हो रहा संपूर्ण विकास अगर मुखिया जिम्मेदार और जागरूक है तो जनता हमेशा सुख की अनुभूति करती है और यही करके दिखा रहे हैं इस समय महराजगंज नगर पंचायत अध्यक्ष सरला साहू और प्रतिनिधि प्रभात साहू आज लखनऊ के लिए 75 लोगों को रवाना किया गया है और 249 लोगों की लिस्ट है जिनके खाते में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सीधे आवास के लिए पैसा भेजा जा रहा है वही यह सब देखकर नगर पंचायत के विरोधियों के पेट में बल पड़ चुका है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश के 2 लाख से अधिक जरूरतमंद परिवारों के लिए रविवार का दिन खास है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत चयनित्र लाभार्थियों के बैंक खातों में एक 100000 की पहली किस्त का डिजिटल हस्तारण करेंगे यह राशि सीधे लाभार्थियों के खाते में भेजी जाएगी जिससे उन्हें अपने पक्के घर के निर्माण में आर्थिक मदद मिलेगी इसी कड़ी में महराजगंज नगर पंचायत की अध्यक्ष सरला साहू और प्रतिनिधि प्रभात साहू द्वारा नगर में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है एक तरफ जहां अत्यधिक विकास होने के कारण विरोधियों के पेट में दर्द शुरू हो गया है तो वहीं जनता अध्यक्ष व प्रतिनिधि प्रभात साहू की जय जय कर रही है कि बार-बार हमें ऐसा ही नेता मिले वही इसका उदाहरण भी देखने को मिल रहा है कि एक तरफ विरोधी है कि लगातार राज अलपते रहते हैं फिर भी जनता उनकी तरफ ध्यान नहीं देती और बार-बार प्रभात साहू के सिर पर ही सेहरा सजता है। महराजगंज नगर पंचायत से रविवार को 75 लोगों को बस द्वारा लखनऊ के लिए रवाना किया गया है वही प्रभात साहू ने बताया कि 249 लोगों की लिस्ट है सभी के खातों में पैसा आएगा और सभी के घर पक्के बनेंगे उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास नगर का निरंतर होता रहे विकास।

> चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने बताया 75 लोगों को लखनऊ भेजा गया है कुल 249 लोगों की लिस्ट है जिसमे पैसा आना है तथा 200 लोगों की जांच और चल रही है जल्द ही हर पात्र को आवास दिया जाएगा।

# पल्हरी ओवर ब्रिज के नीचे डम्पर ने ऑटो को मारी टक्कर, एक व्यक्ति की मौत

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



पल्हरी ओवरब्रिज के नीचे एक बड़ा हादसा हो गया। डम्फर ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी।जिससे मौके पर ही एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी।हादसे मे ऑटो रिक्शा के परखच्चे उड़ गये।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज जांच पड़ताल में जुट गयी है। जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र मे पल्हरी ओवरब्रिज के नीचे रविवार करीब 12 बजे एक तेज रफ्तार डम्फर ने ऑटो को टक्कर मार दी।जिससे ऑटो में सवार युवक की मौके पर ही जान चली गई। मिली जानकारी के मुताबिक डम्फर लखनऊ की ओर से सर्विस लेन से अयोध्या की तरफ जा रहा था। पल्हरी ओवरब्रिज के नीचे ऑटो से उसकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और युवक उछलकर नीचे गिर गया,जिसपर डंपर का पहिया चढ़ गया।सूचना मिलने पर नगर कोतवाली पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूत्रो के अनुसार मृतक अशीष कुमार जोकि उन्नाव के निवासी है और जैदपुर के निगम पैलैस मे पिछले काफी डेढ़ साल से किराये पर रहते थे जो आज किसी कार्य से लखनऊ के लिये निकले थे पुलिस ने डंपर को भी जब्त कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# समरसता भोज में सैकड़ों लोगों ने लिया हिस्सा

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



नगर के नागेश्वर नाथ धाम स्थित मंदिर परिसर में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष विष्णु प्रभाकर वर्मा एवं अमरेश सोनी द्वारा आयोजित समरसता भोज में सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लेकर खिचड़ी भोज का आनंद लिया। इस समरसता भोज में नगर और जनपद के तमाम गणमान्य एवं हर समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। मुख्य रूप से राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, जनपद बाराबंकी की पूर्व प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, विधान परिषद सदस्य अवनीश पटेल, पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, डॉक्टर राम कुमारी मौर्या, हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत, पूर्व विधान परिषद सदस्य हरगोविंद सिंह, भाजपा नेता राकेश कर्रा,भाजपा नेता डॉ विवेक वर्मा, ललित कला अकादमी की सदस्य सरोज रावत, पूर्व नगर अध्यक्ष राम प्रकाश श्रीवास्तव, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रामेश्वरी त्रिवेदी, जिला उपाध्यक्ष रचना श्रीवास्तव, पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सरिता सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी, गुरशरण लोधी,जिला उपाध्यक्ष मनोज वर्मा, सभासद देवेंद्र प्रताप सिंह (ज्ञानू), पंकज मिश्रा, प्रदीप मौर्य, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रोहित सिंह, ताज बाबा राईन,आलोक वर्मा, नगर अध्यक्ष सूरज सिंह, चंद्र प्रकाश गुप्ता, चंद्रहास वर्मा, शशी भुर्जी ,रवि शुक्ला, अमरजीत श्रीवास्तव (टिल्लू), जिला महामंत्री संदीप गुप्ता, देवा ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र यादव, हरख ब्लाक प्रमुख रवि रावत, नवीन सिंह राठौड़,डॉक्टर अवधेश वर्मा सहित तमाम लोगों ने हिस्सा लिया।

# छत पर गई महिला से घात लगाए बैठे बदमाशों ने छीने जेवर

**रामनगर बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

सुबह पहर छत पर बाथरुम के लिये गई महिला के झाले लूटकर दो अज्ञात नकाबपोश लुटेरे फरार हो गये।सूचना पाकर मौके पर दल बल के साथ पहुंची पुलिस क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत और कोतवाल अनिल कुमार पांडे ने पीड़ित महिला और परिजनो से जांच पड़ताल कर मातहतो को आवश्यक निर्देश दिये है।प्राप्त जानकारी के अनुसार रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम जुरौन्डा मे सोमवार सुबह करीब साढ़े सात बजे गृह स्वामी कृष्ण प्रताप सिंह दरवाजे पर गाय का चारा पानी कर रहे थे। उसी समय उनकी छोटी बहू रेनू सिंह छत पर बने बाथरुम के लिये गयी थी। रेनू सिंह ने जैसे ही अंटियां के दरवाजे को खोलकर आगे बढ़ी तभी अंटियां की दूसरी साइड मे घात लगाकर बैठे दो अज्ञात लुटेरो ने उन्हे दबोच कर मुंह साध दिया और बाथरुम की तरफ खींचकर बाथरुम बंद कर लिया। पीड़िता के मुताबिक सघर्ष के दौरान एक पांव का पायल दो बिछिया और दोनो झाले निकाल पाने मे सफल रहे।लेकिन छीना झपटी और जल्दबाजी की भागदौड़ में बिछिया पायल छूट गये।परिजनो का कहना था कि नीचे टीबी चल रही थी धम धम की आवाज पाकर छत की तरफ हम लोग दौड़े तो वहां दरवाजा बाहर से बंद था। लुटेरे भी तब तक फरार हो चुके थे। इस नयी विधा की वारदात से ग्रामीणो में दहशत फैल गयी है। कोतवाल श्री पांडे का कहना था कि जल्द से जल्द मामले का खुलासा किया जायेगा।

# कोहरे में सड़क हादसा, एक की मौत, आठ घायल

- पुलिस की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



लखनऊ बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर हरि नारायणपुर मोड़ के पास रविवार सुबह करीब 9 बजे घने कोहरे के कारण भीषण सड़क हादसा हो गया। जिसमें एक व्यक्ति की मौत और करीब आठ लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। प्राप्त विवरण के अनुसार इनोवा कार संख्या यूपी 82 एम 5744 और अर्टिगा कार संख्या यूपी 32 आरबी 0594 आमने-सामने से टकरा गई। एक बस भी सफेद अर्टिगा कार से जा भिड़ी। बस मे सवार कई यात्रियो को मामूली चोटें आई हैं। इस दुर्घटना में देवेंद्र कुमार तिवारी पुत्र अशोक कुमार (38 वर्ष) निवासी ग्राम रोसी पुरवा गोदड़ी थाना करनैलगंज जनपद गोंडा की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाल अनिल कुमार पांडे मातहतों के साथ मौके पर पहुंचे और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया।

पुलिस की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। सीएचसी प्रभारी डॉ प्रणव श्रीवास्तव ने बताया कि इस हादसे मे कुल आठ लोग घायल हुए थे। जिनमे एक व्यक्ति की मौत हो गई है। घायलो मे मोहम्मद इस्लाम और अतिकुर रहमान की हालत नाजुक होने के कारण उन्हे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# टुल्लू पम्प में उतरे करंट से महिला की मौत

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



बदोसराय क्षेत्र के मदारपुर गांव में रविवार की दोपहर एक महिला की टुल्लू पंप से करंट लगने से मौत हो गई। 55 वर्षीय सरस्वती कनौजिया नल चलाते समय करंट की चपेट में आ गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रविवार दोपहर करीब ढाई बजे सरस्वती कनौजिया उम्र लगभग 55 वर्ष पत्नी मानिक चंद्र कनौजिया हाथ धोने के लिए नल चलाने पहुंची थीं। जैसे ही उन्होंने नल चलाया टुल्लू पंप मोटर से आ रहा करंट नल में फैल गया और उन्हें जोरदार झटका लगा। घटना के तुरंत बाद, परिजन और आसपास के लोगों ने घायल सरस्वती को संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर पहुंचाया। हालांकि, अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बदोसरांय पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद, पुलिस ने आवश्यक पंचायतनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका सरस्वती कनौजिया के तीन बेटे और दो बेटियां हैं।

# आनन्द खिचड़ी महोत्सव में दिखी सामाजिक समरसता की झलक

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**





प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन एवं वित्तविहीन कॉलेज महासभा के संयुक्त तत्त्वधान में लखपेड़ाबाग स्थित आनन्द विहार कान्वेंट इंटर कालेज मेँ आयोजित आनंद खिचड़ी महोत्सव मेँ सामाजिक समरसता की अनूठी पहल दिखाई दी। इस आनन्द खिचड़ी महोत्सव मेँ जहाँ सभी दलों के नेता, जनप्रतिनिधियों हिस्सा लिया वहीं जिले के आधा सैकड़ा स्कूलों के शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और साहित्यकारों ने महोत्सव मेँ खिचड़ी भोज का आनन्द लिया। रेडक्रास के चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह, आनन्द विहार कान्वेंट इंटर कालेज के प्रबंधक एमडी आनन्द, जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंह आनन्द, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजकुमारी गौतम ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। बौद्ध भिक्षुओं को अन्नदान के साथ शुरू हुए इस महोत्सव में एमएलसी अवनीश कुमार सिंह पटेल, हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत, भाजपा नेता डॉ विवेक वर्मा, पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप, हाफिज अयाज, प्रीतम सिंह वर्मा, हिमांशु यादव, बसंत सिंह गौतम, कामता यादव, हशमत अली गुड्डू, प्रधान सोनू सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह, प्रधान चौबीसी हितेंद्र सिंह गौरव, प्रधान जितेंद्र सिंह सोनू, राहुल सिंह चौहान, भूपेंद्र सिंह, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह पूर्व विधायक शिवकरण सिंह, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन गुरुशरण सिंह लोधी, भाजपा नेता इन्द्र प्रताप सिंह, किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष राजेश वर्मा, भाजपा पिछड़ा मोर्चा के उपाध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा, राकेश कुमार वर्मा कर्रा, रेडक्रास के संरक्षक आशीष वर्मा, भाजपा विस्तारक एडवोकेट अभय मिश्रा, अरुण प्रताप सिंह, सरोज रावत, किसान नेता महेंद्र प्रताप सिंह, ओज कवि डॉ ओपी वर्मा ओम, श्याम बहादुर सिंह, राजनीती सिंह, अवधेश सिंह चंदेल, सभासद पंकज मिश्रा, रोहित सिंह, हास्य कवि अनिल श्रीवास्तव लल्लू, सामाजिक कार्यकर्त्ता एवं पत्रकार रत्नेश कुमार, कालेजों के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्यगण शिक्षक एमएलसी उमेश दुवेदी ज़ी के प्रतिनिधि सतीश यादव, जगन्नाथ वर्मा, अवध पाण्डेय, राम कुमार गिरि, बीरबल, अवधेश वर्मा, चन्द्रशेखर कांडपाल, अजय मिश्रा, आफाक अली, विपिन सिंह राठौर, लालजी, उमेश मिश्रा, सुनील सिंह, प्रमोद वर्मा, एसके श्रीवास्तव सहित सैंकड़ो की संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# खतरनाक हादसों का केंद्र बिंदु बना खैरहनी गांव

- हाईवे किनारे कतारो में खड़े बड़े वाहन बनते हैं दुर्घटना का कारण
- घटना के पश्चात ट्रक चालक अपना ट्रक लेकर घटनास्थल से हुआ फरार

**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित खैरहनी गांव को अगर दुर्घटना का केंद्र बिंदु कहा जाए तो कतई गलत नहीं होगा, क्योंकि इस जगह पर दो पेट्रोल पंप स्थित है, जिनके पास हाईवे किनारे रात में ही बड़े वाहन लंबी कतारों में खड़े हो जाते हैं, जो दुर्घटना का कारण बनते है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह अपनी चार पहिया गाड़ी से बनारस से लखनऊ जा रहा एक परिवार उक्त स्थान पर उस समय हादसे का शिकार हो गया, जब खैरहनी गांव के पास एस एस पेट्रोल पंप के निकट अत्यधिक कोहरे के कारण हाईवे मार्ग के किनारे खड़े एक ट्रक में उनकी गाड़ी पीछे से जा टकराई, गनीमत यह रही की गाड़ी के अंदर बैठे सभी लोगों को मामूली चोटे आई और गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं घटना के पश्चात ट्रक चालक अपना ट्रक लेकर घटनास्थल से फरार हो गया। फिलहाल उक्त चार पहिया वाहन सवार घायलों का इलाज पास में स्थित निजी अस्पताल में कराया गया है। इसके पश्चात वह अपनी दूसरी गाड़ी मंगाकर अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए। लेकिन सोचनीय विषय यह है कि जब उक्त स्थान पर पूर्व में भी हाईवे किनारे खड़े बड़े वाहनो से कई दर्जन हादसे हो चुके हैं। जिसमें काफी लोग अपनी जान गवा चुके हैं, फिर भी एनएचएआई विभाग एवं स्थानीय पुलिस इस गंभीर समस्या की ओर क्यों ध्यान नहीं दे रही है, यह एक यक्ष प्रश्न बना हुआ है।

# नहर कटने से तबाही, किसानों की मेहनत पानी में बही

- दर्जनों किसानों के खेत जलमग्न, हाथ लगी मायूसी

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



तहसील क्षेत्र के सुवाखेड़ा यूसुफपुर में नहर कटने से किसानों पर आफत टूट पड़ी है। सैकड़ो बीघा फसल पानी में डूब गई है और किसान प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे हैं। ये तस्वीर लालगंज क्षेत्र के सुवाखेड़ा युसुफपुर की हैं, जहां ग्रामीणों का कहना है कि गंगा एक्सप्रेसवे के कर्मचारियों व सिंचाई विभाग की लापरवाही के चलते नहर कट गई।

नहर का पानी आसपास के खेतों में भर गया, जिससे गेहूं और सरसों की तैयार फसल बर्बाद हो गई। किसानों का कहना है कि नहर की हालत पहले से खराब थी, लेकिन कई बार शिकायत के बावजूद मरम्मत नहीं की गई। लोगों ने बताया कि लेखपाल आए थे और फोटो खींचकर ले गए हैं लेकिन अभी तक कोई भी कदम नहीं उठाया गया है। जिससे ग्रामीणों में काफी नाराजगी व मायूसी देखने को मिली किसानों ने कहा कि अगर हम लोगों की फसल का मुआवजा नहीं दिया गया तो और आगे भी जाएंगे महिलाओं ने बताया कि लाखों की फसल का नुकसान हो गया है। सारे खेतों में सिर्फ और सिर्फ एक तरफ से पानी ही नजर आ रहा है हम लोगों के लिए रोटी खाने की मुसीबतें बढ़ गई हैं। सभी ग्रामीणों ने सरकार से मुआवजा दिलाए जाने की मांग उठाई है और कहा कि जितना हम लोगों का नुकसान हुआ है उसका मुआवजा सरकार को देना चाहिए। हालांकि प्रशासन नुकसान के सर्वे की बात कर रहा है, लेकिन सवाल ये है कि अगर समय रहते नहर की मरम्मत होती, तो किसानों को ये दिन नहीं देखने पड़ते।

# घने कोहरे के चलते एक साथ लड़ीं चार गाड़ियां

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** घने कोहरे के चलते जिले के फुरसतगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत अकेलवा के पास तेज रफ्तार बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बस और पिकअप की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई है. जिसमें एक युवक की मौत हो गई है जबकि एक गंभीर रूप से और दो सामान्य रूप से घायल है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह घने कोहरे के चलते बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बस और पिकअप की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के उपरांत प्राइवेट बस के पीछे खड़ी कर को पीछे से आई ट्रक ने टक्कर मार दिया. इस प्रकार कुल चरवाहन आपस में टक्कर खाकर क्षतिग्रस्त हो गए। घायलों को तत्काल इलाज के उपरांत घर भेज दिया गया. जबकि गंभीर रूप से घायल युवक को डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया है।

# लापता भाई-बहन बछरावां थाना क्षेत्र से बरामद

## जागरूक नागरिक की समझदारी से दोनों भाई-बहन पहुंचे अपने परिजनों के पास



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मिलएरिया थाना क्षेत्र के मलिकमऊ गांव से रविवार की सुबह एक सनसनी खेज तरीके से गायब हुए भाई निखिल उम्र 8 वर्ष एवं बहन नित्या उम्र 3 वर्ष रविवार की शाम 4:00 बजे के आसपास बछरावा थाना क्षेत्र के पहुरावा गांव से बरामद हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त दोनों भाई बहन रविवार की सुबह अपने घर के आस-पास रायबरेली में साइकिल चला रहे थे, तभी वह अचानक वहां से निकल पड़े और लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए पहुरावा गांव पहुंचे, लेकिन उक्त गांव पहुंचने के पहले रास्ते में है उनकी साइकिल पंचर हो गई, जिससे वह परेशान नजर आ रहे थे, तभी पहुरावा गाँव के निवासी भगवती प्रसाद पुत्र छोटेलाल के द्वारा दोनों रेंजर साइकिल सवार बच्चों को देखकर कुछ संदिग्ध प्रतीत हुआ तो उन्होंने उन्हें रोका और उनसे पूछताछ की लेकिन तभी उधर से गुजर रहे स्थानीय थाने के दरोगा सैयद नियाजी हुसैन उक्त स्थान पर भीड़भाड़ देखकर मौके पर पहुंचे और दोनों बच्चों को देखते हुए उन्होंने उन दोनों बच्चों की पहचान गुमशुदा बच्चों के रूप में की और उन्हें उनकी साइकिल समेत अपने थानें लेकर आए, जहां थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल के द्वारा उक्त बच्चों के परिजनों को सूचना दी गई और मौके पर पहुंचे परिजनो को पुलिस के द्वारा उनके बच्चों को सुपुर्द कर दिया गया है।

# चलती ट्रेन के गेट पर बैठा युवक नींद आने से रेलवे ट्रैक पर गिरा, हुआ घायल

**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत खैरहनी गांव के पास लखनऊ रायबरेली रेल खंड पर ट्रेन के गेट पर बैठा युवक नींद आ जाने के कारण रेलवे ट्रैक पर गिरकर घायल हो गया। जिसे सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवक विमल पुत्र फुकनरई उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम जप्ता थाना इस्लामपुर जिला उत्तर दिनाशपुर राज्य पश्चिम बंगाल, जो रविवार की सुबह लखनऊ हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12354) पर सवार होकर लखनऊ से अपने घर उक्त ट्रेन के गेट पर बैठकर वापस जा रहा था। जैसे ही उसकी ट्रेन लखनऊ रायबरेली रेल खंड पर खैरहनी गांव के पास पहुंची, तभी उसे नींद आने के कारण वह गेट पर से नीचे रेलवे ट्रैक पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस के द्वारा उक्त युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# सचिव-एडीओ प्रभारी ने ग्राम प्रधान पर लगाया मजदूरी का भुगतान

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**




जहां एक तरफ सीतापुर के नए जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा सरकार की मनसा को लेकर लगातार कार्य करते हुए नजर आ रहे हैं वहीं दूसरी तरफ जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र साहू की संरक्षण में देने का कार्य कर रहे हैं जहां जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद साहू के द्वारा सचिव के पास एडीओ प्रभार का भी चार्ज दिया गया है आखिर ऐसा क्यों कर रहे हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी क्या दिखाना चाहते हैं कि जिला प्रशासन को की मेरे ऊपर कोई भी अधिकारी नहीं है क्या ऐसे अधिकारियों पर जिला प्रशासन के द्वारा कोई कार्यवाही की जाएगी या नहीं देखने वाली बात होगी बताते चलें विकासखंड मछरेहटा में तैनात सचिव संदीप कुमार के द्वारा अपनी ग्राम पंचायत मछरेहटा में ग्राम प्रधान के खाते पर मानदेय के अलावा अतिरिक्त भुगतान लगाया गया है सचिव संदीप कुमार ग्राम पंचायत से बोर रिबोर के नाम पर भी लाखों रुपए निकल गया है जब एक व्यक्ति वर्ष में ढाई लाख रुपए से अधिक भुगतान लगाया जा चुका है जबकि सूत्रों से पता चला है कि वह बोर रिबोर के नाम पर सचिव लगभग दो लाख तक का भुगतान लगा सकते हैं ।क्योंकि सचिव संदीप कुमार सिर्फ अपनी मनमानी कर रहे हैं उनको किसी भी उच्च अधिकारी की कोई भाई नहीं है। क्या ऐसे मामले पर विकासखंड के अधिकारी संज्ञान लेकर सचिव संदीप कुमार पर कड़ी कार्रवाई करेंगे या नोटिस देखकर सिर्फ फाइल दबाने का कार्य किया जाएगा। विकास खण्ड मछरेहटा ग्राम पंचायत मछरेहटा में तैनात सचिव संदीप कुमार ग्राम आम प्रधान अनीता के खाते पर 12300 (06/06/2025) नल रिबोर बोर 53059 (15.10.2025) 45747 (15.10.2025) 45689 (15.10.2025) 47875 (15.10.2025) 47695 (22.04.2025) 47875 (22.04.2025) 288743

> क्या बोले जिम्मेदार अधिकारी
> इस संदर्भ में संबंधित सचिव संदीप कुमार को फोन से संपर्क करने का प्रयास किया गया परंतु उनके द्वारा फोन उठाना उचित नहीं समझ गया। इस संदर्भ में खंड विकास अधिकारी मछरेहटा से पुनः वार्ता की गई खंड विकास अधिकारी ने बताया जांच टीम बनाई जा रही है जल्दी जांच टीम के द्वारा जांच की जाएगी जांच आख्या मिलने पर संबंधित सचिव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# न.प. परिषद-नगर पंचायत के कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार को समस्त नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नगरीय निकायों में अवस्थापना सुविधाओं, साफ-सफाई व्यवस्था एवं आय के स्रोत बढ़ाये जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी नगरीय निकायों में लक्ष्य के अनुरूप ओपेन जिम एवं खेल के मैदान चिन्हित करते हुये उनका विकास कराया जाये। सभी वार्डों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। पानी की टंकियों की नियमित साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। सभी अधिशासी अधिकारी नियमित रूप से लाग बुक का अवलोकन अवश्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों के बीच स्वच्छता की भावना के विकास के लिये व्यापक स्तर पर प्रयास किये जायें तथा लोगों में जागरूकता बढ़ायी जाये। इसके लिये वार्डों में आपस में स्वच्छता संबंधी प्रतिस्पर्धा कराते हुये सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले वार्डों के लोगों को सम्मानित भी किया जाये एवं रोलिंग ट्राफी भी दी जाये, जो अगले चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वार्ड को स्थानान्तरित की जाये।

# सभी बूथों पर बीएलओ ने पढ़कर सुनाई आलेख्य मतदाता सूची

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** रविवार को सभी मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारी द्वारा आलेख्य मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया गया। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान द्वारा मतदेय स्थल प्राथमिक विद्यालय कासिमपुर के बूथ संख्या 318 व 319 का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों तथा बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने फार्म 6 भरने आई छात्राओं से वार्ता की और बूथ लेवल अधिकारियों से अब तक भरे गए फार्मों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत आज जनपद की चारों विधानसभाओं के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा आलेख्य मतदाता सूची पढ़कर सुनाई जा रही है।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की भारतीय जीवन बीमा निगम में मेरा पालसी नम्बर 218341507 अभिलेखों में कहीं मेरा नाम ज्ञानमती पत्नी राम संवारे है तो कहीं रागनी देवी पत्नी राम संवारे निवासी ग्राम बेलभरिया, मझगंवा पोस्ट बनकटवा देहात, गोंडा, दर्ज है, सशपथ बयांन करती हूं कि दोनों नाम हमारे ही हैं, अब मुझे ज्ञानमती उर्फ रागनी देवी पत्नी राम संवारे दोनों नाम से जाना जाए।

# जेल से फरार बंदी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

## मुठभेड़ में घायल बंदी को भेजा अस्पताल, दूसरे की तलाश जारी

**जलालाबाद, (कन्नौज) समृद्धि न्यूज़।**

जेल से फरार बंदी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है। बंदी के बांये पैर में गोली लगी है, पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। क्षेत्र के अनौगी स्थित जिला कारागार कन्नौज में आर्म्स एक्ट में निरुद्ध तालग्राम थाना क्षेत्र के हजरापुर गांव निवासी अंकित और ठठिया थाना क्षेत्र के मलगंवा गांव निवासी डिंपी उर्फ शिवा पॉक्सो एक्ट का आरोप में जेल में बंद थे। बीते 5 जनवरी को दोनों बंदी 22 फीट ऊंची दीवार फांदकर जेल से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए थे। मामले में लापरवाही पर जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद, जेलर, डिप्टी जेलर सहित छह पर कार्यवाई हो चुकी है। एसपी विनोद कुमार की ओर से फरार दोनों बंदियों पर 25- 25 हजार का इनाम घोषित था। इसके साथ एसओजी, सर्विलांस सहित पांच टीमें लगातार बंदियों की तलाश में दबिश दे रही थी। आखिरकार 13 दिन बाद एसओजी, सर्विलांस सहित पुलिस टीम को एक बंदी को गिरफ्तार करने में सफलता मिल गयी। जबकि फरार दूसरे बंदी अंकित की तलाश जारी है। 18 जनवरी की सुबह चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने गुरसहायगंज थाना क्षेत्र के मुरादगंज क्रॉसिंग से तिर्वा रोड पर जाने वाले रास्ते पर तारा बगिया के पास से मुठभेड़ के दौरान फरार अभियुक्त डंपी उर्फ शिवा पुत्र भजनलाल निवासी मलगवा को गिरफ्तार किया। मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त के बांये पैर में गोली लगी है जिसे इलाज के जिला अस्पताल भेजा गया।



मुठभेड़ में घायल डिंपी उर्फ शिवा को ले जाती पुलिस व अस्पताल में पूछताछ करते एसपी विनोद कुमार

### एसपी बोले, जल्द की जायेगी गिरफ्तारी

जलालाबाद। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि जेल से फरार कैदी डिंपी उर्फ शिवा को पुलिस ने चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा व दो कारतूस बरामद किया गया है। दोनों बंदियों पर पहले 25- 25 हजार का इनाम घोषित था। आईजी रेंज स्तर से 50-50 हजार इनाम घोषित कर दिया गया था। बताया कि फरार दूसरे बंदी अंकित की तलाश जारी है। जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

# अनमोल है हमारा मानव शरीर: डॉ. हरीश्वरी देवी



- दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन एवं मधुर संकीर्तन
- 26 जनवरी तक प्रतिदिन सायं 4:30 से 7:30 बजे तक होगा धार्मिक अनुष्ठान

छिबरामऊ, कन्नौज। मोहल्ला बजरिया स्थित चंद्रकांता पैलेस में कृपालु जी महाराज (प्रेम मंदिर, वृंदावन) की प्रचारिका सुश्री डॉ. हरीश्वरी देवी जी ने प्रथम दिवस मनुष्य शरीर के महत्व पर कहा यह अनमोल है। केवल मानव शरीर से ही ईश्वर की प्राप्ति की जा सकती है। उन्होंने दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन एवं मधुर संकीर्तन के माध्यम से श्रोताओं को अमृत पान करवा कर वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। प्रवचन के दौरान डॉ. हरीश्वरी देवी ने कहा कि ईश्वर को जानकर ही कोई जीव माया से उत्तीर्ण हो सकता है, दुःखों से छुटकारा पा सकता है, अन्य कोई उपाय नहीं है। उन्होंने कहा कि मनुष्य शरीर में तत्त्वज्ञान प्राप्त किया जा सकता है और भगवान की प्राप्ति, की जा सकती है क्योंकि अन्य सभी योनियां भोग योनि हैं। अन्य योनियों में साधना व पुरुषार्थ करके भी भगवान की प्राप्ति नहीं की जा सकती है। यह मनुष्य शरीर देवताओं को भी दुर्लभ है। देवता भी इसके लिए तरसते हैं। ये मानव देह अत्यंत दुर्लभ लेकिन क्षणभंगुर है। एक क्षण का भी भरोसा नहीं है कि अगला पल मिले या ना मिले। अतएव हमें तुरंत ईश्वर को जानकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करना होगा। आयोजक पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव दुबे एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल (महिला) की प्रदेश उपाध्यक्ष शोभा दुबे ने बताया कि यह धार्मिक अनुष्ठान 26 जनवरी तक प्रतिदिन सायं 4:30 से 7:30 बजे तक आयोजित होगा। उन्होंने भक्तों से अपील करते हुए कहा कि वे इस अवसर पर पधारकर आध्यात्मिक लाभ उठाएं।

# कोटेदार पर लगा राशन घटतौली का आरोप

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम कल्यानपुर में राशन वितरण को लेकर बड़ा घोटाला सामने आया है। स्थानीय कोटेदार पर गरीबों के राशन में धांधली करने का गंभीर आरोप लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि कोटेदार केवाईसी के नाम पर अवैध वसूली भी कर रहा है। ग्राम कल्यानपुर के राशन कार्ड धारकों ने बताया कि कोटेदार 30 किलो राशन के बजाय मात्र 25 किलो ही देता है, यानी प्रति कार्ड 5 किलो की घटतौली। एक राशन कार्ड धारक ने तौलते समय की इस घटतौली का फोटो/वीडियो बनाकर मामला उजागर किया। राशन तौलने वाली बाल्टी का भी वजन माइनस नही किया जाता है, जिससे लाभार्थियों को और ज्यादा नुकसान हो रहा है। आरोप यह भी है कि कोटेदार चावल की कालाबाजारी कर रहा है और विरोध करने पर स्टॉक कम होने का बहाना बनाता है।

# पुरस्कार वितरण के साथ युवा चेतना सप्ताह संपन्न

- 54 युवाओं को मिला चेतना पुरस्कार

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



मोहल्ला बनवारी नगर स्थित सभागार में आयोजित युवा चेतना सप्ताह के अंतिम दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सात दिवसीय युवा चेतना सप्ताह 2026 का समापन हो गया।

इस अवसर पर सात दिवसीय आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले तनिष्क गुप्ता, विशेष मिश्रा, विकास एवं निधि को भी सम्मानित किया गया। महोत्सव के संस्थापक गौरव त्रिपाठी अमर ने बताया कि शिक्षा, कला, साहित्य, व्यापार, समाजसेवा एवं पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कुल 54 युवाओं को स्वामी विवेकानंद युवा चेतना पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसके अलावा आयोजित निबंध प्रतियोगिता में सुधीर शर्मा ने प्रथम, राहुल प्रजापति ने द्वितीय एवं संजय वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में राहुल को प्रथम, आरिफ हुसैन को द्वितीय व शिवमंगल को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। संजीव चौहान के संचालन में गायक लकी पॉल, हर्षदीप, इमरान, शाहरुख सहित अनेक कलाकारों एवं युवाओं ने अपनी प्रस्तुति दी। छिबरामऊ महोत्सव की अध्यक्ष इंद्रा दुबे ने कहा कि युवा चेतना सप्ताह का उद्देश्य युवाओं को समाज निर्माण के लिए प्रेरित करना है, जिसमें यह आयोजन पूरी तरह सफल रहा।

# जाम की समस्या पर एकजुट हुए सामाजिक व व्यापारिक संगठन

- समाधान को लेकर 20 जनवरी को करेंगे धरना प्रदर्शन

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी की मूलभावना से नगर की यातायात समस्या और बढ़ते जाम को लेकर मां कालिका मंदिर परिसर में विभिन्न सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक में प्रशासन को चेताने के लिए 20 जनवरी को नगर पालिका गेट पर सांकेतिक धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया गया।

बैठक में शहर में लगातार लग रहे जाम, अतिक्रमण और अव्यवस्थित यातायात से उत्पन्न समस्याओं पर गंभीर चर्चा की गई। अध्यक्षता कर रहे डॉ रजनीश दुबे ने कहा जाम की समस्या से मरीजों और आपात सेवाओं को भारी परेशानी हो रही है। शिक्षक शैलेन्द्र दुबे ने कहा यातायात अव्यवस्था के कारण बच्चों की पढ़ाई और सुरक्षा प्रभावित हो रही है। किसान नेता अमन यादव ने जाम से किसानों को मंडी तक उपज पहुंचाने में हो रही दिक्कतों का मुद्दा उठाया। वहीं व्यापारी आरपी सिंह ने कहा कि जाम और अतिक्रमण से ईमानदार व्यापारियों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। अधिवक्ता प्रणव सक्सेना ने जाम के दोषियों के खिलाफ चालान पर जोर डाला।

स्कूल प्रबन्धक संजीव चौहान ने कहा जाम में फंसने के कारण स्कूली बच्चे देरी से घर पहुंचते है। ग्रुप संचालक गौरव त्रिपाठी अमर ने कहा जाम की समस्या से जहां एक ओर आमजन को रोजमर्रा की जिंदगी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर अव्यवस्थित बाजार व्यवस्था की वजह से व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिससे ईमानदार दुकानदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

इसके अलावा पुनीत दुबे, विकास दीक्षित, सतनाम सिंह, शीलू ठाकुर, अभिषेक चतुर्वेदी, मोहित दुबे, पिंकी दीक्षित, आकाश कश्यप ने भी विचार व्यक्त किए।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नगर में संचालित ई रिक्शा और पटरी दुकानदारों को सम्मानजनक अर्थोपार्जन के लिए नगर पालिका उनका पंजीकरण करें। प्रशासन को चेताने के लिए 20 जनवरी को नगर पालिका गेट पर सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

- सपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव अंजू मिश्रा के पुत्र की हालत गंभीर

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर के तिरंगा तिराहे पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। पुलिस ने उसे उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल पहुंचाया।

आवास विकास कालोनी निवासी सपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव अंजू मिश्रा के पुत्र पवन मिश्रा उर्फ बज्जू का सौरिख रोड पर ग्राम खोजीपुर रम्पुरा के सामने पिज़्ज़ा कॉर्नर के नाम से रेस्टोरेंट हैं। रोज की भांति पवन अपना रेस्टोरेंट रात करीब 11 बजे बंद करके अपने घर आ रहा था। तिरंगा तिराहा पर पहुंचते ही पीछे से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी जो इतनी भीषण थी कि पवन के घायल होने के साथ उनकी बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि घटना होते ही चालक कार छोड़कर भाग निकला।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर घायल को एंबुलेंस से सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। वहीं कोतवाली प्रभारी विष्णुकांत तिवारी ने बताया कि घटना की अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है तहरीर मिलने पर जांच कर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। उधर सपा नेत्री अंजू मिश्रा ने रंजिश को लेकर बाइक में टक्कर मार कर उनके पुत्र को गंभीर घायल करने का आरोप लगाया है।

# जर्जर खुबरियापुर रोड का निर्माण शुरू



**जलभराव से मिलेगी निजात, सुगम होगा आवागमन**

**छिबरामऊ, कन्नौज।** वर्षों से जर्जर हालत में जीर्ण-शीर्ण पड़ी खुबरियापुर रोड पर लोक निर्माण विभाग ने अब सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है। विभाग से 200 मीटर लंबी और 3 मीटर चौड़ी सीमेंट कंक्रीट (सीसी) रोड के निर्माण को मंजूरी प्राप्त हो चुकी है। इस सड़क की खराब स्थिति के कारण स्थानीय निवासियों, छात्र-छात्राओं और मरीजों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इस मार्ग पर पुष्पांजलि हॉस्पिटल, आरआर हॉस्पिटल, ग्लोबल हॉस्पिटल जैसे प्रमुख चिकित्सा संस्थान तथा सिटी चिल्ड्रेस एकेडमी जैसे शिक्षण संस्थान स्थित हैं। मरीजों को इलाज के लिए और छात्रों को स्कूल पहुंचने में बाधाएं आ रही थीं। साथ ही, आसपास के कई गांव इससे जुड़े होने से किसानों को अपनी उपज मंडी तक ले जाने में असुविधा हो रही थी। विशेष रूप से मानसून में जलभराव से सड़क की हालत और खराब हो जाती थी। अब सड़क निर्माण के साथ-साथ दोनों ओर नालियों का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे जल निकासी की समस्या का स्थायी हल हो सकेगा। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी संभाल रहे अमित कुमार ने बताया कि सड़क का कार्य शीघ्र पूरा हो जाएगा, उसके बाद नालियों का निर्माण प्रारंभ होगा।

# मन को सही रास्ते पर चलाने के लिए सत्संग आवश्यक

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित सत्संग में कानपुर से आये परम पूज्य महात्मा बृजेश अवस्थी ने अपने अनमोल वचनों में कहा मन को सही रास्ते पर चलाने के लिये सत्संग का होना बहुत जरूरी हैं।

उन्होंने कहा जिस मनुष्य को निराकार प्रभु से प्यार नहीं वह सांध संगत से प्यार नहीं कर सकता और जो सांध संगत से प्यार नहीं करता वह किसी भी मनुष्य से प्यार नहीं कर सकता। प्यार बिना जीवन बेकार हो जाता है। और मन बुराई की ओर चल पड़ता हैं। आज के मनुष्य विभिन्न कर्म काण्डो में उलझकर अज्ञानता में नफरत के बीज बो रहे हैं। वह किसी और का नहीं बल्कि अपना ही नुकसान करने में लगा है और नाम गुरु, पीर, पैगम्बरो का लेने में भी नहीं हिचकता। वह नहीं जानता कि ऐसा करके अपने ही धर्म को हानि पहुँचा रहा है। किसी भी धर्म और संत ने नफरत नहीं सिखाई बल्कि सदा नम्रता, करुणा, दया व प्यार का ही पाठ पडाया है। जब व्यक्ति में आध्यात्मिकता मजबूत हो तो वही धर्म मजबूत होगा। आप सभी महात्माओं ने देखा भी था कि सदगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने कैसे सभी को प्यार के बन्धनो से बाध कर मानवता की मिसाल कायम की थी। आज समय के सदगुरु माता सुदिक्षा जी व राज पिता रमित जी की असीम कृपा से सत्संग का आनंद ले रहे हैं। दातार सभी पर ऐसी रहमत बनाये रखना।अपने से कभी दूर नहीं हो ने देना। महात्मा हरिश्चंद्र के संचालन में हुए सत्संग में अन्य महात्माओं ने भी प्रवचनों एवं भजनों से साध संगत को निहाल किया।



# हार-जीत की बाजी लगाते छः जुआरी पकड़े, 11,230 रुपये बरामद

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



शनिवार की रात पुलिस ने मोहल्ला फर्द्दनवीस में सार्वजनिक स्थान पर हार जीत की बाजी लगा रहे छह लोगों को पकड़ा है। जिनके पास से पुलिस ने 11230 रुपये नकद व ताश की गड्डी बरामद की है। पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली आनंद कुमार सिंह को सूचना मिली कि मोहल्ला फर्द्दनवीस में सार्वजनिक स्थान पर कुछ लोग हार जीत की बाजी लगा रहे हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने तत्काल चौकी प्रभारी मनीष कुमार तिवारी को मौके पर भेजा। मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही जुआ खेल रहे लोगों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने मौके से मोहल्ला फर्द्दनवीस निवासी मनीष वर्मा, अनुज वर्मा, रवि वाल्मीकि, सचिन कुमार, अखिलेश कुमार व बिहारी को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने मालफड़ पर 10400 रुपये और जामा तलाशी में 830 रुपये नकद, ताश की गड्डी व मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# जनपद में सभी मतदेय स्थलों पर मतदाता सूची का हुआ वाचन

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम का किया निरीक्षण

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में 18 जनवरी 2025 को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा आलेख्य मतदाता सूची को पढ़कर सुनाने का कार्यक्रम सफलतापूर्वक सुनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता सूची की पारदर्शिता सुनिश्चित करना तथा नागरिकों को अपने नाम, विवरण एवं त्रुटियों के सुधार के लिए जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की प्रभावी निगरानी एवं समीक्षा हेतु सभी ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी निरंतर भ्रमणशील रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय स्वयं उपस्थित रहकर उपायुक्त उद्योग कार्यालय, राजकीय इंटर कॉलेज, टाउन हॉल, कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय नया पटेल नगर उरई, छत्रसाल इंटर कॉलेज तथा जालौन बालिका इंटर कॉलेज जालौन सहित विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का वाचन किया गया, जिसे सुनने हेतु बड़ी संख्या में नागरिकगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### उरई तहसील में मतदाता सूची वाचन में अपर आयुक्त झांसी रहे मौजूद



उरई। रविवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत तहसील उरई में मतदाता सूची वाचन का आयोजन किया गया। अपर आयुक्त, झांसी मण्डल उमाशंकर त्रिपाठी की उपस्थिति में उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार के साथ राजकीय इंटर कॉलेज, ठाकुर महेन्द्र सिंह विद्यालय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय बघोरा, टीएम पब्लिक स्कूल उरई सहित विभिन्न मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा मतदाता सूची का विधिवत वाचन किया गया। इस अवसर पर अपर आयुक्त ने वाचन प्रक्रिया का निरीक्षण करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित होना सुनिश्चित किया जाए तथा मृतक, स्थानान्तरित, दोहरी प्रविष्टि अथवा अपात्र नामों के विलोपन की कार्यवाही समयबद्ध ढंग से पूर्ण की जाए। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो तो निर्धारित प्रारूप पर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर अपने मताधिकार को सुदृढ़ बनाएं।

# नौ जुआरी गिरफ्तार, जामातलाशी व फड़ से नकदी बरामद

**रामपुरा,जालौन समृद्धि न्यूज।**

थाना रामपुरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मजीठ के खेतों में हारदूजीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 9 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की है।

थाना रामपुरा की चौकी ऊमरी अंतर्गत शनिवार देर शाम मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम मजीठ के धरमपुरा रोड की ओर स्थित मजीठ निवासी राजेश कुमार मिश्रा के खेत में छापा मारा।

मौके से जुआ खेलते हुए 9 लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए जुआरियों में शिवकांत पुत्र बाबूराम निवासी सिंगटोली, धीरेंद्र उर्फ धीरू पुत्र वेदप्रकाश निवासी जमरेही, शेष नारायण पुत्र कृष्ण अवतार निवासी मजीठ, शैलेन्द्र पुत्र प्रताप सिंह निवासी उमरी, सुरेश पुत्र रामाधार निवासी धमरेही थाना गोहन, जितेन्द्र पुत्र ठाकुरदास निवासी जालौन, धर्मेन्द्र पुत्र भिखारी, कृष्ण कुमार पुत्र कैलाश नारायण निवासी मजीठ एवं रोहित राजपूत पुत्र शिवराज निवासी जालौन (30) शामिल हैं। पुलिस ने मौके से 10,830 नकद तथा तलाशी के दौरान 5,530 नकद बरामद किए। इस प्रकार कुल 16,360 की नकदी जब्त की गई। सभी आरोपियों को थाने लाकर संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई की गई।

# सुरक्षित भविष्य की नींव है पीएम आवास योजना : गौरीशंकर

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश की पहचान अब हर गरीब को पक्का मकान दिलाने की दिशा में और मजबूत हुई है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत प्रदेश के 2 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे 2,000 करोड़ रुपये की अनुदान राशि का बटन दबाकर अंतरण किया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का जनपद जालौन में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सजीव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में सांसद नारायणदास अहिरवार, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत कुल 2013 पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में आज 20.13 करोड़ रुपये की धनराशि सीधे अंतरण की गई, जिससे लाभार्थियों में हर्ष एवं उत्साह का माहौल देखने को मिला।

सांसद नारायणदास अहिरवार ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के जीवन में स्थायित्व और सम्मान लेकर आई है, इसके लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार बधाई की पात्र है। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का संकल्प है कि कोई भी गरीब परिवार बिना पक्के आवास के न रहे।

# सीता स्वयंवर की कथा सुन श्रोतागण हुए भाव विभोर

**समधन, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के ग्राम लालपुर में चल रही श्रीराम एवं श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचिका करिश्मा यादव ने सीता स्वयंवर की कथा सुन कर श्रोताओं को भक्ति के भावों से ओत-प्रोत कर दिया इस दौरान उन्होंने कहा कि श्री राम की भक्ति में जो भी व्यक्ति लीन हो जाता है उसके सभी बिगड़े काम स्वत ही पूरे हो जाते हैं रविवार को भागवत कथा वाचिका करिश्मा यादव कहती हैं कि श्रीराम का जीवन मर्यादा का प्रतीक है। हमें उन्हीं के पद चिन्ह पर चलते हुए उनके आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम ने मर्यादा में रहकर पुरुषों में उत्तम काम किया है जिससे वह मर्यादा पुरुषोत्तम राम कहलाए आज हम सभी भगवान श्री राम को इसीलिए मर्यादा पुरुषोत्तम कहते हैं भागवत कथा में मुख्य रूप से परीक्षित राम गोपाल प्रजापति महंत मनमोहन दास जी महाराज एवं ध्रुव राजपूत हवलदार वर्मा रमेश चंद्र प्रजापति सर्वेश राजपूत लाल प्रजापति अनिल राजपूत अनिल यादव धर्मेंद्र प्रजापति उमेश राजपूत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



भागवत कथा का रसपान कराते कथा वाचिका करिश्मा यादव एवं श्रवण करते श्रद्धालु।

# किसान जागरूकता गोष्ठी का हुआ आयोजन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



मुंबई स्थित 'मीरो डिजिटल लैब्स प्राइवेट लिमिटेड' ने किसानों एवं किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को डिजिटल नवाचार, आईओटी-आधारित कृषि समाधान और सतत कृषि पद्धतियों के माध्यम से सशक्त बनाने के उद्देश्य से कन्नौज में 'किसान गोष्ठी (किसान जागरूकता बैठक) का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान, एफपीओ प्रतिनिधि, कृषि विशेषज्ञ और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी शामिल हुए। बैठक में डेटा, तकनीक और आधुनिक उपकरणों के उपयोग से फसल उत्पादन, मृदा स्वास्थ्य और कृषि लाभप्रदता में सुधार पर विशेषकर आलू, मक्का और अन्य प्रमुख फसलों के संदर्भ में चर्चा की गई। कार्यक्रम के 'मुख्य अतिथि' उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्य कृषि सलाहकार एवं एफपीओ विशेषज्ञ पी. एस. ओझा' रहे। उन्होंने तकनीक-आधारित कृषि और किसान-नेतृत्व वाले विकास मॉडल के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मीरो डिजिटल लैब्स प्राइवेट लिमिटेड' की संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक सुश्री सुनीति गुप्ता, एस. पी. सिंह', वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक, पेप्सिको इंडिया शामिल रहे। सत्र में 'मृदा परीक्षण, उन्नत ''कृषि पद्धतियाँ, ''रोग पहचान एवं रोकथाम तकनीकें, तथा कृषि में आईओटी के व्यावहारिक अनुप्रयोग' जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया। किसानों ने इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र में भाग लेकर उत्पादकता बढ़ाने और इनपुट लागत घटाने से जुड़े व्यावहारिक सुझाव प्राप्त किए।

# कालिंदी ट्रेन में बम फटने की सूचना से मचा हड़कंप

- एएसपी, सीओ सिटी व डॉग स्वाक्ड टीम पहुंची स्टेशन
- सघन तलाशी के बाद प्रमाण पत्र देने पर रवाना हुई ट्रेन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


स्टेशन पर खड़ी ट्रेन व मौजूद पुलिस फोर्स

कालिंदी ट्रेन में बम फटने की अफवाह से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना आलाधिकारियों को दी गयी। आनन फानन में बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया और पूरी ट्रेन के डिब्बों की तलाशी ली गयी। पुलिस के लिखित प्रमाण पत्र देने के उपरांत ही ट्रेन अपने गंतव्य के लिए स्टेशन से रवाना हो सकी। रविवार को युवक सिमौद कुमार उर्फ श्यामू पुत्र जिलेदार निवासी सिकंदरपुर नगला विनायक थाना नवाबगंज फर्रुखाबाद द्वारा स्टेशन मास्टर ज्योतिष कुमार को समय 10:45 बजे सूचना दी गयी कि कालिंदी एक्सप्रेस में पटाखे/बम फटने वाले हैं। जिससे हड़कंप मच गया। आरपीएफ व जीआरपी फोन करने वाले व्यक्ति के संबंध में जानकारी जुटायी। उपरोक्त युवक हर बार अपना बयान बदल रहा था। घटना के संबंध में उच्चाधिकारियों को सूचित करते हुए पुलिस कंट्रोल/फर्रुखाबाद को अवगत कराया गया। साथ ही चेकिंग हेतु टीम की मांग की गयी। सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार, क्षेत्राधिकारी ऐश्वर्या उपाध्याय, कानपुर से आई डॉग स्क्वाड टीम स्टेशन पर करीब 12:45 बजे पहुंची। गाड़ी के सभी कोचों की सघन तलाशी ली गयी। इस दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति नहीं मिला। बाद में कोतवाली फर्रुखाबाद के लिखित प्रमाण पत्र देने के उपरांत समय 12:50 बजे गाड़ी को सकुशल गंतव्य के लिए प्रस्थान किया गया। गाड़ी शंटिंग का समय छोड़कर घटना में कुल 87 मिनट विलंबित हुई है। स्टेशन मास्टर की तहरीर पर उक्त व्यक्ति के विरुद्ध भ्रामक सूचना देने के संबंध में सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत किया जाएगा।

# मौनी अमावस्या पर मेला श्रीरामनगरिया में उमड़ी भीड़

- एसपी ने मेले में परखी सुरक्षा व्यवस्था, दिये दिशा-निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


मेले का निरीक्षण करतीं एसपी व मौजूद सीओ व मेला प्रभारी आदि

मौनी अमावस्या पर शाही स्नान को लेकर पांचाल घाट स्थित गंगा तट पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये। पुलिस अधीक्षक ने मेला श्रीरामनगरिया में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा मेला प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार रविवार को मौनी अवस्था के चलते पांचाल घाट गंगा तट पर प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किये। हजारों की संख्या में स्थानीय के अलावा आसपास के जनपदों से श्रद्धालुओं ने पहुंचकर गंगा में हर-हर गंगे के बीच डुबकी लगायी। वहीं मेले में साधु संतों ने शाही स्नान किया। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने मेला सीओ अमर पाल सिंह, मेला प्रभारी भोलेंद्र चतुर्वेदी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एसपी ने कहा कि मेले में आने वाले लोगों पर कड़ी नजर रखें। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वह जेबकतरों व अराजकतत्वों से सावधान रहें। उन्होंने कंट्रोल रुम में जाकर जायजा लिया और सीसीटीवी कैमरों से मेले की की जा रही निगरानी को देखा।

# बीडीओ ने गांव पहुंचकर देखी जलभराव की समस्या


जलभराव की समस्या देखते विकास खंड अधिकारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीते दिन तहसील दिवस में गांव की गलियों में जल भराव की समस्या को लेकर दिए गए प्रार्थना पत्र के बाद रविवार को विकास खंड अधिकारी ने पहुंचकर निरीक्षण किया तथा लोगों को समस्या से जल्द निजात दिलाने का आश्वासन दिया। नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिलखना के मजरा पिलखना निवासी राजेश कुमार ने कल तहसील समागार में जलभराव की समस्या को लेकर उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर शिकायत की थी। जिसमें राजेश कुमार ने अधिकारियों से जल भराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की थी। जिस पर रविवार को विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान ग्राम पंचायत सचिव सुनील कुमार गौतम के साथ ग्राम पंचायत में पहुंचे और जलभराव की समस्या को देखा। जिससे उनको भी लगा कि ग्राम पंचायत की गलियों में भीषण जल भरा हुआ है। जिसको लेकर विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान सक्रिय हुए और उन्होंने दो दिन के अंदर सचिव सुनील कुमार तथा ग्राम प्रधान पति सुनील कुमार को निर्देश दिये कि जल्द ही इस जलभराव की समस्या का निस्तारण करें। जिससे ग्रामीणों को जलभराव की समस्या से निजात मिल सके। वहीं विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान की कार्रवाई से ग्रामीणों ने उनकी प्रशंसा की। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, ग्राम पंचायत सचिव सुनील कुमार, शिकायतकर्ता राजेश कुमार तथा ग्राम पंचायत प्रधान पति सुनील कुमार सहित कई ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।


चेयरमैन से शिकायत करते आसपास के दुकानदार

## चेयरमैन से की हैंडपंप से गंदा पानी निकलने की शिकायत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज नगर में डाक घर गली मोड़ के पास लगे एक हैंडपंप से गंदा पानी निकलने की शिकायत स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत चेयरमैन अनिल कुमार राजपूत से की है। यह शिकायत रविवार को तब की गई जब चेयरमैन अनिल कुमार राजपूत नगर के मुख्य बाजार मार्ग पर थाने के पास पहुंचे। आसपास के दुकानदारों ने उन्हें रोककर हैंडपंप से खराब पानी आने की समस्या बताई। लोगों ने नल चलाकर पानी की गुणवत्ता भी दिखाई। इस पर चेयरमैन अनिल कुमार राजपूत ने आश्वासन दिया कि इस समस्या का समाधान जल्द ही किया जाएगा। आसपास के दुकानदारों ने कहा कि वह लोग इसी हैंडपंप पर आश्रित हैं। दुकानदारों ने कहा कि कुछ ही समय से यह समस्या पैदा हुई है। दुकानदारों ने चैयरमैन से जल्द से जल्द समस्या का निस्तारण कराये जाने की मांग की है।

# किड्स कार्नर फिरोजाबाद ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


विजेता खिलाड़ी को ट्राफी देंती एसपी, मौजूद मिथलेश अग्रवाल आदि

के.एस.एन.एम. इंटर कॉलेज ग्राउंड पर चल रहे ज्ञान क्रिकेट क्लब का फाइनल मुकाबला सहारा क्रिकेट क्लब अलीगढ़ और किड्स कार्नर फिरोजाबाद के बीच खेला गया। मैच की शुरुआत राज्य महिला आयोग सदस्य रेनू सिंह गौड़ और पूर्व सदस्य डॉक्टर मिथलेश अग्रवाल ने दोनों टीमों के कप्तानों के बीच टॉस उछाल कर किया। टॉस जीतकर अलीगढ़ टीम के कप्तान अंकुश उपाध्याय ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम की शुरुआत काफी निराशाजनक रही। पूरी टीम 136 रनों पर ही ढेर हो गई। लंच के बाद फिरोजाबाद की टीम बैटिंग करने उतरी। टीम की शुरुआत काफी निराशा जनक रही। उसके 6 खिलाड़ी मात्र 60 के स्कोर पर ही पवेलियन लौट गए। दर्शकों में निराशा फैल गई, लेकिन सातवें विकेट की साझेदारी ने टीम के स्कोर को सम्मानजनक स्थिति में पहुंचा दिया। टीम ने तीन ओवर से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द सीरीज का खिताब सहारा अलीगढ़ के अंकुर चौधरी को और मैन ऑफद मैच फिरोजाबाद के गेंदबाज वकास अहमद को मिला। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह की मुख्य अतिथि एसपी आरती सिंह ने विजेता टीम को एक लाख रुपए और ट्रॉफी दी। उपविजेता अलीगढ़ की टीम को 51 हजार रुपए और ट्रॉफी दी गई। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा टूर्नामेंट के आयोजक नगर के प्रमुख समाजसेवी सत्य प्रकाश अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, पवन गुप्ता, मनोज कौशल, रश्मि दुबे, दीपक राज अरोड़ा, अमरदीप दीक्षित, उमेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# खबरें एक नजर में

## वैष्णव संप्रदाय के संतों ने मेला श्रीरामनगरिया में किया भंडारा


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते संतगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय वैष्णव संप्रदाय श्री पंच तेरहभाई त्यागी द्वारा रविवार को मौनी अमावस्या पर मेला श्रीरामनगरिया में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालु, साधु संत को प्रसाद भोज कराया गया और उन्हें श्रद्धानुसार दान दक्षिणा दी गयी। मौनी अमावस्या पर स्नान व दान पुण्य का बहुत महत्व है। इसी क्रम में रविवार को मौनी अमावस्या पर महंत मोहन दास महाराज तथा महंत हरिशंकर महाराज के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में साधु संत व श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। महंत मोहन दास महाराज तथा महंत हरिशंकर महाराज ने सभी को दक्षिणा दी। इस अवसर पर महंत हरीशंकर दास, फूलनदास, गंगादास, कोतवाल आदि संतगण मौजूद रहे।

## दो नामजद तथा एक अज्ञात के विरुद्ध एस.सी./एस.टी. एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव उमरैल निवासी कश्मीर पुत्र सियाराम ने पड़ोसी गांव रुखैया खालिकदादपुर निवासी सुनील राजपूत पुत्र मुहब्बत, उपनेश राजपूत पुत्र पप्पू व एक अज्ञात के विरुद्ध मारपीट एवं जाति सूचक गाली-गलौज करने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 16 जनवरी को मेरा पुत्र सुरजीत गिलौंदा में शादी के कार्ड देकर गाड़ी से वापस घर आ रहा था। मेरे पुत्र ने बसईखेड़ा व उमरैल के बीच शौच के लिए गाड़ी रोकी। उसी समय वहां पहले से मौजूद उपरोक्त सभी आरोपित मेरे पुत्र सुरजीत के साथ जातिसूचक गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर सभी आरोपितों ने मेरे पुत्र सुरजीत के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर मौके से चले गए। मारपीट में मेरे पुत्र के शरीर पर काफी चोटें आ गईं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच कायमगंज सीओ राजेश कुमार द्विवेदी के सुपुर्द कर दी है।

## मुकदमा दर्ज होने के बाद भी आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** शौच करने गई युवती को सरसों के खेत में ले जाकर मुस्लिम युवकों ने दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता की मां की तहरीर पर चार आरोपितों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया। दो दिन बीतने के बाद भी आरोपित पुलिस गिरफ्त से दूर हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण कर स्वजनों से जानकारी ली। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दी तहरीर में बताया कि दो दिन पूर्व शाम उसकी बीस वर्षीय पुत्री खेतों में शौच करने गई थी। खेत पर पहले से मौजूद गांव के ही प्रधान का पौत्र महसीम साथी जरशीद, तस्लीम व खुर्शीद युवती को सरसों के खेत में खींचकर ले गए। युवकों ने युवती के मुंह को बांधकर कपड़े उतार कर दुष्कर्म का प्रयास करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने युवती के साथ मारपीट की। युवती के शोर मचाने पर स्वजन मौके पर आ गए। स्वजनों के आने पर आरोपित युवक मौके से फरार हो गए। युवती ने स्वजनों के साथ थाने पहुंच मामले की तहरीर पुलिस को दी। पीड़िता की मां की तहरीर पर शुक्रवार देर रात चारों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। दो दिन बीतने के बाद भी पुलिस आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। रविवार शाम अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने पीड़िता के गांव पहुंचकर जांच पड़ताल कर स्वजनों से जानकारी जुटाई। सीओ राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया आरोपितों की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# चेयरमैन ने बूथों का किया निरीक्षण, बीएलओ मिलीं अनुपस्थित


वोटर लिस्ट देखते चेयरमैन व मौजूद कमल भारद्वाज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के प्राथमिक विद्यालय केंद्र में रविवार को नगर पंचायत चेयरमैन अनिल राजपूत और मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज ने बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान बूथ संख्या 260 की बीएलओ मौके पर अनुपस्थित मिलीं। जिससे नए वोट बनवाने आए लोगों को लौटना पड़ा।चेयरमैन और मंडल अध्यक्ष ने बीएलओ के साथ नोडल अधिकारी अनूप कुमार से भी जानकारी ली। प्राथमिक विद्यालय केंद्र में कुल तीन बूथ हैं। बूथ संख्या 259 पर बीएलओ सरोज सिंह ने 10 और बूथ संख्या 258 पर बीएलओ शशि ने 8 नए वोट बनाए, हालांकि बूथ संख्या 260 की बीएलओ मीरा देवी मौके पर नहीं मिलीं। चेयरमैन अनिल कुमार राजपूत ने बताया कि उन्होंने नगला हीरा सिंह, नवाबगंज और बरतल सहित कई अन्य बूथों का भी निरीक्षण किया। जहां प्राथमिक विद्यालय केंद्र नवाबगंज में बीएलओ मीरा अनुपस्थित पाई गईं। नोडल अधिकारी अनूप कुमार ने बताया कि बीएलओ की अनुपस्थिति की जांच की जाएगी। यदि वह अनुपस्थित पाई जाती हैं तो उनके खिलाफनियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# बोर्ड परीक्षा: शिक्षकों एवं कर्मचारियों की डी.आई.ओ.एस. ने कंट्रोल रुम में की तैनाती

- बोर्ड परीक्षा के दौरान जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर कंट्रोल रुम से रखी जायेगी नजर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

यू.पी. बोर्ड परीक्षा के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित होने वाले कंट्रोल रुम हेतु कर्मचारियों की तैनाती कर दी गयी है। इसके अलावा दस कम्प्यूटर 10 कम्प्यूटर भी कंट्रोल रुम में लगेंगे। कंट्रोल रुम का प्रभारी राम लखन पाल प्रधानाध्यापक राजकीय उ0मा0वि0 कुम्हरौर को तथा सह कंट्रोल प्रभारी योगेंद्र कुमार स0अ0 मदन मोहन कनौडिया कालेज को बनाया गया है।

जि0वि0नि0 नरेंद्र पाल सिंह ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाओं को सकुशल, नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु कंट्रोल रुम स्थापित करते हुए नौ शिक्षकों एवं कर्मचारियों की तैनाती कर दी है। रोशनाबाद इंटर कालेज के अंकित दुबे, राजकीय उ0मा0वि0 बिहार के विजय कुमार और राजकीय पुस्तकालय के अंकित कुमार की डी.आई.ओ.एस. कार्यालय में कंट्रोल रुम में तैनाती की है। सीसीटीवी की मानीटरिंग प्रभारी कनौडिया कालेज के पंकज औदीच्य को बनाया गया है।

जानकारी के मुताबिक कंट्रोल रुम के लिए अलग-अलग विद्यालयों से दस कम्प्यूटर मंगवाये गये हैं। जो डीआईओएस कार्यालय पहुंच गये हैं। जिन्हें कंट्रोल रुम में लगाया जायेगा। यू.पी. बोर्ड के 79 परीक्षा केंद्रों पर कक्षा 10 एवं 12 की परीक्षायें 18 फरवरी से शुरु होंगी। जो 12 मार्च तक चलेंगी। पता चला है कि कंट्रोल रुम की स्थापना के पश्चात शीघ्र ही सचल दलों, वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों एवं कक्ष निरीक्षकों की डीआईओएस द्वारा तैनाती की जायेगी।

## गंगा स्नान के लिए जा रही महिला बाइक से गिरकर घायल, हालत नाजुक


महिला को देखते चिकित्सक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मौनी अमावस्या पर पुत्र के साथ बाइक पर बैठकर गंगा स्नान करने जा रही महिला गिरकर गम्भीर रुप से घायल हो गयी। महिला के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार जनपद एटा के थाना नया गांव क्षेत्र के ग्राम नगला विष्णु निवासी 48 वर्षीय चंद्रावती अपने बेटे सत्येंद्र राजपूत के साथ बाइक पर सवार होकर मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर शमशाबाद के ढाई घाट पर गंगा स्नान के लिए जा रही थी, तभी नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव कुतुबुद्दीनपुर के पास अचानक संतुलन बिगड़ने या अन्य किसी कारण से चंद्रावती बाइक से नीचे गिर गईं। जिससे उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। घटना के तुरंत बाद राहगीरों और परिजनों की मदद से घायल चंद्रावती को एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को देखते हुए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में चिकित्सकों ने महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी। हालांकि परिजन उन्हें हायर सेंटर ले जाने के बजाय एक निजी नर्सिंग होम ले गये। जहां महिला की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

# मौनी अमावस्या पर नागा साधुओं ने निकाली भव्य शोभायात्रा

- जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का किया गया स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


मेला श्रीरामगरिया में शोभायात्रा निकालते नागा साधु

पांचाल घाट पर लगे श्री रामनगरिया मेले में मौनी अमावस्या के अवसर पर जूना अखाड़े से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान भस्म लगाए नागा साधुओं ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

रविवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर जूना अखाड़ा के महंत सत्यगिरी महाराज के नेतृत्व में छठी सीढ़ी से सुबह हवन-पूजन किया गया। दोपहर में शुरू हुई यह यात्रा मेला रामनगरिया में भ्रमण करते हुए गंगा घाट पर पहुंची। जहां संतों ने अपने करतब प्रदर्शित किए। शोभायात्रा में सबसे आगे 12 घोड़ों पर सवार संत और कुछ कल्पवासी चल रहे थे। उनके पीछे बैंडबाजा था। जहां किशोर लाठी के करतब दिखा रहे थे। किन्नर भी यात्रा में नृत्य करते हुए शामिल थे। इनके पीछे भस्म लगाए नागा साधु चल रहे थे। जिन्होंने विभिन्न करतबों का प्रदर्शन किया। यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया और संतों को मालाएं पहनाई गईं। प्रशासनिक पंडाल के सामने मेला लिपिक संजय मिश्रा ने संतों का माल्यार्पण किया। इसके बाद यात्रा गंगा घाट पर पहुंची। जहां संतों ने स्नान किया। यात्रा के दौरान नागा साधुओं ने फरसा और तलवार चलाकर अपने शौर्य का प्रदर्शन किया। जिससे जय-जयकार के नारे गूंज उठे। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी मौके पर मौजूद रहा। जूना अखाड़ा के महंत और मेला रामनगरिया संत समिति के अध्यक्ष सत्यगिरी महाराज ने बताया कि इस यात्रा में हरिद्वार, काशी, मैनपुरी, हरदोई, पीलीभीत, लखीमपुर सहित कई अन्य जनपदों से भी संत शामिल होने आए थे। गंगा घाट पर स्नान के बाद यात्रा आश्रम पर जाकर संपन्न हुई। जिसके उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया।

# सड़क के किनारे पड़ा मिला युवक का शव


जांच पड़ताल करती पुलिस

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना राजेपुर क्षेत्र अंतर्गत दौलतपुर चकई के समीप उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा मिलने की सूचना ग्रामीणों को हुई। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई, लेकिन शव की तत्काल पहचान नहीं हो सकी। सूचना मिलने पर राजेपुर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि मृतक बीते लगभग 30 वर्षों से दिल्ली स्थित दीनदयाल अस्पताल के सामने झोपड़ी डालकर रह रहा था। बाद में उसकी पहचान अमरीश पुत्र रामशरण उम्र करीब 55 वर्ष निवासी अहलादपुर भटौली थाना अमृतपुर क्षेत्र के रूप में हुई। पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना दिए जाने पर वे मौके पर पहुंचे। जहां शव को देखकर परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजनों ने बताया कि रात करीब 3 बजे एक अज्ञात एंबुलेंस चालक ने फोन कर अमरीश की तबीयत खराब होने की जानकारी दी और फर्रुखाबाद से ले जाने की बात कही।

फोन कॉल संदिग्ध लगने पर परिजनों ने दोबारा संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन बंद मिला। सुबह होने पर उन्हें दौलतपुर चकई के पास शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। परिजनों ने फिलहाल किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। बताया गया कि मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था और अविवाहित था। इस संबंध में थाना अध्यक्ष राजेपुर ने बताया कि परिजन अपनी स्वेच्छा से शव को घर ले गए हैं। तहरीर प्राप्त होने पर नियमानुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।



## कलेक्ट्रेट से गायब 131 मोबाइल के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस ने कलेक्ट्रेट से गायब 131 मोबाइल (स्मार्ट फोन) बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त वीर प्रताप सिंह (तथाकथित पत्रकार) पुत्र जंग बहादुर सिंह मूल निवासी ग्राम व पोस्ट ऐली, थाना बिधूना, जनपद औरैया हाल निवासी शास्त्री नगर कोतवाली मोहम्मदाबाद, जनपद फतेहगढ़ को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त के कब्जे से 131 अदद मोबाइल (स्मार्ट फोन) बरामद कर लिये। बताते चलें कि स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत वितरण हेतु प्राप्त स्मार्ट मोबाइल फोन व टैबलेट में से कलेक्ट्रेट फतेहगढ़ गोडाउन से 802 स्मार्ट फोन व 05 टैबलेट गायब होने के संबंध में वादी आशीष वर्मा वर्तमान ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कलेक्ट्रेट फर्रुखाबाद के प्रार्थना पत्र के आधार पर दिनांक 13 जनवरी को मु0अ0सं0 18/2026 धारा-316(5) बीएनएस बनाम् पूर्व ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अभिषेक चौहान पुत्र बलवीर सिंह निवासी ग्रीन-1 रोहता जनपद आगरा पंजीकृत किया गया था।

# रंगदारी न देने पर बसपा नेता को जान से मारने की धमकी

- जानकार बोले, आरोपी तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पुलिस को भ्रमित करने का कर रहा प्रयास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बसपा के सदर विधानसभा अध्यक्ष प्रदीप कठेरिया को रंगदारी न देने पर जातिसूचक गालियाँ देने और जान से मारने की धमकी दिए जाने का आरोप लगा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोप है कि पांचाल घाट चौकी क्षेत्र के गांव दीनदयाल बाग निवासी विवेक मिश्रा उर्फ दीपक मिश्रा पुत्र कमलेश मिश्रा ने सोता बहादुरपुर निवासी बसपा नेता एवं सदर विधानसभा अध्यक्ष प्रदीप कठेरिया से कथित तौर पर पांच लाख रुपये की रंगदारी की मांग की। जब बसपा नेता ने इस अवैध मांग का विरोध किया, तो आरोपी द्वारा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। बताया गया कि घटना के बाद आरोपी अपने घर पहुंचा और फोन के माध्यम से दोबारा प्रदीप कठेरिया से बातचीत करने लगा। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच फिर से तीखी नोकझोंक और गाली-गलौज हुई। हालांकि स्थानीय लोगों और जानकारों का कहना है कि आरोपी द्वारा तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर प्रशासन और पुलिस को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि दीपक मिश्रा लंबे समय से अवैध वसूली और रंगदारी के धंधे में संलिप्त है। लोगों के अनुसार वह ब्याज पर पैसा देने के बाद जबरन वसूली करता है और दीनदयाल बाग, भगुआनगला व आसपास के क्षेत्रों में जमीन की खरीद-फरोख्त पर अनावश्यक कमीशन मांगता है। दबाव न मानने पर फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी भी दी जाती है। इतना ही नहीं आरोपी का नाम पहले भी आपराधिक मामलों में सामने आ चुका है।

कादरीगेट थाना क्षेत्र के गांव चांदपुर निवासी पूर्व राशन कोटेदार राम नरेश तिवारी हत्याकांड में भी दीपक मिश्रा को पुलिस और एसओजी द्वारा हिरासत में लिए जाने की चर्चा रही है। बताया जाता है कि आरोपी नवयुवकों का एक गिरोह बनाकर अवैध वसूली और रंगदारी की गतिविधियों को अंजाम देता है। सूत्रों के अनुसार बहादुरपुर निवासी पूर्व बसपा जिला उपाध्यक्ष अब्दुल रहमान से भी आरोपी द्वारा पहले रंगदारी और अवैध वसूली की मांग की जा चुकी है।

# बीएलओ द्वारा मतदान केंद्रों पर पढ़कर सुनाई गई आलेख्य मतदाता सूची

फर्रुखाबाद/कमालगंज, समृद्धि न्यूज। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में रविवार को जनपद की चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा आलेख्य मतदाता सूची पढ़कर सुनाई गई। यह कार्य विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत संपन्न कराया गया। आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढ़े जाने के कार्य की समीक्षा हेतु जनपद के उप जिला निर्वाचन अधिकारी, चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों हेतु अधिसूचित 05-05 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा जनपद के कुल 166 सुपरवाइजर के द्वारा भ्रमण कर ग्राम सभाओं/वार्ड समिति की बैठक में बी.एल.ओ.ए ग्राम प्रधान/वार्ड मेम्बर, राशन कोटेदार, पंचायत सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक, विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों/बी.एल.ए. की उपस्थिति में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा आलेख्य निर्वाचक नामावली तथा एएसडीडीआर सूची का सार्वजनिक वाचन कराया गया। बी.एल.ओ. एवं बी.एल.ओ. सुपरवाइजर्स के कार्यों के पर्यवेक्षण हेतु जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर जिला स्तरीय कुल 77 नोडल अधिकारियों की तैनाती की गयी। इसी क्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने


संवाद कमालगंज में मतदाता सूची की जानकारी करते डीएम


मतदाताओं से जानकारी लेते डीएम

संबंधित अधिकारियों एवं बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा मौके पर उपलब्ध व्यवस्थाओं की समीक्षा की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता सूची पढ़े जाने वाले 194 फर्रुखाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्र जनता राष्ट्रीय इण्टर कालेज फतेहगढ़ के बूथ संख्या-151, 152, 153, 154, 155, 156 व 157 व प्राथमिक विद्यालय नवदिया के बूथ संख्या 146 व 147 तथा 195 भोजपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्र संविलियन विद्यालय, कमालगंज के बूथ संख्या 274, 275, 276, 277, 278, 279 व 280, कन्या प्राथमिक पाठशाला कमालगंज के बूथ संख्या-282 व 283 तथा टा.ए. कार्यालय, कमालगंज के बूथ संख्या 273 व 281 का निरीक्षण किया। जिसमें बी.एल.ओ. के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि जिन मतदाताओं नाम आलेख्य निर्वाचक नामावली में दर्ज नहीं है और जो अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है वे फार्म-6 में अपना पता, पिन कोड, मोबाइल नम्बर, जन्म तिथि तथा मानक के अनुरूप रंगीन फोटोग्राफ एवं अनुलग्नक-4 (घोषणा पत्र) में वांछित 12 विकल्पों में आवश्यक अभिलेखीय प्रमाण के साथ जमा कर सकते है तथा वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज अपने माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी की प्रविष्टि घोषणा पत्र में अवश्य भरे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बीएलओ से अब तक प्राप्त दावों एवं आपत्तियों से संबंधित फॉर्मो की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि मतदाताओं को आवश्यक फॉर्म एवं जानकारी सहज रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह पारदर्शी, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है। इसके अंतर्गत ऐसे नागरिक जो किसी कारणवश मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सके है, जिनका नाम एएसडी सूची में आ गया है अथवा जिनकी अब तक मैपिंग नहीं हो सकी है, यदि वे पात्र हैं तो उन्हें सूची में सम्मिलित किया जा रहा है। मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की प्रभावी निगरानी के लिए जिले के वरिष्ठ अधिकारी लगातार मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर रहे हैं।

## ढाई घाट मेले में लगे स्वास्थ्य शिविर कल्पवासियों व श्रद्धालुओं ने ली दवाएं



फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मेला रामनगरिया ढाई घाट पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अभिनंद कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। स्वास्थ्य शिविर के दौरान खांसी, बुखार, दर्द, जुकाम सहित अन्य सामान्य रोगों से पीड़ित मरीजों को उपचार एवं आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग की इस पहल से मेले में आए श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को काफी राहत मिली। स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर ऐसे शिविरों के आयोजन से आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# कोकाश पांचाल ब्राह्मण समिति के फिर बने मुन्नालाल शर्मा अध्यक्ष


स्वागत के दौरान मौजूद पदाधिकारी

**सभी पदाधिकारियों ने ली शपथ, हुआ स्वागत**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। कोकाश पांचाल ब्राह्मण समिति द्वारा विश्वकर्मा मंदिर बढ़पुर में निर्विरोध चुने गये पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। मुन्ना लाल शर्मा लगातार तीसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए। चुनाव संचालन समिति के प्रभारी ओमप्रकाश शर्मा ने अपने सहयोगी राजेन्द्र कुमार शर्मा व सतेन्द्र मोहन शर्मा के सहयोग से सभी पदों पर विधिक रुप से चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न करायी। आवेदन आने के बाद सभी पदों पर आवेदकों को निर्विरोध पदाधिकारी मनोनीत किया गया। बढ़पुर स्थित विश्वकर्मा मंदिर में रविवार को शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। सभी ने शपथ ली। अध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा, उपाध्यक्ष रामपाल शर्मा, महामंत्री राकेश चन्द्र शर्मा, प्रबंधक सर्वेश कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष सत्यदेव शर्मा, उपमंत्री नीरज कुमार शर्मा, संगठन मंत्री शिवम शर्मा, आय व्यय निरीक्षक अनुराग शर्मा मनोनीत किये गये। सदस्य रामप्रकाश शर्मा, विनीत कुमार शर्मा, कृष्ण मुरारी शर्मा, विजय कुमार शर्मा, उमाकांत शर्मा, सुशील कुमार शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा बनाये गये। सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी गई। इस मौके पर शिवम शर्मा, रामऔतार शर्मा, अवधेश शर्मा, चुनाव प्रभारी ओमप्रकाश शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# सविता समाज मनायेगा 26 जनवरी को कर्पूरी ठाकुर की जयंती

**गयालाल श्रीवास्तव ने कर्पूरी ठाकुर की जयंती के उपलक्ष्य में विस्तार से डाला प्रकाश**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सविता समाज द्वारा भारत रत्न जन नायक कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती 26 जनवरी को मनायी जायेगी। प्रदेश अध्यक्ष श्रीराम श्रीवास्तव के कार्यालय पर बैठक का आयोजन हुआ। 26 जनवरी को होने वाली जयंती पर विचार रखे गये। पदाधिकारियों ने कहा सविता समाज के 75 वर्ष से लेकर 100 वर्ष के लोगों को घर-घर जाकर फूल मालाओं व बैच लगाकर सम्मानित कर रही है। रमेश ठाकुर कन्नौज व रामकिशन राजपूत ने विचार रखे। गयालाल श्रीवास्तव ने कर्पूरी ठाकुर की जयंती के उपलक्ष्य में विस्तार से प्रकाश डाला। बिहार प्रदेश में उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए सामाजिक हित में परिवर्तन लाते हुए कई अहम फैसले लिये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन्हें भारत रत्न से गौरवांवित कर चुके है। स्व. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशीधर श्रीवास्तव के बारे में भी विचार व्यक्त किये गये। साथ ही बैठक में कुछ लोगों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर श्रीराम श्रीवास्तव, डा0 प्रेमप्रकाश, राकेश बाबू, अजय बाबू, शिवकुमार, रानी, मनोरमा, मंजू, आशा देवी, सुलेखा, अंशिका, ऐश्वर्या सविता, रामनिवास, रुपलाल, मुन्नाबाबू आदि लोग मौजूद रहे।

# संत गाडगे जयंती पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**अध्यक्ष शैलेन्द्र माथुर व महामंत्री प्रेमपाल सिंह बने**


पदाधिकारियों का स्वागत करते लोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। संत गाडगे उत्थान भवन नेकपुर बंधौआ में संत गाडगे जयंती के उपलक्ष्य में समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जयंती समारोह धूमधाम से मनाने पर चर्चा हुई।

संत गाडगे उत्थान समिति के अध्यक्ष ने पूर्व की कमेटी भंग की। तथा सर्वसम्मति से नई कमेटी में शैलेन्द्र माथुर को समिति का अध्यक्ष, प्रेमपाल सिंह को महामंत्री बनाया गया।

अध्यक्ष व महामंत्री का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। संत गाडगे जयंती पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन कराने का निर्णय लिया गया। सभी ने संत गाडगे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस मौके पर धर्मेन्द्र कनौजिया, जेपी सिंह, संतोष दिवाकर, सोनेलाल दिवाकर, प्रेमपाल सिंह, रामनरेश दिवाकर, रामसनेही दिवाकर, विजय कनौजिया, बृजकिशोर दिवाकर, संदीप दिवाकर, बेंचेलाल दिवाकर, हरेन्द्र सिंह, नरेन्द्र कनौजिया, सतीश चन्द्र, सुरेन्द्र सिंह, शिशुपाल सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

# मेला रामनगरिया में लोकतंत्र सेनानी व गंगा प्रदूषण निवारण गोष्ठी सम्पन्न


दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते डीएम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मेला रामनगरिया के सांस्कृतिक पंडाल में लोकतंत्र सेनानी सम्मलेन/गंगा प्रदूषण निवारण एवं पर्यावरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सुधीर बालियान एवं विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी रहे। अध्यक्षता आपातकाल लोकतंत्र सेनानी समिति के प्रदेश अध्यक्ष ब्रज किशोर मिश्र ने की। गोष्ठी के प्रारंभ में दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों के लिए 2 मिनट का मौन रखकर उनके प्रति श्रद्धाजलि अर्पित की गई। मुख्य अतिथि सुधीर बालियान ने कहा कि लोकतंत्रिक अधिकारों की अहमियत लोकतंत्र सेनानियों से बेहतर कोई नहीं समझ सकता। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों को अनेकों प्रकार की अमानवीय यातनाए देकर आन्दोलन को कमजोर करने का प्रयास किया। किन्तु लोकतंत्र सेनानियों ने तानाशाह को उखाड़ के ही दम लिया।

सत्ता के दमन के आगे न झुकने बाले लोकतंत्र सेनानी आज कि पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। कार्यक्रम संयोजक ब्रज किशोर मिश्र ने कहा कि 25 जून 1975 को आज़ाद भारत एक बार फिर आंतरिक गुलामी की बेड़ियों में जकड़ गया था। उन्होंने कहा तानाशाही सरकार ने न अपील, न वकील, न दलील के सिद्धांत पर आपातकाल का विरोध करने वाले समस्त राजनेताओं, विद्यार्थियों को जेल की काल कोठरियों में डाल दिया, किन्तु 7 तालों के0 भीतर कुम्भकरणी नींद सोयी सरकार कों उखाड़ फेंकने की कसम खा चुके लोकतंत्र रक्षक हटे नहीं, डिगे नहीं, डटे रहे। गंगा में होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि औद्योगिक इकाईयों द्वारा छोड़े जाने वाला औद्योगिक कचरा प्रदूषण के मुख्य कारण है जिन पर रोक लगाना अत्यंत आवश्यक है। डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों ने यह सिद्ध कर दिया कि संविधान केवल कागज नहीं बल्कि जनता कि चेतना है और ऐसे कार्यक्रमों से लोकतान्त्रिक मूल्यों को मजबूती मिलती है। उन्होंने माँ गंगा के जल कि शुद्धता को लेकर कहा कि भारत में अनादिकाल से ही गंगा जीवनदायिनी और दायिनी रही है, माँ गंगा भारतीय संस्कृति, सभ्यता और अस्मिता की प्रतीक रही हैं। विभाग प्रचारक राहुल ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों ने आपातकाल के दौरान जेल कि सलाखों के पीछे भी लोकतंत्र कि लौ को बुझने नहीं दिया। आशीष बाजपेयी ने कहा कि गंगा की अविरल और निर्मल सतत् धारा के बिना भारतीय संस्कृति की कल्पना नहीं की जा सकती, इसलिए माँ गंगा की स्वच्छता सबका सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानी राम सनेही कनौजिया, मधु राठौर, राम लखन मिश्रा, राजेंद्र त्रिपाठी, चंद्रशेखर कटियार, वीरेंद्र कटियार, अरुण कटियार, राम सिंह बाथम, विजय वर्मा, आशा दुबे, दुरुपा बाथम, मकबूल बेग, सतीश शुक्ला, मनोरमा मिश्रा, लाल मोहम्मद, रवि मिश्रा, राहुल मिश्रा, रजनीश बाजपेई आदि लोग उपस्थित रहे। सभी लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित भी किया गया।


सपा जिलाध्यक्ष को जानकारी देते एसडीएम सदर

# बूथों पर सपाइयों ने किया वोटर लिस्ट का अवलोकन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जनपद में जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के आवाहन पर प्रत्येक बूथ पर सपा के नगर अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष पार्टी के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता बीएलए/पीडीए प्रहरी वोटर लिस्ट का अवलोकन करने पहुंचे। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने बीएलओ से मिलकर वोटर लिस्ट का अवलोकन किया और नए मतदाताओं को जोड़ने तथा अन्य एसआईआर संबंधी प्रक्रिया की निगरानी की। इस दौरान जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, शिवशंकर शर्मा आदि ने भी बूथों पर पहुंचकर वहां चल रहे कार्य को देखा और जरूरी चीजों को समझा। इस दौरान एसडीएम सदर रजनीकांत से भी जिलाध्यक्ष ने मतदाता सूची के संदर्भ में बातचीत की।

## सपा महानगर अध्यक्ष ने पुलिस छापेमारी का किया विरोध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा ने सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय को पत्र भेजकर व्यापारियों का पुलिस द्वारा उत्पीड़न न करने की मांग की है। चाइनीज मांझा प्रतिबंधित है। इसे पूर्ण रुप से प्रतिबंध होना चाहिए। क्योंकि मनुष्य की जान की कीमत व्यापारिक मूल्यों से अधिक है। चाइनीज मांझा बंद कराने के लिए सपा उनके साथ है। पुलिस द्वारा छोटे भले पतंगबाज व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। क्योंकि वह रोजी-रोटी चलाने के लिए बसंत पंचमी पर पतंगें बेंचते है। त्यौहार नजदीक है। तिकोना चौकी इंचार्ज अपने पुलिस बल के साथ पतंग वालों के घर व दुकानों पर छापेमारी कर तलाशी कर रहे है। इस तरह की तलाशी से लगता है कि वह कोई कुख्यात अपराधी हो। छापेमारी के दौरान घर में महिलायें है तो सावधानी बरतनी चाहिए। पुलिस बल के साथ छापेमारी के दौरान छो-छो दुकानदारों को परेशान न किया जाये।

## काव्य अनुष्ठान में कवियों को किया गया सम्मानित


स्मृति अग्निहोत्री को सम्मानित करती सौभाग्यवती राजपूत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अखिल भारतीय हेमतीनंदन बहुगुण स्मृति की ओर से कवियों को सम्मानित किया गया। स्व0 चन्द्रप्रकाश अग्रवाल पिक्को बाबू की स्मृति को समर्पित कार्यक्रम में कवियों ने काव्यपाठ कर श्रोताओं को आनंदित किया। स्टेट बैंक रोड स्थित अग्रवाल सभा भवन में मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सौभाग्यवती राजपूत व हेमतीनंदन बहुगुणा स्मृति समिति के अध्यक्ष आदेश तिवारी ने कवियों को शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह देकर, माल्यार्पण कर सम्मानित किया। स्वागताध्यक्ष सूर्यप्रकाश भारद्वाज, उपाध्यक्ष संजीव अग्निहोत्री बिटाना ने भी कवियों को माल्यार्पाण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा0 कृष्णकांत त्रिपाठी अक्षर ने की। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। संयोजक प्रीती तिवारी ने वाणी से कवियों का स्वागत किया। कवि नलिन श्रीवास्तव, दिनेश अवस्थी, स्मृति अग्निहोत्री, उपकार मणि, राजेश हजेला ने काव्यपाठ किया। इस अवसर पर सुभाष अग्रवाल, व्यापारी नेता संजय गर्ग, मुकेश गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, डा0 विनोद तिवारी, सुमन राठौर, मीरा सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# पीएम आवास योजना 2.0 के 200 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित


प्रमाण पत्र के साथ मौजूद लाभार्थी अन्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत 3236 लाभार्थियों को प्रथम किस्त के 200 लाभार्थियों को कलेक्ट्रेट सभागार में स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए। निकायवार लाभार्थी फर्रुखाबाद नगर के 804, कायमगंज के 93, कमालगंज के 96, कम्पिल के 45, खिमसेपुर के 583, मोहम्मदाबाद के 235, नवाबगंज के 571, संकिसा के 381, शमशाबाद के 428 कुल 3236 लाभार्थियों को प्रथम किश्त 323600000 निर्गत किये गये। कार्यक्रम के तहत 200 लाभार्थियों को जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किये गये। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 की शुरूआत 01 सितम्बर 2024 से हुई है। अगले पाँच वर्षो (2029 तक) के लिए शहरी गरीबों और निम्न माध्यम आय वर्ग के परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लिए है। आवास बनाने हेतु 250000.00 रूपयें अनुदान राशि के रूप में लाभार्थी को उपलब्ध करायी जायेगी। जिसमें प्रथम किश्त एक लाख, द्वितीय किश्त एक लाख एवं तृतीय किश्त पचास हजार नियमानुसार दी जायेगी। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के पहले चरण में जनपद के 11514 लाभार्थियों को पक्का आवास मिल चुका है। जनपद के 3236 लाभार्थियों को प्रथम किश्त मु0 323600000 निर्गत किये गये है। जिसका मैसेज लाभार्थी के रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। इसका मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में गरीब और वंचित परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराना है।

इस योजना के अंतर्गत, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रत्येक लाभार्थी को घर बनाने के लिए ढाई लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस अवसर पर विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, विधायक कायमगंज डॉ. सुरभि, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, उपजिलाधिकारी न्यायिक गजेन्द्र सिंह, सीएलटीसी डूडा नितिन सक्सेना मौजूद रहे।

# रेडक्रास सोसायटी द्वारा डीएम ने जरुरतमंदों को बांटे कम्बल


कम्बल वितरित करते डीएम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। इंडियन रेडक्रास सोसायटी के तत्वाधान में बीती रात जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने जरुरतमंदों को कम्बल वितरित किये। फतेहगढ़ रेलवे स्टेशन, फर्रुखाबाद बस स्टैण्ड, डॉ. राममनोहर लोहिया चिकित्सालय आदि स्थानों पर पहुंचकर जरुरतमंदों को कम्बल दिये। साथ ही उन्होंने लोहिया अस्पताल व बस स्टैण्ड पर बने रैन बसेरों का निरीक्षण किया। मौजूद तीमारदारों को भी कम्बल वितरित किये। रेडक्रास सोसायटी के बाइस चेयरमैन शीष मेहरोत्रा, निशांत तिवारी, अजय प्रताप सिंह, अमित सक्सेना, राहुल कश्यप, धीरेन्द्र वर्मा, सुजीत आदि लोग मौजूद रहे।

# आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा मेला श्रीराम नगरिया में निकाली गई शोभायात्रा

**साधु-संतों ने लिया भाग, युवाओं ने दिखाये करतब**


शोभायात्रा में मौजूद आचार्य व करतब दिखाता युवक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मेला श्रीराम नगरिया में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में संचालित वैदिक क्षेत्र चरित्र निर्माण शिविर से धर्म, संस्कृति एवं संस्कारों के प्रचार-प्रसार के पावन उद्देश्य से एक भव्य, अनुशासित एवं श्रद्धामय शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में आर्य समाज के विद्वान आचार्यगण, पदाधिकारी, महिला-पुरुष, युवा एवं बालक-बालिकाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। शोभायात्रा में विशेष रुप से यज्ञ कुंड की दिव्य व्यवस्था की गई थी। यज्ञ कुंड में वेद मंत्रों के विधिपूर्वक उच्चारण के साथ श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से आहुतियां अर्पित की। यज्ञ में आहुतियां देकर श्रद्धालुओं ने ईश्वर से अपने, परिवार, समाज एवं राष्ट्र के लिए मंगलमय, सुखी, स्वस्थ एवं शांतिपूर्ण जीवन की कामना की।

विद्वान आचार्यों ने यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ वैदिक जीवन पद्धति का मूल आधार है, जिससे न केवल आध्यात्मिक शुद्धि होती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, मानसिक शांति, सामाजिक सद्भाव एवं नैतिक उत्थान का मार्ग भी प्रशस्त होता है। शोभायात्रा में स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों, वेदों के संदेशों, सामाजिक सुधार, नारी सम्मान, शिक्षा, नशामुक्ति एवं कुरीतियों के उन्मूलन से संबंधित प्रेरणादायी झांकियां और संदेश पट्ट प्रस्तुत किए गए। वेद मंत्रों का मधुर उच्चारण, भजन-कीर्तन तथा वैदिक घोष के कारण सम्पूर्ण वातावरण धर्ममय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। शोभायात्रा मेला के प्रमुख मार्गो से होकर निकाली गई, यात्रा का नेतृत्व कर रहे आचार्य चंद्रदेव शास्त्री व स्वामी मेधानंद सरस्वती ने रथ पर आरुण होकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। जहां मार्ग में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने यज्ञ कुंड में आहुतियां अर्पित कर पुण्य लाभ अर्जित किया। यात्रा में गुरु विरजानंद गुरुकुल भोलेपुर के ब्रह्मचारियों ने आश्चर्यजनक शारीरिक प्रदर्शन कर सभी का मन मोहा, आगे के गोले से निकलना, माउथ फायर, बिछु चाल जैसे हैरतंगेज करतब दिखा कर ब्रह्मचारियों ने गुरुकुलीय शिक्षा का प्रदर्शन किया। यात्रा में निकट जनपदों के अतिरिक्त दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड व गोवा आदि प्रान्तों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। शिविर के संचालक आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य समाज को वेदों के अनुसार संस्कारित जीवन जीने की प्रेरणा देना, अंधविश्वासों एवं सामाजिक बुराइयों से मुक्त करना तथा राष्ट्र निर्माण में नैतिक मूल्यों की स्थापना करना है। संचालन मुन्ना यादव ने किया। कार्यक्रम में आजाद सिंह, शांतिलाल पटेल, आचार्य वेद प्रिय, करुणेश आर्य, प्रमोद कुमार यादव, हरि सिंह फौजी, राजीव आर्य, मुन्नालाल राठौर, प्रेमपाल आर्य, रमेश आर्य, हरिशंकर उपाध्याय, काशीराम आर्य, सीमा यादव, अमृता आर्या आदि उपस्थित रहे।

# आज व्यापार मण्डल रेलवे रोड को लेकर देगा धरना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। नगर उद्योग व्यापार मंडल एवं जिला महिला व नगर युवा उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट द्वारा 19 जनवरी को चौक पर नगर पालिका के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जायेगा। 18 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम को पूर्व सभासद विद्यानंद आर्य के पोते का हृदयगति रुक जाने से निधन हो गया। जिसके चलते धरना को स्थगित करना पड़ा। सोमवार 19 जनवरी दोपहर 12 महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला के नेतृत्व में रेलवे रोड के मानक के विरोध में धरना प्रदर्शन होगा। सोनी शुक्ला ने बताया कि इस बार धरना समाप्त नहीं किया जायेगा, जब तक रेलवे रोड की सड़क मानक के रुप में गुणवत्ता के साथ 10 मीटर बनाया जाना शुरु न हो जाये, तब तक विरोध जारी रहेगा। कई बार झूठे आश्वासन के बाद अपनी-अपनी लोग राजनीति चमकाते है और तीन साल से रेलवे रोड के व्यापारियों का दर्द कोई नहीं समझता है। व्यापारी हित को देखते हुए आर-पार की लड़ाई लड़ी जायेगी।

## स्मृति दिवस 25 जनवरी को

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। ब्रह्माकुमारी शाखा जयनारायन वर्मा रोड द्वारा 57 वें पुण्य स्मृति दिवस का आयोजन 25 जनवरी को शाखा पर मनाया जायेगा। यह जानकारी बीके सुमन बहन ने दी है।

## खबरें एक नजर में

### बाइक चोरी की दो घटनाएं, अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदी (खीरी)।** कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अलग-अलग स्थानों से दो मोटरसाइकिलें चोरी होने के मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला कस्बा बाजारगंज का है। पीड़ित अमन मेहरोत्रा पुत्र कमल किशोर मेहरोत्रा, निवासी बाजारगंज कस्बा थाना मोहम्मदी ने बताया कि उनकी बजाज सीटी-100 मोटरसाइकिल संख्या UP27AF7462 दिनांक 9 जनवरी 2026 को घर के चबूतरे से अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। पीड़ित ने पहले अपने स्तर से काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने 18 जनवरी 2026 को थाने पहुंचकर लिखित सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात अभियुक्त के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। दूसरा मामला मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा का है। यहां के निवासी अरविन्द कुमार राठौर पुत्र राजेन्द्र कुमार की हीरो एक्सप्रो मोटरसाइकिल संख्या UP31BE3614 दिनांक 11 दिसंबर 2025 को घर से चोरी हो गई थी। पीड़ित द्वारा अगले दिन यूपी कॉप ऐप पर सूचना दी गई थी। बाद में 17 जनवरी 2026 को कोतवाली मोहम्मदी पहुंचकर लिखित तहरीर दी गई, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया तथा विवेचना का जिम्मा उपनिरीक्षक अंकित कुमार को सौंपा गया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और संदिग्धों से पूछताछ में जुटी हुई है।

### सड़क हादसे में बेटी की दर्दनाक मौत, पिता ने दर्ज कराई एफआईआर

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के ग्राम दुर्गापुरवा के निवासी अलीमुद्दीन के लिए 5 जनवरी की सुबह सदमा देने वाली साबित हुई। वह अपनी पुत्री राहिला खातून को विदा कर घर लौट रहे थे, तभी मुड़ाबुजुर्ग तालाब के पास एक तेज रफ्तार बाइक हीरो डिलक्स ने उनकी गाड़ी में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में राहिला सड़क पर गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के तुरंत बाद इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। हादसे के तुरंत बाद अलीमुद्दीन ने अपने दामाद गुलफाम को सूचना दी। गुलफाम ने घायल राहिला को सीएचसी निघासन ले जाया, वहीं अलीमुद्दीन भी अपनी बेटी के साथ अस्पताल पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद राहिला को जिला अस्पताल लखीमपुर भेजा गया और वहां से ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। दुर्भाग्यवश, इलाज के दौरान उसी दिन शाम लगभग 6:30 बजे राहिला खातून की मौत हो गई। प्रार्थी अलीमुद्दीन ने बताया कि बेटी के अंतिम संस्कार और संबंधित क्रियाक्रम में व्यस्त रहने के कारण वह घटना की सूचना तुरंत पुलिस को नहीं दे सके। अलीमुद्दीन ने निघासन थाना में लिखित तहरीर देते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की। एफ आई आर के अनुसार हादसा गंभीर लापरवाही से हुआ और बाइक चालक का नाम-पता अज्ञात है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अंबेडकर प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने से रोकने पर महिला पर हमला, थाना खीरी में मामला दर्ज, जांच शुरू

**लखीमपुर खीरी।** थाना खीरी क्षेत्र के ग्राम निजामपुर निकटी में अंबेडकर प्रतिमा से जुड़ा एक मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव की एक महिला द्वारा सार्वजनिक स्थल पर लगी बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया। जब गांव की एक अन्य महिला ने इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम निजामपुर निकटी निवासी नन्दरानी पत्नी श्री कृष्ण ने थाना खीरी में दी गई तहरीर में बताया कि गांव की ही रहने वाली महिला सुनीता देवी पत्नी दैवता दीन को गांव के लोग कथित रूप से मानसिक रूप से अस्वस्थ बताते हैं। शिकायत के अनुसार, 17 जनवरी 2026 की सुबह लगभग 7 बजे सुनीता देवी गांव के बाहर स्थापित अंबेडकर प्रतिमा को तोड़ने का प्रयास कर रही थी। जब प्रार्थिनी नन्दरानी ने इसका विरोध किया तो आरोप है कि सुनीता देवी ने उन पर हमला कर दिया, जिससे प्रार्थिनी के हाथ में चोट आ गई। घटना के बाद जब प्रार्थिनी शिकायत लेकर विपक्षी के घर पहुंची तो वहां मौजूद रामचन्द्र पुत्र शम्भू, जो कि सुनीता देवी के जेठ बताए जा रहे हैं, ने प्रार्थिनी के साथ गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए झगड़े पर आमादा हो गए। घटना से आहत होकर प्रार्थिनी ने थाना खीरी पहुंचकर लिखित तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक राहुल कुमार को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### बघेला में वितरित किये गये कंबल

**बबेरु/बांदा।** क्षेत्र के बघेला में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे गांव के गरीब असहाय व्यक्तियो को 280 कंबल वितरित किये गये। तहसील क्षेत्र के बघेला गांव में समाजसेवी शिवगोपाल गुप्ता व सोनम गुप्ता द्वारा गांव मे 280 से



अधिक गरीब व असहाय व्यक्तियो को कंबल वितरित कर ठंड से बचने के उपायो के लिये प्रेरित किया। इस दौरान सुनील कुमार राजकुमार अन्य लोग मौजूद रहे रहे।

### बांदा रोटी बैंक टीम ने जरूरतमंदों को किया कंबल व गरम कपड़ा वितरण

**बांदा।** प्रत्येक रविवार की तरह आज भी बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख सादी जमा और बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के सह संरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज जी के संरक्षण में बाँदा रोटी



बैंक सोसाइटी के मीडिया प्रभारी अब्दुल मुजीब की अध्यक्षता में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के शाखा प्रमुख खुटला महेन्द्र पाल के नेतृत्व में, ग्राम प्रधान ग्राम अछरौड विनोद यादव की उपस्थिति में, समाजसेवी मज़हर अली अध्यापक के द्वारा दान किये गए 15 कम्बल और बाँदा शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों के द्वारा दान में दिए गए गरम कपड़े,जूते चप्पल आदि का वितरण ग्राम अछरौड ब्लॉक बड़ोखर तहसील बाँदा जनपद बाँदा के जरूरतमंद ग्रामीणों को किया गया तथा साथ ही ग्रामीणों को सर्पदंश, स्वास्थ्य, स्वच्छता, यातायात तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी की टीम के कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम और महिला उपाध्यक्ष श्रीमती तरन्नुम फ़ातमा के द्वारा जागरूक किया गया,सदस्य शहाना खान ने सभी का आभार व्यक्त किया। उक्त कम्बल,कपड़े आदि पाकर ग्रामवासियों में अपार खुशी दिखाई दी सभी लोगों को दुआओं और आशीर्वाद से नवाजा उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाँदा रोटी बैंक से रिज़वान अली अध्यक्ष,उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम,उप शाखा प्रमुख छिम्हरी अलीमुद्दीन, समाजसेवी ग्राम अछरौड आज़ाद मोहम्मद, रिन्कू आदि पदाधिकारी, सदस्यों एवं समाजसेवियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

### तमंचे के साथ ईनामी बदमाश हुआ अरेस्ट

**बांदा।** गिरोह बनाकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले गैंगेस्टर एक्ट के ईनामी बदमाश को पुलिस ने पकड़ लिया है। अभियुक्त के कब्जे से तमंचा,कारतूस भी बरामद हुए हैं। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में गिरोह बनाकर चोरी,नकबजनी आदि करने वाले गैंगस्टर एक्ट के 25 हजार रुपए के इनामिया वांछित अभियुक्त को थाना अतर्रा पुलिस द्वारा अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। सीओ अतर्रा प्रवीण कुमार ने बताया कि अभियुक्त गैंग बनाकर अपने अन्य साथियों के साथ,चोरी नकबजनी आदि की घटनाओं को अंजाम देता था। जिसके सम्बन्ध में थाना बदौसा में गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया था। मुकदमा दर्ज हिने के बाद से अभियुक्त बारेलाल उर्फ विजय पुत्र रामदीन निवासी कल्हरा थाना नरैनी वांछित चल रहा था।लगातार फरार रहने के चलते पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने अभियुक्त पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। अतर्रा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी बारेलाल को नरैनी मार्ग से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने अभियुक्त को जेल भेज दिया है। सीओ अतर्रा प्रवीण कुमार ने बताया कि अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है। चोरी,नकाबजनी सहित अभियुक्त के विरुद्ध दर्जनों मुकदमे दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अतर्रा ऋषिदेव सिंह, आरक्षी आदर्श तिवारी, जंगबहादुर शामिल रहे।

### अवैध मिट्टी खनन में पांच टैक्टर सहित जेसीबी सीज

**बबेरु/बांदा।** क्षेत्र मे अवैध मिट्टी खनन किये जाने की सूचना पर उपजिलाधिकारी ने छापा मार कर पांच टैक्टर सहित जेसीबी मशीन को जप्त किया और कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिया। क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान आए दिन अवैध रूप से मिट्टी खनन की सूचना प्राप्त रही थी।उप जिलाधिकारी अविनाश त्यागी बबेरू व हेमराज सिंह बोनाल तहसीलदार बबेरू द्वारा अवैध खनन पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक जेसीबी मशीन व तीन ट्रेक्टर को ग्राम पतवन से व 2 ट्रेक्टर ग्राम हरदौली से अवैध रूप से मिट्टी का खनन/परिवहन करते हुए पाये जाने पर कार्यवाही करते हुए पुलिस अभिरक्षा में दिया गया तथा विधिक कार्यवाही हेतु खनिज अधिकारी, एआरटीओ व वाणिज्य कर अधिकारियों को अवगत कराया गया।

# 38 गौवंश, चार ट्रैक्टर-ट्रॉली व एक अल्टो कार सहित 12 पशु तस्कर गिरफ्तार

**ईसानगर, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



थाना ईसानगर पुलिस ने पशु तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 12 पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 38 गौवंश, चार ट्रैक्टर-ट्राली तथा एक आल्टो कार बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई 17/18 जनवरी रात्रि को थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम इमलिया चौराहा से आगे सिसैया मार्ग पर की गई। थानाध्यक्ष ईसानगर निर्मल तिवारी के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को पशु तस्करी की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और पशुओं को अवैध रूप से ले जाते हुए 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में रामबक्श पुत्र प्रेमी, अवधेश कुमार पुत्र त्रिभुवन लाल, हरिवंश लाल पुत्र पुत्तीलाल, सदानंद पुत्र रामखेलावन, आशीष पुत्र दिनेश कुमार, अपनेश कुमार पुत्र त्रिभुवन लाल, हरेराम पुत्र शंकर, कमल किशोर पुत्र लल्ला, पंकज पुत्र रामखेलावन निवासी बेहड़ा ग्राम कोड़ेहरा, थाना लहरपुर, जिला सीतापुर शामिल हैं। इसके अलावा प्रदीप पुत्र अर्जुन लाल निवासी ओझियापुर तथा हिमांशु राजवंशी पुत्र शिव कुमार और धनंजय पुत्र रामखेलावन निवासी तकिया सुल्तानपुर, थाना हरगांव, जिला सीतापुर को भी गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 38 गौवंश, चार ट्रैक्टर-ट्राली एवं एक आल्टो कार बरामद की गई है। इतनी बड़ी संख्या में गौवंश बरामद होने के बाद क्षेत्र में कई सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पशु तस्करी का यह मामला काफी समय से चल रहा था। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि गौशालाओं से पशुओं को भेजे जाने की चर्चा लंबे समय से थी, जिसके बदले संबंधित लोगों को मोटी रकम दी जाती थी। हालांकि इस संबंध में पुलिस स्तर पर अभी जांच की जा रही है। लोगों की मांग है कि केवल पकड़े गए आरोपियों पर ही नहीं, बल्कि पशु तस्करी से जुड़े पूरे नेटवर्क और पशुओं के स्रोत की भी गहन जांच हो, ताकि सभी दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। थानाध्यक्ष ईसानगर निर्मल तिवारी ने बताया कि पकड़े गए सभी आरोपियों के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम एवं पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है। बरामद गौवंशों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# बाबा के भेष में ठगी का प्रयास, दो संदिग्ध पकड़े गए

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



शहर के हीरालाल धर्मशाला चौराहे के पास शनिवार की देर रात बाबा के भेष में घूम रहे दो संदिग्धों को स्थानीय लोगों ने संदेह के आधार पर पकड़ लिया। आरोप है कि दोनों झाड़-फूंक करने का झांसा देकर लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने पीड़ित आकाश गुप्ता निवासी राजगढ़ को अपने जाल में फंसाने की कोशिश की और झाड़-फूंक के नाम पर सोने की दो अंगूठियां ले लीं।

शक होने पर मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों को रोक लिया। इसी दौरान आक्रोशित भीड़ ने दोनों तथाकथित बाबाओं की हल्की कुटाई भी कर दी। बाद में समझाइश के बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर कोतवाली सदर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों संदिग्धों को थाने ले गई। इस संबंध में कोतवाली सदर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि झाड़-फूंक के नाम पर ली गई दोनों सोने की अंगूठियां बरामद कर ली गई हैं और उन्हें पीड़ितों को वापस करा दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक के अनुसार दोनों संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों स्थानीय निवासी नहीं है। फिलहाल दोनों पुलिस कस्टडी में हैं और पूरे मामले की जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि यह मामला संकटा देवी चौकी क्षेत्र से संबंधित है। इंस्पेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि अभी तक इस संबंध में कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने और जांच पूरी होने के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## दूसरा नोटिस मिलने के बाद लामबंद हुये व्यापारी, पांचवें दिन भी जारी रहा अनशन



**बबेरू/बांदा।** मुख्य चौराहे के चौड़ीकरण और सुंदरीकरण को लेकर लोक निर्माण विभाग व राजस्व विभाग से दूसरी नोटिस जारी होते ही व्यापारियों में हड़कंप मचा गया। व्यापारियों ने अपना आशियाना बचाने के लिए व्यापार संघ चौराहा बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले व्यापारियों ने पांचवे दिन भी क्रमिक अनशन जारी रहा। सांसद कृष्णा पटेल ने व्यापारियों के धरना स्थल पहुंच कर और कहां कि व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम उनके साथ हर समय खडे है। व्यापार संघ चौराहा बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले आज पांचवें ने दिन राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष के के महंत ने क्रमिक अनशन कारियो का माला पहना कर व्यापारियों में जोश भरा। और कहा कि मुख्य चौराहे को ही केंद्र बिंदु माना जाए और व्यापारियों के साथ गलत नहीं होने देंगे। दूसरी नोटिस जारी होते ही आंदोलन को तेज करने का ऐलान किया। और प्रशासन हमारी मांगों को नहीं माना तो व्यापारी भूख हड़ताल भी करेंगे। समाजवादी पार्टी की सांसद कृष्णा सिंह पटेल ने व्यापारियों की लड़ाई में जन समर्थन देते हुए कहा कि यदि व्यापारियों के आशियानों को उजाड़ा न जाएं। इस दौरान अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश पूर्व मन्त्री शिव शंकर पटेल , के के महंत रमाशंकर यादव सहित सौकडो व्यापारी मौजूद रहे।

## कोहरे का कहर: टेंपो-पिकअप की टक्कर में 4 घायल, ड्राइवर के दोनों पैर टूटे

**बाँकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में घने कोहरे के कारण सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बांकेगंज में रविवार सुबह गोला बांकेगंज मार्ग पर निपनिया मोड़ के पास एक टेंपो और पिकअप के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में टेंपो चालक समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसा रविवार सुबह करीब 10:00 बजे हुआ। उस समय इलाके में घना कोहरा छाया हुआ था। टेंपो बांकेगंज की ओर से जा रहा था, जबकि पिकअप गोला की दिशा से आ रही थी। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में हादसे का कारण घने कोहरे के बीच ओवरटेकिंग करना सामने आया है। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो के



अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। हादसे में टेंपो चालक रामू 45 वर्ष निवासी बेचापुर के दोनों पैर टूट गए हैं। वहीं टेंपो में सवार विनोद निवासी सुभानपुर इनके सिर में गंभीर चोटें आई हैं।

जगदीश निवासी झाउपुर अजय निवासी मैकुपुर इनके भी पैर और कमर में चोटें आई हैं। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को गोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही बांकेगंज पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर चौकी में खड़ा करवा दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निपनिया मोड़ पर अक्सर हादसे होते हैं।

## बार एसोसिएशन पलिया अध्यक्ष अधिवक्ता समेत अन्य पर मुकदमा दर्ज

▸ **पलिया तहसील में सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



लखीमपुर खीरी के पलिया तहसील परिसर में शासकीय कार्य में बाधा, गाली-गलौज और मारपीट के आरोपों को लेकर लेखपाल की तहरीर पर बार एसोसिएशन पलिया के अध्यक्ष अधिवक्ता प्रदीप कुमार मेनरो समेत अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। यह मामला 14 जनवरी 2026 का है, जब मकर संक्रांति के अवसर पर कम्बल वितरण की तैयारियों के दौरान तहसील मुख्यालय में विवाद उत्पन्न हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लेखपाल रजनीश कुमार सिंह ने थाना पलिया में दी गई तहरीर में बताया कि वह तहसील मुख्यालय में सरकारी कार्य से उपस्थित थे और अगले दिन कम्बल वितरण के लिए सामग्री ऑटो रिक्शा में रखवा रहे थे। इसी दौरान अधिवक्ता प्रदीप मेनरो वहां पहुंचे और ऑटो चालक से अभद्रता करते हुए गाली-गलौज व मारपीट पर आमादा हो गए। तहरीर में यह भी आरोप है कि अधिवक्ता ने कम्बल चोरी का आरोप लगाते हुए तहसील प्रशासन के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की। लेखपाल ने तहरीर में यह भी उल्लेख किया है कि पूर्व में उनसे अवैध कार्य कराने का दबाव बनाया जा रहा था, जिसे अस्वीकार करने पर यह रंजिशपूर्ण घटनाक्रम किया गया। दूसरी ओर, अधिवक्ता प्रदीप मेनरो ने आरोपों को निराधार और षड्यंत्रपूर्ण बताते हुए कहा है कि उन्होंने तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार और अवैध वसूली का लगातार विरोध किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि तहसील स्तर पर एसडीएम द्वारा धारा 80 के मामलों में प्रति बीघा 20 हजार रुपये तक रिश्वत लेकर आदेश पारित किए जा रहे हैं, जबकि रिश्वत न देने पर फाइलें निरस्त कर दी जाती हैं। अधिवक्ता ने यह भी दावा किया कि उनके अपने एक मामले में रिश्वत न देने के कारण फाइल खारिज की गई और इसी रंजिश में उनके खिलाफ पेशबंदी और आपराधिक मुकदमा दर्ज कराया गया। साथ ही उन्होंने सवाल उठाया कि बिना चिकित्सकीय परीक्षण के उनके ऊपर शराब के नशे में होने का आरोप कैसे लगाया गया, जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। अधिवक्ता ने बताया कि वह जल्द ही कथित भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराएंगे।

## दो दिवसीय दिवारी मेले का हुआ आयोजन



**बबेरू/बांदा।** विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी बबेरू क्षेत्र के निलाथू गांव मे नागू बाबा सेवा समिति की ओर से आयोजित विराट दो दिवसीय दिवारी मेले का आयोजन किया गया, जिसमें दिवारी मेले में दूर दराज से आयी दिवारी नृत्य कलाकार टीमें अपना प्रदर्शन दिखाया।

जहां दिवारी नृत्य कलाकार टीम गौशाला भुजौली व ओरन का अच्छा प्रदर्शन रहा जिनके प्रदर्शन ने दर्शको का मन मोहने का कार्य किया, वहीं बडोखर की नन्ही नन्ही बालिकाओं ने भी दिवारी नृत्य कर प्रदर्शन दिखाया जिसमें बडोखर की लडकियों नें बुंदेलखंड के साथ निलाथू के दिवारी नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया । जहां इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में अनिल प्रधान सदर विधायक कर्वी चित्रकूट व जिला पंचायत सदस्य अरूण सिंह पटेल, पीसी पटेल जनसेवक, एएस नोमानी, अमर पटेल समाजसेवी भदेहदू, दीपेन्द्र पटेल, अशोक पटेल अहार, अनिल पटेल कैरी, अनुज मुस्तरी पल्हरी, लवकुश पटेल बडागांव के साथ कमेटी अध्यक्ष अनिल पटेल, कोषाध्यक्ष शिवविलास पटेल, रामनारायण यादव, मतोला सिंह परिहारमहेन्द्र पटेल, शिवबरन, दिलीप सुमित भोजराज, अवधेश आदि कमेटी सदस्य व कार्यकर्ता व दर्शक उपस्थित रहे।

## अभियान चलाकर पांच माल वाहनों को थानों में किया गया निरुद्ध



**बांदा।** सड़क दुर्घनाओं में कमी लाये जाने के उद्देश्य से मुख्य सचिव के द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत आज राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अठारहवें दिवस वीरेन्द्रनाथ राजभर, यात्री/मालकर अधिकारी द्वारा ओवरलोड संचालित माल वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर 5 ट्रकों को ओवरलोड के अभियोग में जनपद के विभिन्न थानों में निरूद्ध किया गया। उक्त के अतिरिक्त 24 बिना हेलमेट, 22 नो पार्किंग सहित अन्य अभियोगों में कुल 53 चालान किये गये तथा वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

## जसपुरा में निर्वाचन नामावली का औचक निरीक्षण

▸ **बीएलओ की लापरवाही पर डीएम-कमिश्नर सख्त**

**जसपुरा (बांदा)।** तिंदवारी विधानसभा क्षेत्र के जसपुरा ब्लॉक अंतर्गत कस्बा जसपुरा में रविवार को निर्वाचन नामावली के विशेष पुनरीक्षण कार्य के तहत लगाए गए बूथों का जिला प्रशासन ने औचक निरीक्षण किया। जिला अधिकारी जे. रीभा बांदा सबसे पहले श्री मधुसूदनदास आदर्श इंटर कॉलेज जसपुरा पहुंचीं, जहां कुल छह बूथ लगाए गए थे।इंटर कॉलेज में बूथ संख्या 82, 83, 84, 85, 86 और 87 संचालित थे। इनमें बूथ संख्या 83 पर बीएलओ निर्मला, 84 पर मुलुवा प्रजापति, 85 पर शीला देवी, 86 पर राकेश तिवारी और 87 पर शहनाज परवीन तैनात थीं। निरीक्षण के दौरान छह में से चार बीएलओ धर्मेंद्र, मुलुवा प्रजापति, शीला देवी और शहनाज परवीन उपस्थित मिले, जबकि दो अनुपस्थित पाए गए। वहीं बूथ संख्या 88 प्राथमिक विद्यालय महिला डेरा (जसपुरा) पर बीएलओ महेंद्र सिंह तथा बूथ संख्या



89 प्राथमिक विद्यालय तरौड़ा (जसपुरा) में बीएलओ पुनंजय उपस्थित मिले। डीएम के निरीक्षण के बाद चित्रकूटधाम मंडल के आयुक्त अजीत कुमार भी जसपुरा पहुंचे और श्री मधुसूदनदास आदर्श इंटर कॉलेज में बीएलओ की दोबारा जांच की। इस दौरान पांच बीएलओ उपस्थित पाए गए, जबकि बीएलओ राकेश तिवारी के विलंब से पहुंचने पर आयुक्त ने कड़ी फटकार लगाई। आयुक्त ने सभी बीएलओ से फार्म 6, 7 और 8 की स्थिति की जानकारी ली। बीएलओ द्वारा एक दिन में 5- 6 फार्म भरने की बात कहने पर आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए निर्देश दिया कि प्रतिदिन कम से कम 50 फार्म भरे जाएं। जांच में यह भी सामने आया कि अधिकांश बीएलओ के पास फार्म संख्या 6 केवल 10-10 ही थे। इस पर बीएलओ ने बताया कि उन्हें इतने ही फार्म उपलब्ध कराए गए हैं। एक बीएलओ द्वारा गलत जानकारी देने पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। डीएम ने बीएलओ को निर्देशित किया कि घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करें, कोई भी नाम छूटने न पाए। जिन मतदाताओं की फोटो स्पष्ट नहीं है, उन्हें चिन्हित कर तत्काल फोटो बदलाई जाए। पूरी मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि बूथों पर मतदाताओं की संख्या बेहद कम रही। डीएम ने मुनादी न कराए जाने पर नाराजगी जताई और बीएलओ को चेतावनी दी। साथ ही ग्रामीणों से भी अपील की गई कि वे निर्वाचन नामावली के कार्य में सहयोग करें। इस मौके पर तहसीलदार राधेश्याम सिंह पैलानी, लेखपाल अभय यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। वही बूथ पर राकेश सिन्हे चौहान भाजपा, तोप सिंह पूर्व प्रधान जसपुरा, भास्कर साहू, भूरेलाल सिंह, भूरापाण्डे आदि ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

# चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अंतरजनपदीय गिरोह के आठ सदस्य गिरफ्तार

▸ **अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का माल हुआ बरामद**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज के मार्गदर्शन एवं सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मेले/कथा/प्रवचन/कलश यात्रा आदि में टप्पेबाजी/चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अन्तरजनपदीय गिरोह के 08 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि 15 जनवरी 26 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में कलश यात्रा के दौरान रामलीला मैदान और रायफल क्लब मैदान अलीगंज से अज्ञात चोर गिरोह द्वारा महिलाओं के गले से मंगलसूत्र व जंजीर की चोरी/टप्पेबाजी की गई थी। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु कई टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि अतर्रा रोड बाइपास के पास एक सफेद रंग के चारपहिया



वाहन में कुछ संदिग्ध पुरुष व महिलाएं है। सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबन्दी कर आवश्यक बल का प्रयोग करते हुए 2 पुरुष व 6 महिलाओं को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई तो उनके कब्जे से पीली धातु के 7 मंगलसूत्र व पीली धातु की 01 जंजीर आदि बरामद हुई। बरामद मंगलसूत्र, जंजीर व चारपहिया गाड़ी के बारे में कड़ाई से पूछताछ की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि सभी लोग आपस में एक दूसरे के रिश्तेदार है तथा जहां कहीं भी मेला, कथा, प्रवचन, कलश यात्रा आदि का आयोजन होता है सभी लोग इसी चारपहिया गाड़ी से जाते है और दो ग्रुप बनाकर भीड़ में शामिल होकर महिलाओं के आभूषणों आदि की चोरी की घटना को अंजाम देते है। बरामद पीली धातु के मंगलसूत्र व जंजीर कलश यात्रा के दौरान चोरी की गई थी। उसके बाद सभी लोग गिरोह मवई चौराहा स्थित कथा पण्डाल में जाकर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले थे। इसी दौरान सभी को पकड़ लिया गया। इस सम्बन्ध में विस्तृत जांच की जा रही है कि इनके द्वारा और कहां-कहां और किन-किन जनपदों में टप्पेबाजी/चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में विनोद कुमार पुत्र जिउतराम निवासी परसही थाना कोतवाली नगर जनपद गाजीपुर, अजय कुमार पुत्र फूलचन्द्र निवासी हिरामनपुर थाना सिंधोरा जनपद वाराणसी, सोनी पत्नी विनोद निवासी हिरामनपुर थाना सिंधोरा जनपद वाराणसी, मीना पत्नी रामआसरे निवासी हिरामनपुर थाना सिंधोरा जनपद वाराणसी, आशा पत्नी अनिल निवासी त्रिलोचन महादेव थाना जलालपुर जनपद जौनपुर, कमली पत्नी नखरु हिरामनपुर थाना सिंधोरा जनपद वाराणसी, गीता पत्नी राजकुमार निवासी हिरामनपुर थाना सिंधोरा जनपद वाराणसी व रूपा पत्नी शिन्टू निवासी हिरामनपुर थाना सिंधोरा जनपद वाराणसी शामिल हैं।